रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11, संवत 2081 | रांची, रविवार, 02 जून 2024, वर्ष-25, अंक-120, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

सेंसेक्स
73,961.31 +75.71

डॉलर
83.438 +0.122

रांची सर्राफा
10 ग्राम 68,300
01 किलो 99,990



पेज 09

अमेरिका ने भारत के साथ रक्षा संबंधों को ...




**चरणों में प्रणाम**

45 घंटे के ध्यान के बाद स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा को नमन करते पीएम मोदी। विस्तृत खबर पेज 9 पर

# एग्जिट पोल : एनडीए को प्रचंड बहुमत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सातवें चरण का मतदान शनिवार को समाप्त हो गया। उसके बाद शाम करीब साढ़े छह बजे से एग्जिट पोल जारी होने शुरू हो गए। लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। नतीजों से पहले शनिवार शाम को अलग-अलग मीडिया चैनलों और सर्वे एजेंसियों की तरफ से एग्जिट पोल जारी किए। देश में किस पार्टी की सरकार बन सकती है? किस पार्टी को कितनी सीटें मिल सकती हैं? इसके लिए किस पोल में क्या अनुमान लगाए गए हैं। इसका सर्वे आधारित अनुमान प्रस्तुत किया गया। जिसमें आठ एग्जिट पोल में एनडीए को प्रचंड बहुमत के साथ सत्त में वापसी करते दिखाया गया है। वहीं इंडी गठबंधन 150 के आसपास सिमटती दिख रही है।

**अवसरवादी विपक्षी गठबंधन को जनता ने नकारा :** पीएम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उम्मीद जताई कि लोगों ने एक बार फिर एनडीए सरकार को चुनने के लिए रिकॉर्ड मतों से मतदान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अवसरवादी विपक्षी गठबंधन मतदाताओं के साथ तालमेल बिठाने में विफल रहा, ये जातिवादी, सांप्रदायिक और भ्रष्ट हैं। मुट्ठी भर परिवारों की रक्षा करने के उद्देश्य से बनाया गया विपक्षी गठबंधन राष्ट्र के लिए भविष्य की दृष्टि प्रस्तुत करने में विफल रहा।



**लोकसभा चुनाव / एग्जिट पोल-2024 / सीटें: 543 / बहुमत: 272**

| एजेंसी | भाजपा+ | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| रिपब्लिक मैट्रिज | 353-368 | 118-135 | 118-135 |
| इंडिया न्यूज डी-डायनमिक्स | 371 | 125 | 47 |
| रिपब्लिक पीमारक्यू | 359 | 154 | 30 |
| जन की बात | 362-392 | 141-161 | 10-20 |
| न्यूज नेशन | 342-378 | 153-169 | 21-23 |
| इंडिया टीवी-सीएनएक्स | 371-401 | 109-139 | 10-20 |
| टाइम्स नाऊ | 358 | 132 | 53 |
| एबीपी सी-वोटर | 353-383 | 152-182 | 04-12 |

# दुमका, राजमहल व गोड्डा में 68.32 प्रतिशत मतदान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पूरे देश के साथ झारखंड में शनिवार को 17वीं लोकसभा के अंतिम चरण का चुनाव संपन्न हो गया। इस चरण में झारखंड में अन्य चरणों के मुकाबले सबसे ज्यादा 68.32 प्रतिशत मत पड़े। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि कुछ जगहों पर मतदान देर शाम तक जारी था, इससे अंतिम आंकड़े में थोड़ा परिवर्तन हो सका है। राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 67. 48 मतदान हुआ है। दुमका में सबसे ज्यादा 70. 58 प्रतिशत और गोड्डा में 67.24 प्रतिशत वोट पड़े।

झारखंड के 14 लोकसभा सीटें पर चौथे, पांचवें, छठे और सातवें फेज में मतदान हुआ। चौथे फेज में 13 मई को खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम में हुए चुनाव में 66.01 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। पांचवें फेज में 20 मई को चतरा, कोडरमा और हजारीबाग सीट पर हुए मतदान में यह आंकड़ा 63.21 फीसदी रहा। छठे फेज में 25 मई को धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर और रांची में कराए गए मतदान में 65.39 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले। इस तरह हर फेज में मतदान में तीन से पांच फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गई।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि तीनों संसदीय क्षेत्र में मतदान पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा। आदर्श आचार संहिता के तीन मामले दर्ज किये गये हैं। उन्होंने बताया कि दुमका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के जामताड़ा में चुनाव कार्य में लगे एक नारायण दास नामक ड्राइवर की हादसे में मौत हो गयी। वह पश्चिम बंगाल के आसनसोल का निवासी था। उसके परिजनों को नियमानुसार अनुग्रह अनुदान दिया जायेगा। शेष पेज 11 पर




## समाप्त हुआ लोस चुनाव का महापर्व, 4 को आएंगे नतीजे

- 8 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश से 57 सीटों पर 904 उम्मीदवार थे मैदान में
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में वोटरों में दिखा उत्साह

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के मतदान का महापर्व शनिवार 1 जून को संपन्न हो गया। सातवें व आखिरी चरण के लिए 57 सीटों पर शनिवार को मतदान हुआ। इससे पहले लोकसभा की 486 सीटों के लिए 6 चरणों में मतदान हो चुका है। अब लोकसभा की सभी 543 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद 4 जून को वोटों की गिनती की जाएगी।

इस आखिरी दौर में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उम्मीदवार थे। उनके अलावा, कई केंद्रीय मंत्री व विपक्ष के बड़े नेता भी चुनावी मैदान में थे। लोकसभा की 57 सीटों के अलावा ओडिशा विधानसभा की शेष 42 सीटों के लिए भी शनिवार को ही मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण 19 अप्रैल को प्रारंभ हुआ था। पहले चरण में 102 सीटों पर वोटिंग हुई। इसके बाद 26 अप्रैल को मतदान हुआ। तीसरे चरण में 7 मई को वोट डाले गए। चौथा चरण 13 मई को था। 20 मई को पांचवें चरण में मतदान हुआ। 26 मई को छठे चरण में वोट डाले गए और सातवां एवं आखिरी चरण शनिवार 1 जून को रहा। इस दौरान 57 सीटों पर मतदान हुआ। सातवें चरण की 57 सीटों पर मतदान के लिए विभिन्न राज्यों में कुल मिलाकर 1.09 लाख मतदान केंद्रों पर वोटिंग हुई। शेष पेज 11 पर

# नीलांचल एक्स. पर बिजली का तार गिरा, दो यात्री गंभीर

**एक युवक की मौत का किया जा रहा दावा**

नवीन मेल संवाददाता

**सिल्ली।** मुरी-चांडिल रेलखंड पर तिरुलडीह के पास नीलांचल एक्सप्रेस के ऊपर बिजली का तार टूटकर गिर गया। हादसे में दो रेल यात्रियों को गंभीर चोटें लगी हैं। घटना शनिवार की सुबह साढ़े सात बजे की है। घायलों में यूपी के रायबरेली जिला के होलोर निवासी राहुल कुमार पटेल (30 वर्ष) और रायबरेली के सरौरा निवासी रामशंकर (38 वर्ष) शामिल हैं। दोनों एस फोर बोगी में रायबरेली से जमशेदपुर जा रहे थे। घायलों को रेलवे के एसीएमओ डॉ जे कच्छप की देखरेख में झालदा में प्राथमिक उपचार के बाद मुरी के सिंगपुर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। रामशंकर के भाई खुर्द निवासी कपिलदेव करौंदी ने बताया कि सुबह के समय दोनों गेट के पास ही खड़े थे, उसी दौरान तेज आवाज के साथ ही एक लोहे का रॉड जैसी चीज ट्रेन के ऊपर से गिरी थी। इसी से दोनों घायल हो गए। एसीएमओ डॉ जे कच्छप ने बताया कि घायल की हालत काफी नाजुक थी, दोनों घायलों को झालदा में प्राथमिक उपचार कराने के बाद सिंगपुर नर्सिंगहोम में भर्ती कराया गया। वहीं सुइसा आरपीएफ के अधिकारी भी अस्पताल पहुंच गए हैं। सिंगपुर अस्पताल के डॉ रमनेश प्रसाद ने बताया कि राहुल की हालत काफी गंभीर है शेष पेज 11 पर



पटरी पर झूलता बिजली का तार

**बिजली तार गिरने से ट्रेन परिचालन बाधित :** चांडिल मुरी के बीच सुइसा रेलवे स्टेशन के पास हुए ट्रेन हादसे के कारण इस रूट से गुजरने वाली बरकाकाना टाटा पैसेंजर और टाटा हटिया मेमू पैसेंजर ट्रेन का मार्ग बदल दिया गया है। एक जून को खुलने वाली ट्रेन संख्या 08152 बरकाकाना टाटा पैसेंजर ट्रेन मुरी कोटशिला पुरुलिया चांडिल होते हुए टाटा जाएगी।

## एक नजर

### झारखंड में बड़ी जीत की तरफ बढ़ रहा एनडीए

**रांची।** लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान 1 जून को संपन्न होने के साथ झारखंड को लेकर आए कई एग्जिट पोल के नतीजों में एनडीए का दबदबा बरकरार है। कुल चार एजेंसिय-चैनल ने झारखंड की 14 सीटों को लेकर एग्जिट पोल के नतीजों का ऐलान किया है। टाइम्स नाउ के एग्जिट पोल की मानें तो राज्य की 14 में से 13 सीटें एनडीए के खाते में जाती दिख रही है। पी-एमएआरक्यू के पोल के अनुसार भी झारखंड में एनडीए को 14 में से 13 सीटों पर जीत मिल रही है। इंडिया न्यूज-डी डायनामिक्स के एग्जिट पोल के मुताबिक राज्य में एनडीए को 12 और इंडी गठबंधन को 2 सीटें मिल सकती हैं। इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया के एग्जिट पोल के नतीजे बता रहे हैं कि इस बार एनडीए को आठ से दस सीटें मिलेंगी जबकि कांग्रेस को 2 से 3 और और झारखंड मुक्ति मोर्चा को भी 2 से 3 सीटें मिलने का अनुमान है।

## आज कल




# टीएसपीसी के नाम पर लेवी लेने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के नाम पर संवेदकों, बीडी पत्ता कारोबारी और जनप्रतिनिधियों से लेवी वसूलने के मामले में पुलिस ने छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पांच कट्टा, पांच गोली, छह खोखा, चार मोबाइल सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। एसपी दीपक पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में गढ़वा निवासी आनन्द सिंह, राहुल कुमार, संतोष चौधरी, नन्हकू चौधरी, नन्दू विश्वकर्मा और जितेन्द्र चौधरी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि रमकण्डा थाना क्षेत्र के टोंकी स्थित ठोंगापानी के जंगल क्षेत्र में चार-पांच हथियार बंद लोग देखे गये हैं, जो अपने आप को टीएसपीसी उग्रवादी संगठन का सदस्य बताते हुए क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के संवेदक, बिड़ी पत्ता व्यवसायी एवं जनप्रतिनिधियों शेष पेज 11 पर

# इंडी गठबंधन को मिलेगी 295 से अधिक सीट : खरगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देशभर में लोकसभा की 543 सीटों के लिए मतदान प्रक्रिया शनिवार शाम समाप्त हो गई। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इंडी गठबंधन के सहयोगियों की मौजूदगी में दावा किया कि उनके गठबंधन को लोकसभा चुनाव में 295 से अधिक सीटें मिलने जा रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन से जुड़े विभिन्न दल एग्जिट पोल पर होने वाली चर्चाओं में हिस्सा लेंगे। शुक्रवार को कांग्रेस ने एग्जिट पोल पर होने वाली चर्चा में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया था। शनिवार को खरगे के आवास पर करीब ढाई घंटे तक गठबंधन की बैठक चली। खरग ने कहा कि बीजेपी एग्जिट पोल पर चर्चा करेगी। शेष पेज 11 पर



> कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया, कांग्रेस और इंडी गठबंधन से जुड़े दल एग्जिट पोल पर चर्चा में हिस्सा लेंगे, पहले कांग्रेस ने इससे किया था इंकार

## इंडिया



सुनील बादल

# सरकार जो बने, देशहित में आर्थिक सुधार जारी रहे

जनता जनार्दन ने मुफ्त बिजली पानी,स्थानीय प्याज और दाल की कीमतों के आधार पर वोट दिया है या मजबूत आर्थिक आधार वाले देश की दिशा को सही माना है यह दो दिनों में स्पष्ट हो जाएगा पर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों और विभिन्न बाजार विश्लेषणों में कहा जा रहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था के तेजी से आगे बढ़ने के जो शुभ संकेत उभरकर दिखाई दे रहे हैं, उन्हें चार जून के बाद नई स्थिर सरकार से आर्थिक पंख लग जाएंगे। ऐसे मजबूत आर्थिक परिदृश्य की संभावनाओं के तीन महत्वपूर्ण कारण गिनाए जा रहे हैं। एक भारत के वित्तीय और गैर वित्तीय क्षेत्रों के दमदार बही-खाते। दो रिजर्व बैंक के द्वारा भारत सरकार को दिया गया रिकॉर्ड लाभांश और तीन शेयर बाजार की रिकॉर्ड ऊंचाई।अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि वर्ष 2024-25 में भारत की विकास दर 6.8 प्रतिशत रहेगी। विश्व बैंक ने 6.6 प्रतिशत विकास दर रहने का अनुमान व्यक्त किया है। एशियाई विकास आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, विकास दर 7 प्रतिशत रह सकती है। देश के प्रमुख अर्थ विशेषज्ञों का मत है कि जहां पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में विकास दर सात प्रतिशत से अधिक है, वहीं यह आगामी दशक तक 6.5 से सात प्रतिशत के स्तर पर दिखाई देगी। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, भारत में वर्ष 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये हो गया है। 2023-24 में जीएसटी उच्चतम स्तर पर रहा है। इसका आकार 20.18 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.7 फीसदी अधिक है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 22 मई को वित्त वर्ष 2023-24 में भारत सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये लाभांश देने की मंजूरी दी है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में सरकार ने रिजर्व बैंक और सरकारी बैंकों के लाभांश से 1.02 लाख करोड़ रुपये मिलने का अनुमान लगाया था। ऐसे में ह्यरिजर्व बैंक द्वारा दिया जाने वाला लाभांश बजट अनुमान की तुलना में 107 फीसदी ज्यादा है। यह एक तरह से सरकार के लिए मौजूदा वित्त वर्ष में 1.09 लाख करोड़ रुपये के अप्रत्याशित लाभ जैसा है। साथ ही पिछले साल के 87,416 करोड़ रुपये लाभांश की तुलना में 142 फीसदी ज्यादा है। उल्लेखनीय है कि बिमल जालान समिति की सिफारिश के अनुसार, नया आर्थिक पूंजी ढांचा लागू होने के बाद 2018-19 में केंद्रीय बैंक ने सरकार को 1.76 लाख करोड़ रुपये अधिशेष दिया था। जालान समिति ने यह पता लगाया कि रिजर्व बैंक से सरकार को कितना अधिशेष मिलना चाहिए। वित्त वर्ष 2023-24 में आरबीआई ने आकस्मिक जोखिम बफर बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया है। जालान समिति ने इसे आरबीआई की बैलेंस शीट के 5.5 से 6.5 फीसदी के दायरे में रखने का प्रस्ताव दिया था। रिजर्व बैंक द्वारा सरकार को रिकॉर्ड लाभांश दिए जाने के निर्णय और वैश्विक आर्थिक संगठनों व वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ?द्वारा वर्ष 2024-25 में भारत की ऊंची विकास दर के अनुमानों के बाद भारतीय शेयर बाजार रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पांच लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंचने के साथ ही भारत इस मुकाम तक पहुंचने वाला दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा देश बन गया है। कोरोना काल के बाद भारतीय घरेलू खुदरा निवेशकों की रुचि शेयर बाजार में बढ़ी है।पिछले 10 साल में डीमेट अकाउंट 2.3 करोड़ से बढ़कर 15 करोड़ हो गए हैं और म्यूचुअल फंड-निवेशकों की संख्या एक करोड़ से बढ़कर 4.5 करोड़ हो गई है। स्थिति यह है कि पिछले 10 साल में शेयर बाजार कहां से कहां पहुंच गया है, जो सेंसेक्स 25,000 अंकों पर था, वह अब आज 75,000 अंक से अधिक की ऊंचाई पर पहुंच गया है। लाखों छोटे निवेशक आज उत्साहपूर्वक बाजार से जुड़े हैं। भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार है और वैश्विक निवेशकों का भरोसा भी भारत के शेयर बाजार पर बढ़ा है। अब ऐसी आर्थिक मजबूती से देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि होगी। इससे भारत में कारोबारी माहौल में सुधार होगा। एफडीआई का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि विदेशी निवेशक तकनीकी विशेषज्ञता भी लाते हैं। निश्चित रूप से शेयर बाजार के तेजी से बढ़ने और रिजर्व बैंक द्वारा सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये का बंपर लाभांश दिए जाने से नई सरकार को व्यय प्रबंधन में खासी मदद मिलेगी।सरकार जो भी बने समय की मांग है कि देशहित में आर्थिक सुधार जारी रहे।



# आलमगीर सहित नौ की हिरासत अवधि बढ़ी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले में मंत्री आलमगीर आलम सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। अब इनकी अगली पेशी 15 जून को होगी। सभी आरोपितों की पेशी शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में हुई। इनमें मंत्री आलमगीर आलम, संजीव लाल, जहांगीर आलम, ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, उनका भतीजा आलोक रंजन, हरीश यादव, नीरज मित्तल, रामप्रकाश भाटिया और तारा चंद शामिल हैं।

ईडी ने बीती पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे। इस मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए पांच मई की देर रात को आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था।



*सभी आरोपियों की पेशी शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हुई*

## एक नजर

### सड़क हादसे में दो घायल

**मांडर।** शनिवार शाम को रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर बाईक दुघर्टना में दो लोग घायल हो गए। मांडर थाना क्षेत्र के पुंगी मोड़ पर शनिवार शाम लगभग चार बजे करकरा के बाईस वर्षीय रोहित उरांव अपने एक अन्य दोस्त के साथ बाइक से जा रहा था। तभी उक्त स्थान के निकट उसकी भिड़ंत सामने से आ रहे गढ़मी के बीस वर्षीय सूरज उरांव के बाइक से हो गई। इस हादसे में दोनों ही बाइकों के पीछे बैठे लोगों को चोट नहीं लगी, जबकि बाइक चला रहे सूरज और रोहित को गंभीर चोट लगी है। दोनों का ईलाज रेफरल अस्पताल मांडर में कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को बेहतर ईलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल हुई चोरी

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के महावीर नगर से घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। मोटरसाइकिल के मालिक ओमप्रकाश महतो द्वारा घटना को लेकर खलारी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में बताया गया है कि बुधवार रात करीब 12 बजे वह अपनी पल्सर मोटरसाइकिल संख्या जेएच01एफएम/3157 को महावीरनगर ज्ञानोदय स्कूल के समीप अपने घर के गेट के सामने खड़ा किया था। लेकिन कुछ ही देर बाद जब वह घर से बाहर निकला तो पाया कि उसकी मोटरसाइकिल वहां नहीं है। इसके बाद अगल बगल काफी खोजबीन किया लेकिन बाइक नहीं मिली। अंततः शुक्रवार को खलारी थाना को लिखित सूचना दिया तथा है बाइक का पता लगाने का गुहार लगाया है।

### श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में हुआ श्री श्याम भंडारे का आयोजन



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक शनिवार को होने वाला 114वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा एवं उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में नथमल जी अग्रवाल, सरला देवी अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, श्याम बिहारी अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, सर्वेश अग्रवाल, अंश अग्रवाल, स्तुति अग्रवाल ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, रिद्धि-सिद्धि, शिव परिवार, बजरंगबली, लड्डू गोपाल, शालिग्रामजी, गरुड़जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। भोग लगे प्रसाद को अग्रवाल परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमान परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया।

**गुप्त सूचना के आधार पर मौर्या एक्सप्रेस ट्रेन में की गई छापामारी**

# आरपीएफ ने 36.65 किलो गांजा किया बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी**
रेलवे सुरक्षा बल मुरी ने गत गुरुवार के दिन गुप्त सूचना के आधार पर ट्रेन संख्या 15027 मौर्या एक्सप्रेस ट्रेन से 36.65 किलो गांजा नारकोस ऑपरेशन के तहत बरामद किया। जिसकी कीमत लगभग 18 लाख 32 हजार 500 रुपए बताई गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग गैर कानूनी नशे की वस्तु मौर्या एक्सप्रेस ट्रेन से लेकर जा रहे हैं। तत्पश्चात पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो टीमों का गठन किया। एक टीम रांची स्टेशन से जांच के लिए ट्रेन में चढ़ी और दूसरी टीम मुरी रेलवे स्टेशन पर तैनात थी। ट्रेन के मुरी पहुंचने पर दोनों टीमों ने संयुक्त रूप से जब छापामारी शुरू की तो ट्रेन के जनरल डिब्बा में बैठे दो पुरुष और दो महिला डरकर अपने सीट से उठकर छिपने का प्रयास करने लगे, तभी पुलिस को उन चारों पर शक हुआ और शक के आधार पर उनको मुरी स्टेशन पर उतारा गया और इसकी सूचना वरीय पुलिस अधिकारी को दिया गया। पुलिस अधिकारी की उपस्थिति में उन लोगों की बैग का जांच किया तो उसमें 22 पैकेट गांजा बरामद हुआ। पुछताछ करने पर उन लोगों ने अपना नाम लालवती देवी गोपालगंज (बिहार), सत कुमार गोपालगंज (बिहार), रिंकी देवी पश्चिम चंपारण बाघा (बिहार), भुवर यादव पश्चिम चंपारण बाघा (बिहार) निवासी बताया और कहा कि हम लोग



गैर कानूनी तरीके से इसे बालनगीर (उड़ीसा) से खरीद कर अपने गांव ले जाकर एवं इसे बेचकर अपने स्वार्थ के लिए पैसा कमाते हैं। तदोपरांत गिरफ्तार अभियुक्तों को राजकीय रेल थाना मुरी को जब्त किए हुए गांजे के साथ कानूनी प्रक्रिया हेतु सौंप दिया गया। अभियुक्तों पर कांड संख्या 05/24 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अभियान में रेलवे सुरक्षा बल के थाना प्रभारी संजीव कुमार, उप निरीक्षक बसंत मल्लिक,पवन कुमार, प्रधान आरक्षी कुमार कौशल, एम एस मुंडा,महिला आरक्षी सोनी कुमारी, सिमरन कुमारी, सीआईबी रांची की टीम से उप निरीक्षक विकास कुमार, सहायक उप निरीक्षक अभिषेक कुमार, आरक्षी महेश कुमार, फ्लाइंग टीम रांची के हेमंत, प्रदीप और डी के

### बाबूलाल मरांडी ने संथाल परगना की जनता का जताया आभार



**रांची ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को संथाल परगना के तीन लोकसभा क्षेत्रों में संपन्न हुए मतदान के बाद यहां की जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि संथाल की जनता ने अपने मतदान से इतिहास रचा है। भाजपा के खाते में तीनों सीट डालने के लिए संथाल परगना की महिलाएं, युवा साथियों ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। मरांडी ने कहा कि संथाल की जनता भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और घुसपैठियों के आतंक से ऊब चुकी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का परिणाम राज्य में भाजपा के नेतृत्व में मजबूत एनडीए सरकार का मार्ग प्रशस्त करेगा।

**बेड़ो के बौली सोकरा जंगल में खोदकर मिट्टी निकाल रहीं महिलाओं पर गिरा मलबा**

# ननद-भाभी की मिट्टी में दबकर मौत



**सुनील कुमार गुप्ता**
**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली पंचायत अंतर्गत बोदा गांव के बौली सोकरा जंगल के पास घर की पोताई करने वाली पोतनी मिट्टी निकाल रहीं दो महिलाओं की मिट्टी के मलबे में दबकर दर्दनाक मौत हो गई। ये दोनों रिश्ते में भाभी-ननद थीं। जिनकी मृत्यु हुई है, उनमें रोगो निवासी 34 वर्षीया बरती उरांव (पति धन्नो उरांव) एवं 23 वर्षीया सोमेश्वरी कुमारी (पिता स्व. बाना भगत) शामिल हैं। मिट्टी में दबी 18 वर्षीया पंची लकड़ा (पिता स्व. चमरा उरांव) एवं 14 वर्षीया अमृता कोया (पिता शिवराज कोया) को मनोज लकड़ा ने अपनी जान पर खेलकर बचा लिया। सभी मृतक एवं घायल रोगो गांव के रहने वाले हैं। घटना के दौरान मिट्टी निकालने वाली ऐंची कोया ने बताया कि रोगो गांव की 18 महिलाएं क्रमशः ऐंची कोया, सविता उरांव, यशोदा कुमारी, खुशबू कुमारी, जावा लकड़ा, बसंती भगताईन, एतवारी उरांव, दुलारी खलखो, सुकरी उरांव एवं तीन पुरुष क्रमशः सुमित उरांव, प्रेम उरांव एवं मनोज लकड़ा अन्य महिलाओं के साथ शनिवार को सुबह पांच बजे ही बौली सोकरा जंगल पहुंच गए थे। उन्होंने मिट्टी के देवता की विधिवत पूजा-अर्चना कर मिट्टी निकालने का काम शुरू किया। मिट्टी निकालते-निकालते मिट्टी की परत कटने लगी थी और अंदर गुफा जैसा दृश्य बन गया था। मिट्टी की खोदाई करने में बसिला जैसे लकड़ी की बेंत वाले लोहे के औजार का उपयोग कर रहे थे। मिट्टी के कटाव के दौरान गुफानुमा मिट्टी की खदान के अंदर जाकर खुदाई करने वाली 23 वर्षीया सोमेश्वरी कुमारी एवं उनकी भाभी 34 वर्षीया बरती उरांव खतरनाक स्तर पर मिट्टी निकालने में जुटी थी। वहीं, अन्य लोग भी वहीं पास में खोदाई कर रहे थे। तभी अचानक मिट्टी धंस गई और भारी मात्रा में मिट्टी के मलबे में दबकर दोनों की मौत हो गई। वहीं, दो बच्चियां भी दब गई थीं, जिसे कुशलता पूर्वक मनोज लकड़ा ने निकाल लिया। घटना के बाद बचकर निकले लोगों के होश उड़ गए, जब उन्हें पता चला कि सोमेश्वरी और बरती मिट्टी में दबी हुई हैं। सूचना मिलने पर जहानाबाज के समाजसेवी देवानंद सिंह ने तत्काल महरु के साबिर मीर से मदद की गुहार लगाई। साबिर मीर के प्रयासों से और सुनील ओहदार की मदद से बोदा गांव से ही एक जेसीबी मंगाई गई। सूचना मिलने पर बेड़ो के अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव, थाना प्रभारी नकुल शाह, सब इंस्पेक्टर रौशन कुमार, पीडीएस के दुकानदार सुनील ओहदार, हरिहरपुर जामटोली के पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, नेहालु पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत, उप मुखिया जितिया उरांव, रोगो गांव के समाजसेवी एवं वार्ड सदस्य बबलु लोहरा, जहानाबाज के अशोक राम बैठा सहित सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे। बेड़ो बीडीओ, अंचल अधिकारी, जनप्रतिनिधियों सहित उपस्थित लोगों की देखरेख में मिट्टी के मलबे में दबे लोगों को जेसीबी से निकालने का सफल प्रयास किया गया। बाद में थाना प्रभारी नकुल शाह ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर रिम्स भेज दिया। जबकि, घायलों का इलाज कराया गया।

**आश्रित परिवार को मुआवजा मिले : मुखिया**

मुखिया वीरेंद्र भगत ने कहा कि आपदा प्रबंधन के तहत मृतका बरती उरांव और सोमेश्वरी कुमारी के आश्रित परिवार को मुआवजा मिलना चाहिए। बरती के तीनों बच्चे रवि, राहुल और बेटी मीना अपनी मां के बगैर कैसे रहेंगे, यह बड़ी चिंता की बात है। समाजसेवी बबलू लोहरा ने बताया कि सोमेश्वरी बेंगलुरु में रहकर काम करती थी। उसके पिता बाना भगत का 14 मई को निधन हो गया था। अपने पिता के दशकर्म में शामिल होने के लिए 24 मई को वह रोगो अपने गांव आई थी। ऐसा लगता है कि उसकी मौत उसे गांव तक खींच लाई थी। वह अपने परिवार का आजीविका चला रही थी।

**जिप सदस्य ने समस्याओं को लेकर उपायुक्त से की मुलाकात**

### बरकट्ठा को जल्द ही मिलेगा दमकल : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न स्थानो पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल नल योजना की विफलता, बिजली की आंख मिचौनी की समस्या और बरकट्ठा व चलकुशा में दमकल की मांग को लेकर जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी उपायुक्त से मिली।वहीं बीते दिनों बुचई गांव में आगजनी की घटना से व्यथित कुमकुम देवी ने सांसद अन्नपूर्णा देवी से उपायुक्त की वार्ता दमकल की व्यवस्था हेतु कराई थी। इस निमित उपायुक्त नैंसी सहाय से जब कुमकुम मिलीं तो उपायुक्त ने कहा कि एनटीपीसी में उपलब्ध दमकल को मैं बरकट्ठा अविलंब भिजवा दूंगी। मतगणना के बाद दमकल बरकट्ठा को प्राप्त हो जाएगा जिससे चलकुशा भी लाभान्वित होगा।वहीं हर गांव में खराब पड़े चापाकल की समस्या पर उपायुक्त ने कहा कि बहुत जल्दी ही पंचायत के मुखिया



को फंड उपलब्ध कराकर चापाकल मरम्मत कराया जाएगा। कहा कि नल जल योजना के तहत जहां भी पानी आपूर्ति बाधित है वहां के मुखिया अपने फंड से दुरुस्त करायें ताकि लोगों को निर्बाध रूप से पानी मिलता रहे। इसके लिए जल्द ही पत्र जारी किया जाएगा। बिजली की समस्या पर उन्होंन कहा कि विभागीय अधिकारियों से बात कर समाधान करूंगी।

# स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है : डॉ परमेश्वर भगत



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम लोयो में क्रिकेट फाइनल मैच में बतौर अतिथि शामिल हुए। इन्होंने उत्कृष्ट खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें प्रेरित किया। खिलाड़ियों को अपने जीवन के महत्वपूर्ण संदेशों से संपन्न किया। उन्होंने मानवता, निष्ठा और साझेदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने खिलाड़ियों को उनके सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें जीत के लिए प्रेरित किया। डॉ. भगत ने खिलाड़ियों से उनकी मेहनत, निष्ठा और प्रतिबद्धता को मानते हुए उन्हें साहस और उत्साह दिया। उन्होंने खिलाड़ियों को ध्यान देने के लिए प्रेरित किया और उन्हें आत्मनिर्भरता के माध्यमों का प्रयोग करने का संदेश दिया। अंत में डॉ परमेश्वर भगत ने कहा की खेल कूद में अच्छा प्रदर्शन करते हुए राज्य एवं राष्ट्र स्तर के खिलाड़ियों को नौकरी और उच्च शिक्षा में प्रथमिकता दिया जाता है। खेल कूद से शरीर चुस्त, दुरुस्त एवं स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है। इन्होंने कहा की खेल के साथ साथ अपनी पढ़ाई में भी पूरी लगन और मेहनत करते हुए उच्च से उच्च पदों पर पहुंचे। मौके पर मुख्य रूप से मो हारीश, प्रो नाफर अली, मो सुहैल, नेसार अहमद, अब्दुल राजिक, मो इरसाद, अब्दुल कुद्दुस, मो सोएब, इमरान अंसारी, मुखिया मंगरा उरांव, भूतपूर्व मुखिया सुकरा उरांव, शंकर उरांव, महताब आलम, मो साईद, अब्दुल हक और मो खालिद उपस्थित थे।

**कार्य**

**करकट्टा स्थित बंद केडीएच पैच खदान से की जाए कॉलोनी की जलापूर्ति**

# नाराज लोगों ने बंद कराया खिलानधौड़ा पोखरिया से डकरा को जलापूर्ति

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी के करकट्टा-विश्रामपुर कालोनी में पानी की समस्या से नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को खिलानधौड़ा स्थित पोखरिया से हो रहे जलापूर्ति को बंद करवा दिया। खिलानधौड़ा स्थित पोखरिया से करकट्टा-विश्रामपुर कालोनी के लिए 500 गैलन प्रति मिनट क्षमता का पंप है। इस पंप से एक शिफ्ट में पानी की आपूर्ति है। इसके अलावा रोहिणी से धमधमिया लिए 1000 जीपीएम पंप है, जिससे तीन शिफ्ट में पानी की आपूर्ति किया जाता है। वहीं छह साल पहले डकरा में पानी की किल्लत होने के कारण यहां एक और 1000



जीपीएम का पंप लगाया गया। परंतु बीते कुछ वर्षों से करकट्टा कालोनी में पुराने पाइप, पानी का बहाव एवं मुख्य पाइप लाइन में कनेक्शन होने के कारण लोगों के घरों में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंचने लगा। ऐसे में पानी की समस्या से जूझ रहे लोग सीसीएल से निराश होकर स्वयं ही मुख्य पाइप लाइन से कनेक्शन लेना शुरू कर दिए। लेकिन ज्यादा कनेक्शन हो जाने के कारण इससे भी पर्याप्त पानी नहीं मिलने लगा। अब हालात ऐसे हो चुके हैं कि लोग अपना काम छोड़कर दूर दराज से पानी लाने में लगे रहते हैं। वहीं उस पोखरिया में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक नहाने के लिए जाने लगे हैं। पोखरिया बंद कोयला खदान है जिसमें पानी भरा हुआ है। जिससे यह जलाशय काफी गहरा है। बच्चे, बुजुर्ग के नहाने के क्रम में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस परिस्थिति से गुस्साए ग्रामीणों ने खिलानधौड़ा स्थित पोखरिया में डकरा का पानी सप्लाई बंद करवा दिया। ग्रामीणों ने मांग रखा कि करकट्टा स्थित केडीएच पैच बंद खदान में जो पानी जमा है वहां करकट्टा-विश्रामपुर कालोनी के लिए अलग से पंप स्थापित किया जाय। ताकि पानी की समस्या का समाधान हो सके।

### इंदौर में रखी गई '2030 का भारत' अभियान के तहत मुख्य प्रोजेक्ट की नींव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/इंदौर**
2030 का भारत' अभियान के तहत सतत विकास लक्ष्य हासिल करने के लिए शनिवार को इंदौर में कुछ सार्थक प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की गई। ये प्रोजेक्ट्स गरीबी, भुखमरी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से संबंधित होने के साथ-साथ स्ट्रीट वेंडर्स के सहयोग और कैदियों के बेहतर स्वास्थ्य, पुनर्वास व कल्याण के प्रति भी समर्पित हैं। वर्ष 2030 का भारत अभियान की शुरुआत समाजसेवी, लेखक व राजनीतिक रणनीतिकार अतुल मलिकराम द्वारा एक शिक्षित व समृद्ध भारत के दृष्टिकोण के साथ की गई है। इस अभियान का लक्ष्य मार्च 2026 तक इन सभी प्रोजेक्ट्स को देश के 10 राज्यों तक फैलाने का है। इन प्रोजेक्ट्स की विशेषताओं के बारे में बताते हुए पवन त्रिपाठी, चीफ ब्रांडिंग एंड




कम्युनिकेशन अफसर ने कहा, इंदौर से इस पहल की शुरुआत हमारे लिए गर्व की बात है। इन प्रोजेक्ट्स के माध्यम से हम गरीबी और भुखमरी की समाप्ति में सहयोग के साथ, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छोटे शहरों और गली-मोहल्लों में स्थित स्कूलों के टीचर्स को ट्रेनिंग देने की पहल कर रहे हैं। प्रोजेक्ट्स से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए रोहित चंदेल, की प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर ने कहा, इन प्रोजेक्ट्स के लिए फंडिंग कॉरपोरेट के सीएसआर से आएगी।

## न्यूज बॉक्स

### पड़हा पारंपरिक जेठ जतरा में बतौर अतिथि शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत



**मांडर।** डॉ परमेश्वर भगत ने जतरा में आए सभी लोगों को जतरा का शुभकामना संदेश और बधाई देते हुए कहा की जतरा हमारी रीति रिवाज, रुढ़ी परम्परा, भाषा संस्कृति और मूल धर्म को बचाने एवं जीवित रखने का संदेश देता है। इन्होंने कहा कि हम सभी एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहे है और इस विकट परिस्थिति में हमे समाजिक, आर्थिक, धार्मिक, शैक्षणिक और राजनितिक रूप से जागरूक रहने की जरूरत है। शिक्षा पर जोर देते हुए इन्होंने कहा की समाज को अच्छा दिशा में लाने हेतु अपने बच्चों को शिक्षित करना बेहद आवश्यक है। जतरा में मुख्य रूप से पड़हा राजा, दीवान, कोटवार महतो, पहान पुजार, पंभरवा एवं अनेक गांवों के खोड़हा पारंपरिक तरीके से नाचते गाते अपने संस्कृति का परिचय दिए।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने किया एक माह में दस स्थायी अमृत धारा का निर्माण




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा सत्र 2024-25 अध्यक्ष विनीता सिंघानिया के नेतृत्व में अमृतधारा महोत्सव के अंतर्गत 7 दिन 7 स्थान 7 स्थायी अमृतधारा लगाने का संकल्प लिया गया था। जिसको आगे बढ़ाते हुए विगत दिनो इस माह 8वीं अमृत धारा का लोकार्पण किया गया। पुनः इसे और आगे बढ़ाते हुए 31 मई को शाखा द्वारा नौवी और दसवीं स्थाई अमृत धारा की स्थापना नागरमल मोदी सेवा सदन अस्पताल और श्री शिवनारायण कन्या पाठशाला में की गई। इस के लिए दिनेश अग्रवाल और शुभम लोहिया का सहयोग प्राप्त हुआ। शाखा द्वारा दानदाता और उनके परिवार को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने कहा, समर्पण शाखा ने नया इतिहास लिखा है। एक माह मे 10 स्थाई अमृत धारा का लोकार्पण कर जनमानस को समार्पित किया गया है शाखा का प्रत्येक सदस्य इस कार्य से अपने को गौरम्वित महसूस कर रहा है। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया , विभिन्न जगहों पर स्थाई अमृत धारा की स्थापना से काफी लोग लाभान्वित होंगे ऐसा शाखा का मानना है। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, निकिता जालान, रितु पोद्दार, पूजा अग्रवाल, कोमल पोद्दार उपस्थित थी।

### मेडिका हॉस्पिटल रांची मे बनाएगा 150 करोड़ की लागत से कैंसर अस्पताल : उदयन लाहिरी

**रांची।** भगवान महावीर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, रांची ने अपने 10 वर्ष झारखण्ड में पूरे किये है, इस अवसर मीडिया को धन्यवाद देने हेतु प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गयी. प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेडिका समूह के एमडी उदयन लाहिड़ी, जेएमडी अयनाभ देवगुप्त, ऑन्कोलॉजी विभाग के समूह निदेशक डॉ. सौरव दत्ता, क्रिटिकल केयर विभाग के निदेशक डॉ. विजय मिश्र ने सम्बोधित किया. निदेशक उदयन लाहिरी ने कहा की गुणवत्ता, अफोर्डेबल और सेवा में किसी भी प्रकार की कमी नहीं करना मेडिका समूह की विशेषता है. उन्होंने रांची और झारखण्ड वासियों को 150 करोड़ की लागत से बनने वाले कैंसर हॉस्पिटल की घोषणा इस अवसर पर की. जेएमडी अयनाभ देवगुप्त ने प्रेस प्रतिनिधियों से कहा की हमारे अच्छे कामों को मीडिया ने हमेशा प्रमुखता से स्थान दिया है हम मीडिया के प्रति आभार व्यक्त करते है. उन्होंने कहा आने वाले दिनों में झारखण्ड में मेडिका की स्वर्णिम योजनाएं यहाँ के हर तबके के लिए समर्पित रहेंगी. डॉ. सौरव दत्ता ने कहा की अब कैंसर रोगियों को झारखण्ड से बहार जाने की जरुरत नहीं. मेडिका की वर्तमान ऑन्कोलॉजी टीम आधुनिक सुविधा संपन्न है. क्रिटिकल केयर के निदेशक डॉ. विजय कुमार मिश्र ने बताया की मेडिका हॉस्पिटल पर रांची, झारखण्ड का भरोसा पहले दिन से बना है और उसी का परिणाम है कि 10 वर्षों में मेडिका ने 7 लाख 40 हजार मरीजों का इलाज किया. इस अवसर पर मेडिका हॉस्पिटल में अपनी सेवा के 10 वर्ष पूरे करने वाले सभी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया.

### पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन करना सबकी जिम्मेदारी : राजकिशोर



**रांची।** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण समिति एवं रांची विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के अंतर्गत पर्यावरण शपथ, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक एवं एयर बैलून डिस्प्ले का आयोजन किया गया। यह आयोजन बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में जेएसपीसीबी के वरीय पदाधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य खेल प्राधिकरण के उप निदेशक राजकिशोर खाखा ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण एवं संवर्धन करना सबकी जिम्मेदारी है एवं सभी के सामूहिक प्रयास से ही पर्यावरण को बचाया जा सकता है। हॉकी के राष्ट्रीय पदक विजेता मनोहर टोपनो ने कहा कि पौधरोपण एवं उसका संरक्षण करके पर्यावरण की रक्षा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड की पहचान जल, जंगल, जमीन एवं हरियाली के कारण होती थी जो आज गंभीर हालत दिखाई दे रही है। राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती है एवं पूरी दुनिया में पर्यावरण को बचाने हेतु चिंतन हो रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी से अपने घर के शुभ अवसरों पर पौधा लगाने एवं उनका संरक्षण करने की अपील की। इस अवसर पर पर्यावरण जागरूकता शपथ भी दिलाई गई। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी के जागरूकता को ध्यान में रखकर हवा में बैलून को ऊंचाई में भेजकर उसे बांधा गया। एयर बैलून के माध्यम से आम लोगों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाने का सार्थक प्रयास किया गया है। आज के कार्यक्रम में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी कमलाकांत पाठक, मणिभूषण, अमृता मिश्रा, विनय मुंडा आदि मौजूद थे।

# गैर मजरूआ भूमि की म्युटेशन रसीद कटने की पूर्व प्रक्रिया बहाल हो : किशोर मंत्री

## फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की लैंड रिफॉर्म्स उप समिति की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के लैंड रिफॉर्म्स उप समिति की बैठक अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में शनिवार को चैंबर भवन में हुई। राज्य में उद्योग-व्यापार के लिए भूमि की आसान उपलब्धता नहीं होने के कारण डेवलपमेंट के कार्य प्रभावित होने की बात पर बैठक में चर्चा की गई। इस बात पर जोर दिया गया कि झारखंड के 24 जिलों में लैंड बैंक बनाकर उद्योग व्यापार के लिए 100-100 एकड़ के भूखंड केवल उद्योगों के लिए उपलब्ध कराए जाएं। कहा गया कि 5, 10, 20 हजार स्क्वॉयर फीट के भूखंड उद्योगों को आवंटित किया जाना बेहतर परिणाम दे सकता है, जिससे छोटे-छोटे व्यवसाय, उद्योग एवं गृह उद्योगों को बढ़ावा मिल सकेगा।



चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि राज्य में गैर मजरूआ भूमि की म्युटेशन रसीद कटने की पूर्व प्रक्रिया को पुनः बहाल करना अतिआवश्यक है। ऐसी प्रक्रिया पड़ोसी राज्य बिहार में भी लागू है। व्यापारियों की समस्या को देखते हुए उन्होंने यह भी कहा कि खासमहल भूमि को जिलावार एक उचित शुल्क लेकर लीज रिन्युअल किए जाने की प्रक्रिया पर भी विचार जरूरी है। इससे खासमहल भूमि से प्रभावित जिलों का विकास तीव्र गति से संभव होगा। लैंड रिफॉर्म उप समिति के चेयरमेन रमेश कुमार साहू ने कहा कि झारखंड में सीएनटी एसपीटी एक्ट के रहते हुए भूमि की भारी कमी बनी हुई है। ऐसी परिस्थिति में गैर मजरूआ भूमि को पहले की तरह सुचारू रूप से रसीद काटने की प्रक्रिया को चालू करना चाहिए। इससे राज्य में बहुत सारे रुके हुए विकास कार्यों को गति मिलेगी।

चैंबर महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि वर्ष 2012 से पूर्व गैर मजरूआ भूमि पर जिस प्रकार निबंधन और दाखिल खारिज की व्यवस्था थी, वही व्यवस्था पुनः बहाल करनी चाहिए तथा उसपर निबंधन और दाखिल खारिज की रोक हटानी चाहिए, ताकि उस भूमि के एवज में आसानी से बैंक लोगों को लोन दे सकें और उस भूमि पर उद्योग लग सके। सह सचिव अमित शर्मा ने व्यापार उद्योग लगाने में भूमि से संबंधित आनेवाली अड़चनों पर चर्चा की। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव अमित शर्मा, उप समिति चेयरमेन रमेश कुमार साहू, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया, अधिवक्ता मित्तुल कुमार, अधिवक्ता जितेंद्र शाह, कुशवाहा बिजय कुमार, कार्तिक प्रभात, राजीव प्रकाश चौधरी, शिवशंकर महतो उपस्थित थे।

## दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास 50 हजार जुर्माना भी

**रांची।** न्यायायुक्त दिवाकर पांडे के कोर्ट से अभियुक्त मुकेश लाल महतो को दुष्कर्म के केस में 10 वर्ष सश्रम कारावास तथा 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर अतिरिक्त 10 महीने की सजा भुगतनी होगी। वाद संख्या एस.टी. 299/2015, कांके थाना कांड संख्या 151/2014 रांची सिविल कोर्ट में चल रहा था। ज्ञात हो कि उक्त केस में अभियुक्त द्वारा पीड़िता के साथ शादी का झांसा देकर 6-7 वर्षों तक शारीरिक संबंध बनाने का आरोप था। बाद में शादी करने से मुकर गया। पीड़िता के इनकार करने पर जबरन अभियुक्त ने पीड़िता के साथ यौन संबंध बनाया। इस दौरान वह वर्ष 2012 और 2014 में दो बार गर्भवती भी हुई।

## झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ ने मनाया विश्व दुग्ध दिवस




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ (जेएमएफ) एवं इंडियन डेयरी एसोसिएशन (आईडीए) के ईस्टर्न जोन एवं झारखंड चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को मेधा डेयरी के होटवार स्थित प्लांट के परिसर में विश्व दुग्ध दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आईडीए झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष सह महाप्रबंधक जेएमएफ पवन कुमार मरवाहा एवं आईडीए झारखंड चैप्टर के उपाध्यक्ष सह उप प्रबंधक जेएमएफ जयदेव बिश्वास ने की। अपने संबोधन में पवन कुमार मरवाहा ने आज के परिप्रेक्ष्य में पोषण और रोजगार के दृष्टिकोण से डेयरी की महत्ता को बताया। उन्होंने झारखंड के किसानों को दूध से जुड़े व्यवसाय और खास कर मेधा डेयरी से जुड़ने का आह्वान किया। जयदेव बिश्वास ने श्वेत क्रांति में सहकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए उपस्थित जेएमएफ के कर्मियों को बधाई दी और सभी को आश्वस्त किया कि आज जेएमएफ विकास के सही दिशा में अग्रसर है। वहीं, जेएमएफ के क्वालिटी एंड एश्योरेंस प्रमुख प्रमोद कुमार ने बताया कि किस तरह दूध हमारा पोषण कर सारी जरूरतों को पूरा करता है और आज के दौर में इसका कोई विकल्प नहीं है।

इस अवसर पर श्वेत क्रांति के जनक स्व. वर्गीज कुरियन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और उन्हें याद किया गया। आज विश्व दुग्ध दिवस पर जेएमएफ कर्मियों के बीच क्विज कंपीटिशन एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेएमएफ के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

### मतगणना प्रेक्षक ने पंडरा स्थित मतगणना स्थल का लिया जायजा

# काउंटिंग 4 को, रांची जिला प्रशासन की तैयारी पूरी

**नवीन मेल संवाददाता । रांची**

रांची संसदीय क्षेत्र के लिए आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर पंडरा बाजार समिति अवस्थित मतगणना स्थल पर तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इसे लेकर शनिवार को रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के 50-ईचागढ़, 61-सिल्ली एवं 62-खिजरी विधानसभा क्षेत्र के मतगणना प्रेक्षक अमित मेहरा ने मतगणना स्थल का जायजा लिया। निर्वाची पदाधिकारी 08-रांची संसदीय क्षेत्र राहुल कुमार सिन्हा ने मतगणना प्रेक्षक अमित मेहरा को पूरी व्यवस्था एवं की गई तैयारियों से अवगत कराया। प्रेक्षक अमित मेहरा ने रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए मतगणना भवन में की गई तैयारियों का जायजा लिया। निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने प्रेक्षक अमित मेहरा को मतगणना भवन में मतगणना अभिकर्ताओं के प्रवेश करने के मार्ग, स्ट्रांग रूम से ईवीएम मतगणना भवन तक लाने, पोस्टल बैलट एवं ईवीएम के मतों की गिनती के समय आदि की विस्तार से जानकारी दी।

### प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम व मीडिया सेल का किया निरीक्षण



मैप के माध्यम से भी प्रेक्षक को पंडरा में बनाए गए स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल की व्यवस्था की जानकारी दी गई। अमित मेहरा ने कंट्रोल रूम, मीडिया सेल का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सहायक निर्वाची पदाधिकारी 63-रांची विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, संपर्क पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सैंडी की हत्या 315 बोर की राइफल से की गई थी

## डीजे हत्याकांड में प्रयुक्त हथियार को पुलिस ने किया बरामद

*राइफल छिपाने में सहयोग करने के आरोप में तीन गिरफ्तार*

*चोरी के चार वाहनों को भी पुलिस ने कब्जे में लिया*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चुटिया थाना क्षेत्र के एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल में डीजे संदीप उर्फ सैंडी की हत्या 315 बोर की राइफल से की गई थी। यह जानकारी एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि सैंडी हत्याकांड में प्रयुक्त राइफल के साथ चोरी के चार वाहनों को भी पुलिस ने बरामद किया है। साथ ही, पुलिस ने हथियार को छिपाने में सहयोग करने के आरोप में पंकज कुमार उर्फ सोनू सिंह, सुमित सिंह उर्फ रोबिंस कुमार और आलोक कुमार को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी ने बताया कि हत्याकांड के मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह की निशानदेही पर पुलिस ने हत्याकांड में प्रयुक्त एक राइफल, 30 गोली, तीन खोखा, एक मैगजीन और चार चोरी के वाहन ईऑन हुंडई कार, विटारा ब्रेजा, महेंद्रा स्कोर्पियों और मारुति सुजुकी इगनिस बरामद किया है। इसके साथ ही प्लास्टिक का बना हुआ मैगजीन होल्डर एवं गोली रखने वाला पाउच भी मिला है। राइफल अभिषेक सिंह के बड़े भाई के औद्योगिक क्षेत्र तुपुदाना इन्सलरी चौक स्थित लक्ष्य ऑटोमोबाइल में कार की डिक्की में छिपाया गया था। गिरफ्तार आरोपी अभिषेक सिंह पूर्व में रंगदारी, शस्त्र अधिनियम, उत्पाद चोरी सहित अन्य मामलों में आरोपी रहा है। ज्ञात हो कि 26 मई की देर रात बार में खाने-पीने के दौरान बार के बाउंसर और कुछ लोगों के बीच मारपीट हुई थी। इस दौरान बार के बाउंसर ने उन लोगों को जमकर पीटा था। इसके बाद देर रात 01:18 बजे बार के डीजे संदीप उर्फ सैंडी बार के बाहर स्थित लिफ्ट के सामने खड़ा था। इस बीच लिफ्ट से एक हथियार बंद व्यक्ति दूसरे तल पर स्थित बार में आया और लिफ्ट के सामने खड़े डीजे सैंडी को गोली मार दी, पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह उर्फ विक्की सिंह को बिहार के गया जिले के अलीपुर थाना क्षेत्र से सोमवार को गिरफ्तार किया था। छापेमारी दल में पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी चुटिया, थाना प्रभारी कोतवाली, थाना प्रभारी लोअर बाजार, थाना प्रभारी ओरमांझी, पुनि लक्ष्मीकांत, ओपी प्रभारी बीआईटी मेसरा, अजमत अंसारी शामिल थे।

## उदित वाणी के संपादक राधेश्याम अग्रवाल का निधन



**रांची।** जमशेदपुर से प्रकाशित दैनिक उदित वाणी के प्रकाशक एवं संपादक राधेश्याम अग्रवाल का शनिवार की सुबह निधन हो गया। वे अपने पीछे निर्भिक पत्रकारिता की गौरवशाली विरासत छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को जुगसलाई शिव घाट पर किया गया। उनके पुत्र उदित अग्रवाल ने मुखाग्नि दी। उनकी अंतिम यात्रा में मंत्री बन्ना गुप्ता भी शामिल हुए। लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं इस विकट दुख की घड़ी में उनके परिजनों को हिम्मत एवं धैर्य प्रदान करें। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने अपने शोक संदेश में कहा कि जमशेदपुर के सबसे पुराने और विश्वसनीय दैनिक उदितवाणी के संपादक राधेश्याम अग्रवाल जी के निधन का बहुत ही दुखद समाचार मिला। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को बहुत क्षति हुई है। ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें।

## क्यूरेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल की टीम में कुशल डॉक्टर हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

क्यूरेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल ने अपनी मेडिकल टीम में अत्यधिक कुशल और अनुभवी डॉक्टरों की नियुक्ति की है। क्यूरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन अविनाश कुमार ने शनिवार को डॉक्टरों के एक नए समूह को शामिल करने की घोषणा करते हुए कहा, मुझे खुशी हो रही है। यह महत्वपूर्ण विस्तार समाज को असाधारण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता के अनुरूप है। उन्होंने कहा, नई टीम में न्यूरो साइंसेज विभाग में डॉ संजय कुमार, डॉ पैट्रिक मिंज और टीम, लैप्रोस्कोपिक और मिनिमली इनवेसिव सर्जरी विभाग में डॉ (मेजर) रमेश दास, डॉ ओम प्रकाश और टीम, कार्डियक साइंसेज विभाग में डॉ. अनुपम कुमार और टीम तथा मैक्सिलो फेशियल और ट्रॉमा सर्जरी विभाग में डॉ अनुज कुमार और कई अन्य दिग्गज डॉक्टर शामिल हैं, जो व्यापक और उन्नत चिकित्सा सेवा प्रदान करने की हमारी क्षमता को बढ़ा रहे हैं। रोगी देखभाल के प्रति उनकी विशेषज्ञता और समर्पण हमारे अस्पताल और हमारे द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले समुदाय के लिए अमूल्य संपत्ति होगी।

चेयरमैन अविनाश कुमार ने नई नियुक्तियों के बारे में कहा, हम अपनी टीम में डॉक्टरों के ऐसे प्रतिष्ठित समूह का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं। उनकी विविध विशेषज्ञता और मरीजों के देखभाल के प्रति समर्पण, शीर्ष-स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने की हमारी क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा। यह हमारे अस्पताल के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है और हमें विश्वास है कि हमारे यहां के मरीजों को उनकी उपस्थिति से बहुत लाभ होगा। क्यूरेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल हमेशा से ही चिकित्सा नवाचार और रोगी देखभाल में सबसे आगे रहा है। इन प्रतिष्ठित डॉक्टरों को शामिल करने के साथ, हम रांची में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

# प्रेम रंजन अनिमेष के कविता संग्रह 'संक्रमण काल' का हुआ लोकार्पण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सुप्रसिद्ध कवि प्रेम रंजन अनिमेष के कविता संग्रह 'संक्रमण काल' का प्रेस क्लब रांची के सभागार में लोकार्पण हुआ। इसके बाद पुस्तक पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात आलोचक प्रो रवि भूषण ने की। दिल्ली से कार्यक्रम में शामिल होने आए वरिष्ठ कवि मदन कश्यप ने पुस्तक पर अपने विचार रखे। परिचर्चा में कवि प्रकाश देवकुलिश और निशांत ने भी अपनी बातें रखीं। रांची विश्वविद्यालय हिंदी विभाग की सहायक प्रोफेसर नियति कल्प ने भी पुस्तक पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन प्रसिद्ध कथाकार रश्मि शर्मा ने किया।

प्रेम रंजन अनिमेष का अभिनव कविता संग्रह 'संक्रमण काल' हिंदी ही नहीं, संभवतः विश्व साहित्य में भी अपनी तरह का अनूठा काव्य संग्रह है। वैश्विक महामारी की पृष्ठभूमि में देश



और दुनिया के स्तर पर अभूतपूर्व उथल-पुथल की शिनाख्त करतीं ये कविताएं समकालीन हिंदी कविता जगत में अपनी तरह के अनूठे इस संग्रह को चिरकालिक और वैश्विक महत्व का बनाती हैं। कवि-आलोचक निशांत ने कहा कि इतनी महत्वपूर्ण कविताओं का अनुवाद अन्य भारतीय भाषाओं के साथ साथ पूरे विश्व में होना चाहिए। डॉ नियति कल्प ने कहा कि संग्रह की कविताएं निर्जीवता से जीवंतता तथा खालीपन से खुलेपन की कविताएं हैं। कवि प्रकाश देवकुलिश ने कहा कि कथ्य और शिल्प दोनों का सुंदर समन्वय अनिमेष की कविताओं में है, और हमारे समय समाज के लिए जरूरी सवाल भी। उन्होंने संग्रह की कुछ कविताओं का बहुत प्रभावपूर्ण पाठ भी किया। वरिष्ठ कवि मदन कश्यप ने अनिमेष को नवें दशक के बाद का सर्वोत्तम कवि मानते हुए उनकी कविताओं की अनेक विशेषताओं को रेखांकित किया।

## झारखंड में एनडीए को 14 सीटें मिलेंगी, इंडी गठबंधन शून्य पर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि 18वीं लोकसभा के जनप्रतिनिधियों को चुनने के लिए पिछले डेढ़ महीनों से चल रही मतदान प्रक्रिया का सातवां और अंतिम चरण शनिवार को संपन्न हो गया। झारखंड में भी चार चरणों में 14 लोकसभा क्षेत्रों के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। राज्य विधानसभा की गांडेय सीट पर भी उपचुनाव हुआ। उन्होंने कहा कि झारखंड में एनडीए को 14 सीटें मिलेगी और इंडी गठबंधन शून्य पर आउट हो रहा है। आदित्य साहू ने प्रदेश कार्यालय में शनिवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि संताल परगना के तीन लोकसभा क्षेत्रों गोड्डा, दुमका और राजमहल में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें मतदाताओं ने भारी संख्या में मतदान किया है। औसत मतदान 65 प्रतिशत से ज्यादा रहा। मतदान के लिए प्रदेश भाजपा मतदाताओं का हृदय से आभार प्रकट करती है। भाजपा चुनाव आयोग के साथ प्रशासनिक, पुलिस पदाधिकारियों और कर्मचारियों का भी आभार प्रकट करती है। साहू ने कहा कि भाजपा प्रेस मीडिया के साथियों का भी धन्यवाद एवं आभार करती है, जिन्होंने कठिन परिश्रम से छोटी बड़ी सभी महत्वपूर्ण खबरों को जनता के बीच पहुंचाया।



# न्यूज बॉक्स

## आदिवासी महिला की संदेहास्पद मौत चाइल्ड राइट्स ने जांच की मांग की

**रांची।** चाइल्ड राइट्स फॉउंडेशन ने कांके थाना क्षेत्र की रहने वाली आदिवासी महिला की संदेहास्पद मौत की जांच की मांग की है। इसको लेकर फॉउंडेशन के सचिव बैजनाथ कुमार ने सीआईडी, रांची जोनल आईजी, रांची रेंज के डीआईजी और रांची एसएसपी को पत्र लिखा है। बैजनाथ कुमार ने पत्र में लिखा है कि कांके थाना क्षेत्र के सुंदरनगर निवासी स्व। स्टीफन मिंज की पुत्री दुलारी मिंज की पटना में संदेहास्पद तरीके से मौत हो गयी। वह पटना में सतीश चंद्र नाम के व्यक्ति के घर में काम करती थी। सतीष चंद्र गुरुवार की शाम एंबुलेंस से शव लेकर उसके घर पहुंचा। बताया जाता है कि दुलारी के चेहरे व पीठ पर जलने और आंख में गंभीर चोट के निशान थे। जिसको देखने के बाद परिजन सतीश चंद्र पर दुष्कर्म, मारपीट और हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, दुलारी पिछले 15 साल से सतीश चंद्र के यहां काम कर रही थी। उस समय सतीश सिंह बीएयू के डीएसडब्लू विभाग में कार्यरत था और कैंपस में ही रहता था। लेकिन उसके बाद वह बेटे व बहू के साथ कांके में रहता था। दो माह पूर्व से वह पटना के उपरपुरा, टहलटोला, फुलवारी शरीफ में रह रहा था। अपने साथ वह दुलारी को भी ले गया था। दुलारी के परिजनों के पूछने जाने पर सतीश चंद्र ने बताया कि दुलारी को बुधवार की शाम लू लग गया था।

## दो पक्षो में आपसी विवाद में चली गोली पास खड़े बच्चे के पैर में जा लगी



**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के मिस्त्री मोहल्ले में दो पक्षों के बीच चल रहे आपसी विवाद में शनिवार को गोली चल गई। गोली पड़ोस में खड़े एक बच्चे को लगी है। घटना शनिवार शाम करीब पौने पांच बजे की है। बच्चे को गोली लगने के बाद दोनों पक्ष मौके से भाग गए। फायरिंग मामले में डीएसपी सहित थाना प्रभारी मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। इस घटना में दोनों पक्ष को कुछ नुकसान नहीं हुआ, लेकिन एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। बच्चे के पैर में गोली लगी और पैर में छेद करते हुए निकल गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दो पक्षों में आपसी अनबन थी, जिसमें अपने आप को साबित करने के चक्कर में गोली चलाई गई है।

## ब्रह्माकुमारी के चौधरी बगान केंद्र पर पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आज

**रांची।** हरमू रोड के चौधरी बगान स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवाकेंद्र पर रविवार (2 जून) को विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 08:30 बजे से होगा। ज्ञात हो कि पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को मनाया जाता है।

## झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शुद्ध लाभ में 21.59 करोड़ की बढ़ोतरी



**रांची।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए शुद्ध लाभ 115.86 करोड़ रुपये अर्जित किए हैं, जो कि गत वर्ष (31 मार्च 2023) के शुद्ध लाभ 94.27 करोड़ रुपये की तुलना में 21.59 करोड़ रुपये अधिक है। यह जानकारी झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार ने दी। उन्होंने बताया कि बैंक ने जमा राशि में गत वर्ष की तुलना में 9.88 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। बैंक की जमा राशी 31 मार्च 2024 को 10479 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई है। ऋण/अग्रिम के क्षेत्र में बैंक ने 20.00 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च 2024 को 5878 करोड़ रुपये के स्तर को प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि बैंक ने आस्ति प्रबंधन में शानदार प्रगति की एवं अपना जीएनपीए प्रतिशत को गत वर्ष के स्तर 4.80 प्रतिशत की तुलना में 111 बीपीएस की कमी करते हुए 3.69 प्रतिशत के स्तर पर लाने की उपलब्धि हासिल की है। बैंक ने भारत सरकार द्वारा लागू किए गए सामाजिक सुरक्षा के लिए निर्धारित कल्याणकारी योजनाओं जैसे पीएमएसबीवाई और पीएमजेजेबीवाई के लक्ष्य में सौ प्रतिशत से अधिक की कामयाबी हासिल की एवं एपीवाई में लक्ष्य का 268 प्रतिशत की प्राप्ति की, जो कि देश के सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में सर्वश्रेष्ठ है।

## पूंजीगत वस्तुओं का निर्माण आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगा : एनएन सिन्हा



**रांची ।** इस्पात मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित इस्पात पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईकॉन्स 24) का उत्साह के साथ समापन हुआ। इस दो दिवसीय सम्मेलन का विषय 'पूंजीगत वस्तुओं पर ध्यान' था। इसका आयोजन मेकॉन लिमिटेड और सेल ने संयुक्त रूप से किया था। सभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार के इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने कहा कि बड़े पैमाने पर पूंजीगत वस्तुओं के स्वदेशी रूप से विनिर्माण देश में इस्पात की मांग को बढ़ावा देगा। इसके अलावा, इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के रास्ते खुलेंगे, प्रौद्योगिकी अवशोषण के अवसर मिलेंगे और स्वदेशी डिजाइन और उन्नत विनिर्माण क्षमताओं का निर्माण होगा। यह सब देश को आत्मनिर्भर बनने में काफी हद तक मदद करेगा। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत में पूंजीगत वस्तुओं के विनिर्माण पर विशेष ध्यान देने के साथ एक उज्ज्वल इस्पात बाजार परिदृश्य को आकार देने का संकल्प लिया गया। यह एकजुट प्रयास देश को 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने की दिशा में तेजी से ले जा सकेगा। इसमें प्रतिस्पर्धी प्रौद्योगिकियों और पूंजीगत वस्तुओं के विनिर्माण के बड़े पैमाने पर और तेजी से स्वदेशीकरण पर जोर दिया गया, जिससे विदेशी प्रौद्योगिकी आपूर्तिकर्ताओं और निर्माताओं पर निर्भरता कम होगी और विदेशी मुद्रा के बहिर्वाह को कम करने में भी मदद मिलेगी। सम्मेलन में मुख्य वक्ता, विशेषज्ञ पैनलिस्ट और इस्पात उद्योग के व्यापक स्पेक्ट्रम से वक्ताओं की प्रभावशाली उपस्थिति थी। विभिन्न सत्रों में तकनीकी सत्र, पैनल चर्चा और इंटरैक्टिव सत्र शामिल थे। प्रतिभागियों ने इस्पात उद्योग के नवीनतम रुझानों, चुनौतियों और अवसरों पर गहन चर्चा की। सम्मेलन में पूंजीगत वस्तुओं के निर्माण में भारत की क्षमता और इसके बड़े पैमाने पर स्वदेशीकरण के लिए और इसके सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया। इस सम्मेलन ने महत्वपूर्ण संवाद और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक गतिशील मंच प्रदान किया और साथ ही हितधारकों को रणनीतिक सहयोग की दिशा में सोचने का अवसर भी प्रदान किया। इस अवसर पर नागेंद्र नाथ सिन्हा, सचिव, इस्पात मंत्रालय, अभिजीत नरेंद्र, संयुक्त सचिव, इस्पात मंत्रालय, डॉ संजय रॉय, संयुक्त सचिव, सेल उपस्थित थे।




# संताल में सुहाने मौसम के बीच मतों की बारिश





लोकसभा 2024 के लिए देश के साथ झारखंड में भी तीन सीटों पर सातवें व अंतिम चरण का मतदान संपन्न हो गया। इस चरण में भी मतदाताओं में काफी उत्साह दिखा। लोगों ने बढ़-चढकर लोकतंत्र के महापर्व में भाग लिया। आम और खास सभी ने बढ़-चढ़कर इसमें भाग लिया। दुमका लोकसभा सीट में मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सुहावने मौसम के कारण मतदाता अपने घरों से निकलकर कतार में खड़े होकर बड़ी संख्या में मतदान किया।

## संताल के दिग्गजों ने किया मतदान

गोड्डा से बीजेपी प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने अपने परिवार के साथ वोटिंग की। वोटिंग करने के बाद उन्होंने झारखंड में सबसे बड़े अंतर से जीत का दावा किया। वोटिंग करने से पहले उन्होंने देवघर और दुमका में बाबा भोलेनाथ की पूजा की। गोड्डा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव ने अपने पैतृक गांव बोहरा में मतदान किया। महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने मेहरमा के खिरोंधी गांव में परिवार संग मतदान किया. साथ में उनके ससुर पूर्व विधायक अवध विहारी सिंह व परिवार के अन्य सदस्यों ने भी वोटिंग की। गोड्डा से बीजेपी विधायक अमित मंडल ने अपने गांव कोरका में वोटिंग की। वो अपने परिवार के संग वोट डालने पहुंचे थे। देवघर विधायक नारायण दास ने अपने गांव कोयराडीह में परिवार के साथ मतदान किया। जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने अपने मत का प्रयोग किया।



राजमहल लोकसभा सीट के पाकुड़ में कुछ मतदान केंद्रों में देर से वोटिंग शुरू हुई। कुछ केंद्रों में धीमी प्रगति को लेकर मतदाताओं में काफी आक्रोश देखा गया। हालांकि मतदाताओं को मौजूद पुलिस पदाधिकारी व दंडाधिकारी समझाते नजर आये। लगभग एक घंटा विलम्ब से मतदान शुरू हुआ जबकि बूथ संख्या 433 प्राथमिक विद्यालय बल्लभपुर में काफी धीमी गति से मतदान कराने को लेकर मतदाताओं में आक्रोश देखा गया। बूथ संख्या 424 में ईवीएम में गड़बड़ी होने के कारण मतदान विलंब से शुरू हुआ तो बूथ संख्या 433 में मतदान कर्मी को आंख से कम दिखाई दिए जाने के कारण यहां धीमी गति से मतदान हुआ।

महिला मतदाताओं ने कहा कि वह अपने सांसद से दुमका का सर्वांगीण विकास चाहती हैं। महिलाओं ने सुरक्षा,विद्युत,महंगाई पर सवाल किया। वायु सेवा , रेल सुविधा की मांग की।







लोकतंत्र के महापर्व में कृषि मंत्री सह जरमुंडी विधायक बादल पत्रलेख ने किया मतदान

# सत्ता के गलियारे में 4 जून के बाद मचेगी हलचल, बदल सकते हैं कई 'चेहरे'



**ब्यूरो रिपोर्ट। रांची**

**लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद झारखंड की सियासत में हलचल मचेगी। जेएमएम-कांग्रेस-राजद के गठबंधन वाली सरकार में कई स्तरों पर बदलाव के आसार हैं।**

### दीपिका या इरफान किसकी लगेगी लॉटरी

माना जा रहा है कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद पार्टी और सरकार उन्हें इस्तीफा देने को कहेगी, क्योंकि उनके जेल में होने की वजह से ग्रामीण विकास विभाग की कई योजनाओं पर विराम लग गया है। विभाग में पेंडिंग फाइलों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में आलमगीर आलम की जगह कांग्रेस कोटे से किसी अन्य विधायक को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। महगामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह या जामताड़ा के विधायक डॉ. इरफान अंसारी में से किसी एक की 'लॉटरी' लग सकती है। राज्य में चुनाव परिणाम अगर कांग्रेस की उम्मीदों के अनुरूप नहीं हुए तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की कुर्सी भी खतरे में पड़ सकती है।

### कई आईएएस का हो सकता है तबादला

इसके अलावा ब्यूरोक्रेसी में भी टॉप लेवल पर कई बदलाव तय माने जा रहे हैं। राज्य के एक सीनियर आईएएस और पथ एवं भवन निर्माण विभाग के सचिव मनीष रंजन ईडी जांच के रडार पर हैं। उनसे एजेंसी एक बार पूछताछ कर चुकी है और दूसरी बार उन्हें 3 जून को हाजिर होने के लिए समन भेजा गया है। उन्हें उनके पद से हटाया जा सकता है। ईडी जांच का दायरा बढ़ने से कुछ अन्य आईएएस भी इधर-उधर किए जा सकते हैं।

**मंत्रिमंडल में हेमंत का प्रतिनिधित्व करेगी कल्पना? :** लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर कल्पना सोरेन सबसे बड़ा चेहरा बनकर उभरी हैं। बड़ा सवाल यह है कि अगर कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा उपचुनाव में जीत दर्ज कर विधानसभा पहुंचती हैं तो क्या वह सरकार के मौजूदा मुखिया चंपई सोरेन की जगह लेंगी? कल्पना सोरेन से कई बार इस संबंध में पूछा गया तो उनका डिप्लोमैटिक जवाब था, "यह मेरा लुकआउट नहीं है। कोई भी निर्णय पार्टी और संगठन की ओर से लिया जाएगा। पार्टी नेतृत्व ही तय करता है कि किसकी भूमिका क्या होगी।" सियासत के जानकारों का कहना है कि विधानसभा चुनाव नवंबर-दिसंबर में होने हैं और मौजूदा सरकार के कार्यकाल के महज पांच-छह महीने बचे हैं। ऐसे में झामुमो का नेतृत्व कल्पना सोरेन के लिए चंपई सोरेन को सीएम की कुर्सी से हटाने की जोखिम नहीं लेगा। ऐसा करने से पार्टी में आंतरिक कलह गहरा सकता है और टूट की भी स्थिति पैदा हो सकती है। ऐसे में संभव है कि कल्पना सोरेन को अगले कुछ महीनों के लिए राज्य सरकार के मंत्रिमंडल में जगह दी जाए। मंत्रिमंडल में वह स्वाभाविक तौर पर हेमंत सोरेन का ही 'प्रतिनिधित्व' करेंगी और सरकार पर प्रत्यक्ष-परोक्ष तौर पर उनका काफी हद तक नियंत्रण होगा। इस मसले पर भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी कहते हैं, "हेमंत सोरेन जेल में हैं, चंपई सोरेन सीएम हैं और कल्पना सोरेन सीएम बनने के रास्ते में हैं। ऐसे में 4 जून को चुनावी नतीजे सामने आने के बाद इंडी गठबंधन के भीतर सत्ता के लिए झगड़ा बढ़ना तय है।" चुनाव के लिए जब प्रचार अभियान जोरों पर था, उसी दौरान झारखंड सरकार में नंबर दो की हैसियत वाले कांग्रेसी मंत्री आलमगीर आलम को ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार कर लिया।

# 'सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स' में झारखंड अव्वल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गुरुवार शाम जारी किए गए 'सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स' में झारखंड को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की दिशा में सक्रियता के आधार पर देश भर के टॉप 10 राज्यों की सूची में झारखंड पहले पायदान पर रहा है।**

### 14 मानकों के आधार पर मूल्यांकन के बाद जारी होती है मासिक रैंक

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सोशल मीडिया नोडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि देश के सभी राज्यों के सीईओ कार्यालयों की सोशल मीडिया सक्रियता की रैंकिंग करने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से जो हर माह परफॉर्मेंस इंडेक्स तैयार होती है उसमें 14 विभिन्न मानकों को आधार बनाया जाता है। इन मानकों में प्रमुख रूप से शामिल हैं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की कुल मासिक रीच, सब्सक्राइबर संख्या में अनुपातिक वृद्धि, नवाचारी अभियानों की संख्या, क्षेत्रीय भाषाओं में पोस्ट की संख्या, दिव्यांग जनों के अनुकूल सामग्री का प्रयोग, स्थानीय आईकॉन व सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ समन्वय, लाइव संवाद आदि। बताया कि झारखंड की उक्त रैंकिंग बीते अप्रैल माह में सोशल मीडिया पर किए गए विभिन्न सकारात्मक प्रयासों को लेकर थी। जिसमें राजस्थान को भी झारखंड के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान मिला है, वहीं कर्नाटक को दूसरा तथा उत्तराखंड को तीसरा स्थान मिला है।



### किसी भी सामाजिक मुहिम के लिए सोशल मीडिया एक प्रभावी माध्यम : सीईओ

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि वर्तमान परिवेश में मतदाता जागरूकता जैसे किसी भी सामाजिक मुद्दों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के लिए सोशल मीडिया एक सशक्त और प्रभावी माध्यम है। इस बार झारखंड में इसी दिशा में सोशल मीडिया का सकारात्मक प्रयोग किया गया। न केवल मुख्यालय स्तर से कई सोशल मीडिया अभियान चलाए गए, बल्कि राज्य के कुछ जिला निर्वाचन पदाधिकारीयों ने भी अपने स्तर पर कई हैशटैग अभियान चलाए। जिनमें आम लोगों की भी अपार सहभागिता रही। कई हैशटैग अभियान देश भर में ट्रेंडिंग भी हुए। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी आम नागरिकों की इसी सकारात्मक भूमिका की अपेक्षा होगी।

# 4 जून को केंद्र में इंडी गठबंधन की बनेगी सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकतंत्र के महापर्व के अंतिम चरण का मतदान के बाद झारखंड में भी तीन लोकसभा क्षेत्र राजमहल, दुमका एवं गोड्डा में सम्पन्न हुआ। इस निमित्त झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा मोदी जी के 10 साल का अन्यान्य काल से आमजनता महंगाई , बेरोजगारी से काफी त्रस्त हो चुकी है, मोदी जी अपने शासनकाल में सिर्फ चंद उद्योगपतियों के लिए सिर्फ काम किया, मोदी जी के आमजनता से किये वादे जुमला निकला इसलिए मोदी जी ने अपने दस साल के रिपोर्ट कार्ड पर बातें न कर प्रत्येक चरण को संप्रदायिक बनाने की लगातार कोशिश की, उनकी मंशा को जनता ने भांप लिया कि अबकी बार 400 पार का नारा देने का मतलब संविधान को बदलने की है, जनता जाग चुकी है कि देश को ऐसी सरकार की जरूरत है जनता की बुनियादी मुद्दे की बात करें और काम करें और हर वर्ग हर जाति धर्म को साथ लेकर चलें। उन्होंने कहा कि देश की जनता समझ गई कि इंडिया गठबंधन और कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो देश की जनता की मूलभूत सुविधाओं और देश की संविधान, हर वर्ग की रक्षा कर सकती है इसलिए पूरे देश और झारखंड में भी इंडिया गठबंधन को अपार जनसमर्थन मिल रहा है, आज झारखंड के तीन लोकसभा दुमका राजमहल और गोड्डा में भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम जनता ने किया है, आगामी 4 जून को मोदी जी की विदाई तय है और इंडिया गठबंधन को भारी बहुमत मिलेगी और केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है।



## एक नजर

### 10 दिवसीय सुकर पालन के प्रशिक्षण के बाद दिया गया ऋण

**रामगढ़।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से रामगढ़ में दस दिवसीय सुकर पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन किया गया। मौके पर अग्रणी जिला प्रबधंक संजीव कुमार, आरसेटी निदेशक तारकेश्वर कुमार, बीओआई के मरार शाखा की शाखा प्रबंधक पुष्पा कुमारी, बीओआई सारम की शाखा प्रबंधक रश्मी दास, बीओआई कुजू शाखा के मुख्य प्रबंध दीपक कुमार, बीओआई मगनपुर के शाखा प्रबंधक मनोज कुमार, एसबीआई सिरका शाखा के शाखा प्रबंधक सुदीप कुमार पासवान, एसबीआई लपंगा शाखा के शाखा प्रबंधक उपेंद्र प्रसाद व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया रामगढ के शाखा प्रबंधक की ओर से प्रमाण पत्र के साथ-साथ ग्यारह लोगो को ऋण वितरण किया गया। अग्रणी जिला प्रबधंक संजीव कुमार ने बताया कि इस प्रषिक्षण के माध्यम से लोगो को रोजगार से जोडने के साथ साथ उन लोगो के आर्थिक रूप से मजबूत भी बनाना है।

### सर्पदंश से 12 वर्षीय बालक का हालत नाजुक, ओझा छोड़ रिम्स ले गए परिजन

**दुलमी।** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के सोसो, नावाडीह में गुरुवार की शाम एक 12 वर्षीय बालक को जहरीले सांप ने काट लिया। आनन-फानन में बालक के परिजन उसे उठाकर सदर अस्पताल रामगढ़ ले गए। जहां चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था को देखते हुए, उसे रिम्स रेफर कर दिया। नावाडीह निवासी मोनोराम महतो के 12 वर्षी पुत्र संजीत कुमार को बीती शाम एक जहरीले सांप ने नहाने के क्रम में काट लिया। सियार चंदवा नामक सांप ने घर में घुसकर बालक को डसा है। घटना की सूचना पाते ही सोसो पंचायत की मुखिया उर्मिला देवी रिम्स पहुंची और बच्चे का हालचाल जाना। मुखिया ने बताया कि बालक को उसकी मां घर के कुएं में स्नान करवाने के बाद घर में लाई थी। इसी बीच सियार चंदवा नमक सांप घर में घुसा और बालक को डस लिया।

**आंधी-तूफान ने मचाई भारी तबाही, गरीबों का दुकान व मकान को पहुंचा भारी नुकसान**

## भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल में गिरे दर्जनों पेड़ व बिजली के तार






**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
बेतहाशा गर्मी से लोग बेहाल थे। लेकिन दोपहर 2:30 बजे के बाद अचानक मौसम ने करवट लिया और तूफान के साथ हुई बारिश ने भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में तबाही मचा दिया। 1 जून को दोपहर 2:30 बजे से 3:45 बजे तक जहां हल्की बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत प्रदान किया वहीं, बारिश के साथ आये तूफान ने कई पेड़ो व बिजली के तार को अपने चपेट में लेकर लोगों की मुश्किल बड़ा दी। आंधी तूफान के कारण पटेलनगर भुरकुंडा स्थित गुप्ता होटल के समीप एकाएक पेड़ गिर गया। इस दौरान कई दुकानों के हुडिंग व बैनर भी उड़कर सड़को पर गिरे पड़े मिले। सयाल मोड़ से भुरकुंडा पीओ ऑफिस जाने वाले रास्ते में दर्जनों पेड़ आंधी-तूफान के कारण गिर गये। 11 हजार केवीए का बिजली तार पेड़ो में लिपट गया और कहीं-कहीं टूट भी गया। जिसके कारण क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था और पेय जलापूर्ति ठप हो गई। साथ ही कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा सड़को पर गिरे पेड़ को हटाने का कार्य किया गया। तब जाकर यातायात सुचारू रूप से शुरू हो सका। जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित शिव मंदिर के समीप विशाल बेल का पेड़ गिर गया। तेज हवा के साथ हुई बारिश ने जहां चुभने वाली गर्मी से लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया। वहीं आंधी-तूफान के कारण विद्युत आपूर्ति गुल होने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई। इधर सड़कों पर गिरे पेड़ को हटाने व बिजली तार को सुव्यवस्थित करने में विद्युत कर्मी व स्थानीय लोग जुटे थे।

**शहर में भी हुई हल्की बारिश से लोगों को मिली राहत**

शनिवार की दोपहर शहर में भी तेज हवा के साथ हल्की हल्की बारिश होने से तापमान में गिरावट आई । जिसे लोगों को काफी राहत मिली । क्योंकि बढ़ती गर्मी से लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। लोगों का कहना है कि बारिश ने गर्मी से राहत तो दी है मगर कितनों को आशियाना भी उड़ा दिया है। कई गरीब बेघर भी हो गये हैं। अब उनके रहने की समस्या आ पड़ी है। कई जगह सड़क पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित कर दी है।

### शत चंडी महायज्ञ के आयोजन से भक्तिमय हुआ संपूर्ण क्षेत्र

**पतरातू।** पीटीपीएस जनता नगर शीतला मंदिर परिसर में शत चंडी महायज्ञ के आयोजन से शनिवार को संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला का परिक्रमा किया। जबकि मुख्य यज्ञ आचार्य शशि मिश्रा, सहयोगी पुरोहित नरोत्तम पांडेय, विकास पाठक, अमित दुबे, बबलू दुबे, भारतेंदु द्विवेदी, मनीष पांडेय, देवेंद्र पाठक और रवि पाठक ने अरणी मंथन कर अग्नि उत्पन्न किया। साथ ही बेदी पूजन, स्तंभ पूजन के साथ-साथ हवन विधि हुई। जबकि 2 जून को दैनिक पूजन और हवन प्रारंभ किया जाएगा। जबकि 3 जून को रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ, चार और 5 जून को दैनिक पाठ, 6 जून को हवन, पूणार्हुति के बाद भंडारा का आयोजन होगा। जबकि यजमान में करण चतुवेर्दी, बिहारी प्रसाद, आचार्य वसंत, अर्जुन रजक, नागेंद्र कुशवाहा और योगेंद्र साव सपत्नीक शामिल हुए। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप महतो, सचिव मुकेश उपाध्याय, कोषाध्यक्ष अजय कुशवाहा, व्यवस्थापक विपुल कुमार आदि शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

**तेज आंधी तूफान ने मचाई तबाही, बारिश से गर्मी में मिली राहत**

### खपरैल मकान पर गिरा पेड़ बाल-बाल बचे लोग



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में अचानक आई तेज आंधी तूफान और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। एक ओर जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली वहीं शनिवार को दोपहर बाद अचानक आसमान में काले बादल लिए आई जबरदस्त आंधी तूफान ने जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया। लगातार एक घण्टे तक चले आंधी से बरकट्ठा बाजार टांड़ स्थित हाई मास्ट लाइट गिर गया। वहीं कोनहारा कला में जानकी देवी पति श्यामलाल सिंह के खपरैल मकान पर पेड़ गिर गया जिससे लोग बाल बाल बच गये। वहीं पेड़ गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया और लोग बाहर रहने पर मजबूर हो गये। बरकट्ठा दिव्य कल्याण आश्रम के सामने मुकेश कुमार गुप्ता पिता स्व विश्वनाथ साव का घर का अल्बेस्टर तेज आंधी में उड़ गया जिससे पूरा घर का सामान बारिश से गीला हो गया। मुकेश पेशे से ड्राइवर है वह काफी गरीब है।वहीं प्रखंड भर में आंधी तूफान में भारी तबाही मचाई ।अनेकों घरों का अल्बेस्टर उड़ गया तो वहीं प्रखंड मुख्यालय समेत अन्य जगहों पर बड़े बड़े पेड़ उखड़ गये ।कई जगहों पर बिजली के खंभे उखड़ गए जिससे क्षेत्र में बिजली भी बाधित हो गई। हालांकि बारिश से तापमान में गिरावट आया जिससे लोगों ने राहत की सांस ली परन्तु आंधी तूफान की तबाही से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

### सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना देगा खतियानी परिवार



**हजारीबाग।** शनिवार को खतियानी परिवार की बैठक हजारीबाग के पुराने कोर्ट कैम्पस में बाबु भाई विद्रोही की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और केंद्र राज्य की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सईद अहमद, मो हकीम, अशोक राम, बाबु भाई विद्रोही, मो साबिर, सुरेश महतो, अमर कुमार, प्रदीप मेहता, शम्भू ठाकुर, मो आशिक, तनवीर अहमद, बिन्दू देवी, बोधी साव, महाबीर, महेश विश्व कर्मा, मुन्नी देवी, बबीता देवी एवं अनवर हुसैन समेत अन्य साथी उपस्थित थे।

### टाटीझरिया प्रखंड के शिक्षक की सेवानिवृत्ति के पश्चात उपायुक्त ने दिया पेंशन प्राधिकार पत्र



**टाटीझरिया ।** प्रखण्ड के शिक्षक सत्येन्द्र कुमार दीपक के सेवानिवृति के पश्चात उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा उन्हें पेंशन भुगतान का प्राधिकार पत्र सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि सतेन्द्र कुमार दीपक अपने शैक्षणिक कार्यों के अतिरिक्त सामाजिक कार्यों में भी बढ़चढ़ कर अपनी सेवा देते है। उपायुक्त ने सामाजिक कार्यों में उनकी अभिरूचि की सराहना की है। उज्जवल कुमार चौरसिया, कोषागार पदाधिकारी द्वारा इनके पेंशन संबंधी सारी औपचारिकता पूर्ण कर पेंशन भूगतान के आवेदन को प्रक्रियाधीन किया गया। मौके पर उपायुक्त ने इनके अच्छे स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना की।

**एंटी करप्शन ब्यूरो के हत्थे चढ़ा कनीय अभियंता**

## कूप निर्माण में मांगी थी रिश्वत



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
ग्राम आतमपुर चतरा के निलेश कुमार ने बिरसा सिंचाई कूप निर्माण में कूप का निर्माण किया था।जिसकी प्राक्कलित राशि लगभग 4 लाख रुपए थी।कूप निर्माण पूर्ण होने पर मापीपुस्त तैयार करने के लिए कनीय अभियंता दशरथ दास के द्वारा 20 हजार की रिश्वत मांगी गई।वादी निलेश ने इसकी सूचना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के प्रमंडलीय मुख्यालय में दी।तहकीकात एवं छानबीन के पश्चात दशरथ दास, कनीय अभियंता, प्रखण्ड लावालौंग, जिला-चतरा के द्वारा वादी निलेश कुमार से 20 रू० रिश्वत मांगने के आरोप को सत्य पाया गया। दण्डाधिकारी की उपस्थिति में हीं निलेश कुमार से आरोपी दलाल ब्रजेश कुमार ग्राम-लमटा, जिला-चतरा के द्वारा 20 हजार रू० रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया साथ ही प्राथमिकी अभियुक्त दशरथ दास उर्फ दशरथ रविदास के द्वारा वादी के बिरसा कूप निर्माण में कमिशन के रूप में रिश्वत की राशि मांगे जाने की बात पुष्टि होने पर एवं ब्रजेश कुमार (दलाल) की स्वीकारोक्ति बयान एवं सत्यापन के आधार पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के पश्चात अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

**डीएवी संस्था का 138वां स्थापना दिवस पर प्राचार्य ने कहा**

## सभी शिक्षक विद्यार्थियों को उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान करें



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
सीसीएल रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को डीएवी संस्था का 138वां स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. सुजीत कुमार शर्मा तथा सभी शिक्षकों ने डीएवी संस्था के संस्थापक महात्मा हंसराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की. तत्पश्चात विद्यालय परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया. जिसमें प्राचार्य के साथ उपस्थित शिक्षकों तथा ऑफिस स्टाफ ने हवन यज्ञ में आहुति दी। विद्यालय के संस्कृत शिक्षक रामेश्वर शर्मा ने डीएवी आंदोलन के अनुयायियों के दिए गए योगदान और उनके बलिदान की चर्चा की। विद्यालय प्राचार्य श्री शर्मा ने सभी को डीएवी संस्था की स्थापना दिवस पर शुभकामनाएँ देते हुए डीएवी के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 1 जून को 1886 में लाहौर में प्रथम डीएवी कॉलेज की स्थापना की गई थी जिसके प्रथम प्रधानाचार्य महात्मा हंसराज थे। डीएवी की स्थापना स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों एवं सिद्धांतों के प्रचार के लिए की गई। 1886 में लगाया गया पौधा विशाल वृक्ष का रूप ले चुका है जिसकी शाखा देश-विदेशों में फैली हुई है। इसी क्रम में विद्यालय प्राचार्य ने हवन के महत्व को भी बताया। प्राचार्य ने अपने नेतृत्व में विद्यालय की सभी शिक्षकों से अपील की कि वे पूरी कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के साथ उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान करेंगे. कार्यक्रम का समापन धर्म शिक्षक सत्यकाम आर्य ने शांति पाठ के साथ किया। मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाओं में उमापति कुमार, मो. खालिद सरफराज, जगन्नाथ प्रसाद, अंजनी पांडे, रीमा, ऑफिस स्टाफ महेश मेहता तथा पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

**श्री दास इंटरनेशनल की अनोखी पहल - प्यासा बेजुबान**

## वन पर्यावरण व पशु पक्षियों के संरक्षण के लिए बच्चे होंगे प्रेरित : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को बचाने के लिए श्री दास इंटरनेशनल स्कूल देवचंदा मोड़ ने प्यासा बेजुबान नामक अनोखे पहल की शुरूआत किया है. प्राचार्य रोहित सिंह ने बताया कि यह वन व पर्यावरण और पशु पक्षियों को संरक्षित करने के उद्देश्य से उनके विद्यालय ने कई कार्यक्रम आयोजित किए है. इसी क्रम में विद्यालय की एक नई पहल है. जिसके तहत प्यासे पक्षियों को अन्न जल देने का प्रयास किया जा रहा है. इस पहले के तहत पहले विद्यालय के कर्मी और बच्चे अपने घरों की छत या पक्षियों के आश्रय स्थलों पर एक साफ सुथरे घड़े में पानी और दाना रखते हैं. जिससे पक्षियों को राहत मिलती है. इस पहल को बच्चे स्वयं देखते है और उनके बारे में अधिक जानने के लिए प्रेरित होते हैं. बच्चों में पशु पक्षियों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति भावना विकसित होते हैं. जी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाती है. प्राचार्य ने आम लोगो से भी पशु, पक्षियों और पर्यावरण के प्रति सचेत और करुणा के भाव रखने की अपील किया है.

**डीवीसी परियोजना में स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ समापन**

## स्वच्छता मनुष्य के जीवन में अहम भूमिका निभाती है : संजय कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
दामोदर घाटी निगम परियोजना में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा के समापन समारोह का आयोजन किया गया। निगम के हजारीबाग स्थित विभिन्न कार्यालयों में 16 मई से स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा था, जिसके तहत बुधवार को स्वच्छता पर लघु संगोष्ठी और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विभिन्न कार्यालयों में साफ-सफाई का दायित्व निभाने वाले चतुर्थवर्गीय कर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। सभी सफाई मित्रों को राजीव रंजन, सिटी मैनेजर हजारीबाग नगर निगम एवं दामोदर घाटी निगम के निदेशक भूसंवि व परियोजना प्रधान संजय कुमार ने सम्मानित किया। उन्होंने सभी सफाई मित्रों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में स्वच्छता बहुत ही जरूरी है। साफ-सफाई मनुष्य के जीवन अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि आपके अथक सहयोग से हमलोग अपने परिसर को साफ-सुथरा रख पाते हैं। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान नुक्कड़-नाटक, शैक्षणिक संस्थाओं में दो दिवसीय स्वस्थ जीवन शैली पर परिचर्चा का आयोजन, संगोष्ठी के साथ-साथ डीवीसी मंदिर परिसर की सफाई एवं स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीवीसी के डॉ जितेंद्र झा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन में उन्होंने कहा कि सफाई को अपने दैनिक आदत में शामिल कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों एवं प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के संकल्प को पूरा कर सकते हैं। मौके पर भूमि संरक्षण विभाग के निदेशक संजय कुमार ने कहा कि हमारे चिकित्सा अधिकारी स्वयं सफाई में दिलचस्पी लेते हुए खुद से भी सफाई करते हैं । इसका असर उनके मातहत कर्मियों पर भी पड़ता है।नगर निगम के सिटी मैनेजर राजीव रंजन ने हजारीबाग नगर निगम के द्वारा किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। समारोह में डीवीसी के आईबी में कार्यरत सैमुअल हंसदा, संजय राम, विजय कुमार, भूमि संरक्षण विभाग में कार्यरत मारसा एक्का, विनोद राम, रंजीत कुमार, जीओएमडी 5 के बबलू राम, छोटू राम, सनी राम एवं धर्मेन्द्र कुमार की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

### भावनात्मक ब्लैकमेल कर ठगों ने रामगढ़ निवासी से ठगे 1.01 लाख रुपए

**रामगढ़।** रामगढ़ निवासी नवलकिशोर पांडेय के साथ ऑनलाइन भावनात्मक ब्लैकमेल कर एक लाख रुपए की ठगी की गई है। इस संबंध में भुक्तभोगी ने एक आवेदन देकर रामगढ़ थाना में शिकायत की है। आवेदन में कहा गया है कि गुरुवार को उसके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से फोन आया कि वह पुलिस है। उसका बेटा बलात्कार के एक मामले में पुलिस की गिरफ्त में है। उसके साथ काफी मारपीट की गई है। वह गंभीर रूप से घायल है। इसके बाद उसने कहा कि आप अपने बेटा से बात करें। फोन पर उसके बेटे की आवाज में नवल पांडेय को कहा कि पापा मुझे बहुत मारा गया है। मुझे बचा लीजिए। बेटे की स्थिति पर नवल पांडेय काफी परेशान हो गए। इसी बीच अंजान व्यक्ति ने कहा कि तत्काल एक लाख दस हजार रुपए मेरे खाता में ट्रांसफर करो। बेटे की आवाज से परेशान पांडेय ने तत्काल उसके बताए नंबर पर एक लाख दस हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया।

**हल्की बारिश में जलमग्न हुआ आशियाना, पूरा बरसात है बाकी**

## आरोप : सूची से नाम हटने पर अब तक नहीं मिला अबुआ आवास



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
चक्रवाती तूफान की वारिस से जहां लोग राहत महसूस कर रहे हैं. वहीं धनवार पंचायत अंतर्गत रविदास मुहल्ला के दीपक रविदास व उनके परिवार के लोग खुद को असहज महसूस कर रहे हैं. इसका मुख्य कारण आवास की कमी और हल्की बारिश से घर का जलमग्न होना है. विदित हो कि बीते दिन सड़क दुर्घटना में दीपक की पत्नी रेखा देवी की मौत हो गई थी वहीं उसका स्वयं पैर भी क्षतिग्रस्त हो गया था. घर में आय का स्रोत नहीं है. परिवार वाले चिंतित हैं कि हल्की बारिश में घर का बुरा हाल है तो बरसात में क्या होगा. आरोप है कि अबूआ आवास की सूची में नाम होने के बावजूद भी उन्हें आवास नहीं मिल पाया है. जबकि संपन्न परिवार को अबूआ आवास उपलब्ध करवाए गए हैं. परिवार वालों ने स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित अधिकारियों से उचित सरकारी सहयोग उपलब्ध करवाने की मांग की है।

**मुखिया ने बताया :** मामले के संबंध में स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि पीड़ित को अबूआ आवास के लिए चयनित किया गया था. परंतु कुछ लोगो ने बीडीओ को गलत और झूठे संवाद देकर सूची से नाम हटवा दिया. फिलहाल एक बड़ा सा तिरपाल व्यवस्था करवाया जा चुका है. उन्होंने बताया कि वह अपने स्तर से हर संभव मदद के लिए प्रयास रत हैं.

**परेशानी** | **फुड पॉइजनिंग व हीट वेव से बेंदगी के सैकड़ों लोग हुए बीमार**

## सुरक्षा के अलावा खान-पान पर देना होगा ध्यान : डॉ ज्ञानी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बीते रात से प्रखंड के बेंदगी गांव में सैकड़ों ग्रामीणों में अचानक उल्टी, दस्त, पेट दर्द और बुखार के शिकायत से पूरे गांव में खलबली मच गई. रात भर स्थानीय प्रैक्टिशनर के भरोसे इलाज चला, जब स्थिति बेकाबू हुई तो शनिवार की सुबह 9 बजे से अनुमंडलीय अस्पताल में मरीज आने लगे.जो देर शाम तक चलता रहा. जिनका डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, डॉ इंद्रजीत कुमार व डॉ अमन कुमार की टीम समुचित ईलाज प्रारंभ हुआ. जानकारी होते ही स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, झामुमो विस प्रभारी बिनोद विश्वकर्मा अस्पताल पहुंचकर वस्तुस्थिति से अवगत हुए. मुखिया श्री राणा ने बताया कि गांव के मंडप में पिछले दो दिन से पूजा चल रहा था. इसी क्रम में शुक्रवार को अखंड कीर्तन के समाप्ति के उपरांत सुजी के हलवा और चना का प्रसाद वितरण किया गया. देर रात से लोग बीमार होने लगे. जानकारी मिलते ही उचित इलाज प्रारंभ करवाया जा रहा है. अब तक लगभग दो सौ बच्चे, बूढ़े, महिल आदि ग्रामीण इसके चपेट में आ चुके हैं जो अब तक सिलसिला जारी है. डीएस डॉ ज्ञानी ने बताया कि मामला फूड पॉयजनिंग, हिट एक्सॉर्शन और मौसम के दुष्प्रभाव का है. बहुत देर तक उपवास के बाद प्रसाद ग्रहण करना साथ ही मौसम का विपरित रहना इसका मुख्य कारण है. समय से इलाज प्रारंभ हो चुका है. चिंता की कोई बात नहीं है. धीरे धीरे स्थिति सामान्य हो रहे हैं. उन्होंने लोगों को हिदायत देते हुए बताया कि इस प्रकार के मौसम में अधपके और तेलीय पदार्थ खाने से परहेज करनी चाहिए. ग्रामीण युवक दिलीप रजक ने बताया कि हलवा के लिए कई दिनों से रखी गई चीनी का उपयोग किया गया था. जिसे खाने के बाद देर रात से पेट दर्द, उल्टी और दस्त प्रारंभ हो गए. देखते ही देखते गांव के लाभाग लोग बीमार हो गए और देर रात से ही गांव में अफरा तफरी मचने लगी.

**ग्रामीणों का आरोप**
ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बीमार होने वाले में कुछ ऐसे लोग भी हैं जो प्रसाद ग्रहण भी नही किए थे. इसके अलावा उनके गांव के अलावा अन्य गांव के लोगो ने भी प्रसाद खाए. जो सभी सामान्य है. समस्या सिर्फ बेंदगी वासी के साथ ही हुई है. जो विचारनीय और गंभीर विषय है.

## डीएवी के स्थापना दिवस पर अग्रसेन डीएवी भरेचनगर में हवन का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। कुजू**
अग्रसेन डीएवी भरेचनगर में शनिवार को डीएवी के स्थापना दिवस के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन का आयोजन किया गया। इसका निर्देशन विद्यालय के अष्टम वर्ग के छात्र शुभम मिश्रा व षष्ठम वर्ग की छात्रा काव्या मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य सह क्षेत्रीय निदेशक झारखंड जोन एफ निशिकांत कर, विद्यालय सुपरवाइजरी हेड केएम झा, शिक्षक केके अम्बाष्ठा, सुधीर मिश्रा, अवधेश साहू, मुकेश झा, के भट्टाचार्जी, नीरज पाठक, एस गोस्वामी, सुमित कुमार, सौरभ पाठक, धर्मेंद्र गौतम, नवजीत आनंद, शिक्षिका रंजन वाला सिन्हा, भूपेंद्र कौर, जेके झा शामिल हुए। विद्यालय प्राचार्य सह सहायक क्षेत्र अधिकारी झारखंड जोन एफ निशिकांत कर ने डीएवी स्थापना दिवस को एक पवित्र दिन बताया। कहा स्वामी दयानंद के सपनों को पूरा करने के लिए हंसराज ने जो त्याग और बलिदान देकर 1 जून 1886 को लाहौर में डीएवी विद्यालय की स्थापना की आज वह वट वृक्ष बन गया है। इसके बाद ही भारत में एक शैक्षणिक क्रांति की शुरूआत हुई।जिसका परिणाम है कि पूरे भारत में वर्तमान समय में लगभग 900 डीएवी की संस्थाएं शिक्षा का अलख जगाते हुए देश की सबसे बड़ी गैर सरकारी संस्था बन गई है। विद्यालय सुपरवाइजरी हेड केएम झा ने डीएवी संस्था को शैक्षणिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक चेतना का द्योतक बताया।

## एक नजर

### नाबालिग का अपहरण कर किया दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के अंर्तगत नाबालिग किशोरी को अपहरण कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार इस संबंध में पीड़िता की मां ने बानो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी बेटी 30 तारीख से घर से लापता हो गई थी जिसको बानो के ही मुस्लिम बस्ती निवासी रकीब अंसारी पिता मुमताज अंसारी ने मेरी बेटी को अपहरण कर लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया।वहीं बानो पुलिस को मामले की जानकारी होते ही पीड़िता की पूरी खोज बीन में जुट गई पीड़िता को बरामद कर आरोपी युवक को धर दबोचा तत्पश्चात बानो पुलिस ने आरोपी को अपहरण और दुष्कर्म के मामले में कांड संख्या 26/24 धारा 363,366 भादवी धारा 4और 8 पोक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### बोलबा प्रखंड में आंधी-तूफान ने मचाई तबाही

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड में आँधी-तूफान ने तबाही मचाई बताया गया प्रखण्ड के क्षेत्रों बज्रपात एवं पेड़ गिरे है प्रखण्ड मुख्यालय के नीचे बाजार में बिजली के खम्भे एवं तार गिरने से बिजली प्रभावित हो गया वहीं दूसरी ओर ठेठईटांगर-जोराम से बोलबा अलिंगुड पावर ग्रीड के बीच कई स्थानों में पेड़ गिरने से बिजली के तार टूट गए जिससे बिजली प्रभावित हो गई। बिजली कर्मियों के अनुसार लगभग छह स्थानों पर मरम्मत किया जा चुका है एवं अभी कई स्थानों पर काम बाकी है जो ठीक होने पर देर रात बिजली सेवा बहाल होने की संभावना है । वहीं दूसरी ओर तलमंगा पंचायत घर के पास मोबाइल टॉवर को बिजली का ठनका मारने से मोबाइल सेवा ठप्प हो गया है तलमंगा स्कूल घर के पास मुरारी प्रसाद के जनवितरण प्रणाली के दुकान में ठनका गिरने से दाल एवं चावल जलकर राख ही गया ।

### पेयजल समस्याओं को दूर करने में जुटे विभागीय पदाधिकारी

**कोडरमा।** डीसी मेघा भारद्वाज के निर्देश के आलोक में संबंधित विभाग के पदाधिकारी आमजनों को गर्मी से राहत दिलाने और पेयजल आपूर्ति के लिए त्वरित कार्रवाई करने में जुटे हैं। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरी तिलैया द्वारा जारी संपर्क नंबर पर लगातार शिकायतें मिल रही हैं, जिनका टीम द्वारा निष्पादन किया जा रहा है। मई माह में विभिन्न पंचायतों से चापानल मरम्मत संबंधी करीब 504 शिकायतें मिली, जिसकी मरम्मत की गई। पिछले माह ककरचोली, सतडीहा, शिवपुर, बंगाखलार, चेहाल, बेंदी, गझंडी आदि पंचायतों से शिकायत मिली थी। इधर जल संकट वाले क्षेत्रों में टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है। इसके लिए नगर निकाय के पदाधिकारी द्वारा टीम का गठन किया गया है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जेएसएलपीएस योजनाओं की समीक्षा बैठक

# फूलो-झानों योजना के लाभुकों ने हड़िया दारू बिक्री करने वालों के विरुद्ध दिए कार्रवाई के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पलाश जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक पदाधिकारी के द्वारा विस्तृत प्रतिवेदन समर्पित करते हुए विभिन्न परियोजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने इस दौरान निम्नांकित बिन्दुओं पर विस्तारू समीक्षा कर अनुपालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कोलबिरा प्रखण्ड में करंज तेल निकलाने वाले युनिट के बारे जानकारी ली तथा यूनिट को जल्द से जल्द मशीन का स्थापित करते हुए संचालित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अबुआ आवास योजना के सभी लाभुकों को स्वयं सहायता समूह में जोड़ने की बात कहीं। साथ ससमय ऑडिट करवाने एवं इससे संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन



को उप विकास आयुक्त को उपलब्ध कराने की बात कहीं। उपायुक्त ने सभी प्रखण्डो में फूलों झानो आशीर्वाद योजना के अन्तर्गत सहायता प्राप्त लाभुकों के द्वारा किये जा रहे गतिविधियों का सर्वे करना तथा फूलो-झानों के अन्तर्गत सहायता प्राप्त लाभुक जिनके द्वारा हड़िया दारू बिक्री कर रहे उनके विरुद्ध आवश्यक

**कोलेबिरा प्रखण्ड में करंज तेल निकलाने वाले यूनिट के बारे जानकारी ली तथा जल्द से जल्द मशीन स्थापित कराने का निर्देश दिया**

कार्रवाई करने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने फूलो-झानों आशीर्वाद योजना के अन्तर्गत सफल लाभुकों की सूची और विस्तृत जानकारी साझा करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले में अब भी हड़िया दारू की बिक्री करने वाली दीदीयों को कन्वर्जेंस के तहत मनरेगा, पशुपालन, कृषि सहित अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उनकी आजीविका को सशक्त बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने एसएचजी क्रेडिट लिंकेज किये गये समूहों की दीदीयों द्वारा किये जा रहे गतिविधियों का समीक्षा करने तथा उन्हें सही आजीविका से जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही सभी छुटे हुए समूहों का क्रेडिट लिंकेज करवाने की बात कहीं। उन्होंने सभी प्रखण्ड में इन्टरप्राइजेज के अनुसार योजना बना कर तथा समूह की दीदीयों द्वारा पत्तल पाम बैग यूनिट इत्यादि बनाने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान में कार्यरत उत्पादक समूह के कार्यों / व्यवसायों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने की बात कहीं। उपायुक्त ने जेएसएलपीएस डीपीएम को मत्स्य, पशुपालन, कृषि, आईटीडीए व अन्य सरकारी विभाग के साथ बैठक का आयोजन कर नये-नये योजना की जानकारी लेकर समूह की महिलाओं को इसका लाभ दिलाने तथा ग्रामीण स्तर पर योजना की जानकारी पहुंचने बात कहीं।

### जल मीनार फिटिंग कर रहा युवक हुआ बेहोश इलाज के क्रम में हुई मौत

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के खिण्डा पंचायत के वागचट्टा बाजार के समीप शनिवार को सोलर जल मीनार में काम करने के दौरान युवक की मौत हो गयी। युवक की पहचान सुभाष ईन्दवार पिता शनिचर इन्दवार ग्राम कोयनारा टोंगरीटोली थाना गुमला के रूप में हुई ।घटना के संबंध में सहकर्मी पवन उराँव ने बताया कि मृतक का कल से तबीयत कुछ ठीक नही था, इसके वावजूद शनिवार सुबह बाघचट्टा में जल मीनार फीटिंग का काम कर रहा था, काम करने के दौरान मृतक सुभाष इन्दवार उपर सोलर के समीप बने स्ट्रैक्रर में बेहोश हो गया जिसे ग्रामीणों के सहयोग से नीचे उतारकर कुरडेग अस्पताल ईलाज के लिए जहाँ चिकित्सकों ने जाँच के बाद मृत घोषित कर दिया । इधर घटना की जानकारी कुरडेग पुलिस को मिलते ही एसआई सुधीर कुमार कुरडेग अस्पताल पहुँच कर शव अपने कब्जे में करते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया में जुट गए । मौके पर उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारण पता चल सकेगा।

### मनरेगा व अबुआ आवास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

**डोमचांच ।** डोमचांच प्रखंड सभागार में डीडीसी ऋतुराज ने शनिवार को मनरेगा और अबुआ आवास योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पंचायत सचिव को अबुआ आवास के लाभुकों का शत-प्रतिशत मास्टर रोल निर्गत करने का निर्देश दिया। उन्होंने अबुआ आवास योजना अंतर्गत सभी पंचायत सचिव को निर्देश दिया कि सभी स्वीकृत लाभुकों द्वारा शत- प्रतिशत आवास कार्य शुरू कराएं। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास के लाभुकों का प्लिंथ स्तर तक कार्य कराते हुए जियो टैग कराएं। द्वितीय किस्त की राशि का भुगतान के लिए लाभुकों का डॉक्यूमेंट जैसे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड करें। इस संबंध में सभी पंचायत सचिव को उन सभी लाभुकों का जाति प्रमाणपत्र दो-तीन दिनों के अंदर बनाने का निर्देश दिया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर आवास योजना एवं अन्य आवास योजनाओं का भी निरीक्षण कर पूर्ण कराने को कहा।

कुरडेग में झारखंड पार्टी की बैठक में बोले पूर्व मंत्री एनोस एक्का

# राज्य सरकार भ्रष्टाचार में डूबी बिना घूस के नहीं होता काम



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** संत जोन्स स्कूल परिसर में झारखंड पार्टी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष विनोद बरला की अध्यक्षता में की गई।बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का एवं झापा नेत्री आइरिन एक्का उपस्थित थे।बैठक में लोक सभा चुनाव की समीक्षा एवं संगठन मजबूती और प्रखंड समिति का विस्तार करने पर चर्चा की गई। एनोस एक्का ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों ने लोक सभा चुनाव के लिए काफी मेहनत की।आगामी विधानसभा चुनाव नजदीक है, सिमडेगा विधान सभा सीट को जीतने के लिए जी जान से मेहनत करनी है।चुनाव की तैयारी में अभी से ही लग जाने की बात कहीं। वहीं उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है।कहीं बिना घूस के काम नहीं हो रहे हैं। अबुआ आवास सरकार दे दी लेकिन बालू पर रोक लगा दी। अब घर बने तो कैसे,इस पर ना तो विधायक कुछ बोल रहे है और ना सांसद।गरीबों के लिए कोई बोलने वाला नहीं है। कांग्रेस पार्टी दुष्प्रचार करती है कि एनोस एक्का बीजेपी को वोट बेचती है जबकि सचाई यह है कि कांग्रेस के विधायक बीजेपी के हाथों बिक चुके हैं। भाजपा और कांग्रेस धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण कर सत्ता प्राप्त करते हैं। इससे आम जनता को कोई लाभ नही मिलता और न ही विकास का कोई काम होता है झापा चुनाव जीतने के बाद सभी समाज के मूलभूत समस्याओं को दूर करने का काम करती है। कार्यकत्ता घर घर जा कर झापा के कार्यशैली को बताएँ और ग्रामीणों का समर्थन हासील करें। जन समर्थन से झापा सिमडेगा विधान सभा सीट जीतने में जरूर सफल होगी ।उन्होंने झापा नेत्री आइरिन एक्का को सिमडेगा विधानसभा चुनाव लड़ाने की बात कही।बैठक को आइरिन एक्का, अजित किन्डो, हर्ष बरला ने भी संबोधित किया।

### कुरडेग पंचायत में मनरेगा से बन रहे कूप निर्माण में जेसीबी से हो रही है खोदाई




**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** मनरेगा का योजना यूं ही बदनाम नहीं है लगातार क्षेत्र में मनरेगा के मामले में धांधली के मामले सामने आते हैं कई जगहों पर मामले को लीपापोती कर दिया जाता है ।भ्ष्टार्चार एवं लूट का खुल्लम खुल्ला छूट कुरडेग प्रखंड क्षेत्र में दिखा जहां कुरडेग पंचायत के खरवाटोली में मनरेगा से सिसिलिया लकड़ा का कूप निर्माण कार्य हो रहा है जिसमे जेसीबी लगा कर खुदाई की जा रही हैं।वार्ड सदस्य सुष्मा टोप्पो ने उक्त योजनास्थल पर जा कर विरोध किया ।जेसीबी से कुँआ निर्माण नही करना है पर जेसीबी वाला खुदाई करता रहा लाभुक सिसिलिया लकड़ा ने बताया कुरडेग निवासी जीशान फिरदौस को जेसीबी का व्यवस्था करने बोली थी वही जेसीबी भेज दिया है और खुदाई का कार्य हो रहा है, अभी तक योजना ओंनगोइंग नही हुआ है, वार्ड सदस्य ने बताया की योजना पास हो गया है, इसको किसी तरह जल्द पूरा कर ठेकेदार के द्वारा पैसे की निकासी करने के लिए जेसीबी लगाया है।वार्ड सदस्य सुष्मा टोप्पो ने बताया जीशान फिरदौस नामक व्यक्ति हम सब ग्रामीणों को गाँव मे आ कर धमकी दे रहा है कोई योजना अब गाँव मे नही देंगे,मीडिया को बुला कर मुखिया को बदनाम करना चाहते हो।वार्ड सदस्य ने कहा मुखिया के कार्य मे प्रश्न चिन्ह लग रहा है।

# सिमडेगा पुलिस ने अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के तीन सदस्यों को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा के ठेठईटांगर पुलिस ने अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है इस संबंध में शनिवार को प्रेस वार्ता का आयोजन कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि 22 मई को ठेठईटांगर बाजार में पल्सर बाइक की चोरी हो गई थी इस मामले में पीड़ित के द्वारा थाना में जाकर आवेदन देते हुए शिकायत की थी, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया था । दर्ज मामले के आलोक में वरीय पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर पुलिस के द्वारा बारीकी से अनुसंधान करने पर इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तीनों व्यक्ति उड़ीसा निवासी हैं। जिनमें विवेक साहू सलगाबहार, बालेश्वर साहू सलगाबहार तथा समीर डुंगडुंग सलगाबहार निवासी शामिल हैं। वहीं उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कर रात के करीब दो से तीन बजे रात को सक्रिय होते थे और भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर मोटरसाइकिल की चोरी कर उसे उड़ीसा में बेच देते थे वहीं उन्होंने कहा कि इस मामले में शामिल अन्य लोगों की तलाश की जा रही है, जल्दी उन लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी। मौके पर पुलिस अंचल निरीक्षक रामानुज वर्मा, इंस्पेक्टर जयकांत कुमार राय एवं अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व मंत्री एनोस एक्का के प्रयास से अबुआ आवास के लाभुकों को होग जल्द भुगतान



**सिमडेगा।** जिले में बना रहे अबुआ आवास के वैसे लाभुक जिन्होंने आवास निर्माण करने के क्रम में आरआरसी पिलर का निर्माण कर लिया था। उनका भुगतान तकनीकी खामी के कारण नहीं हो पा रहा था। परेशान लाभुकों ने मामले की जानकारी पूर्व मंत्री एनोस एक्का को देते हुए मदद की गुहार लगाई है। लोगों की परेशानी सुनने के बाद पूर्व मंत्री ने जिले के डीसी अजय कुमार सिंह से लाभुकों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए समस्या के समाधान के लिए आग्रह किया। इसके बाद डीसी ने कहा कि वैसे लाभुक जिन्होंने पिलर का निर्माण कर लिया है, उन्हें भुगतान करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन भविष्य में अबूआ आवास के लाभुक तय मापदंड के आधार पर ही आवास का निर्माण करें ताकि भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी ना हो। डीसी के आश्वासन के बाद लाभुकों ने पूर्व मंत्री एनोस एक्का और डीसी अजय कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### भतीजे ने चाची के साथ दुष्कर्म का किया प्रयास, विरोध करने पर मारकर किया घायल



**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र के हरिजन टोली ढेबरग्राम में शनिवार को बादल तिर्की नामक युवक के द्वारा अपने ही चाची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया ।मौके पर चाची के द्वारा विरोध करने पर चाची को मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इधर घायल अवस्था में चाची को इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर इलाज की गई ।मामले की जानकारी चाची के द्वारा थाना पहुंचकर पुलिस को बताइ जिसके बाद सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार मामले की छानबीन में जुटे। इधर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार पासवान ने कहा कि मामले की बारीकी से छानबीन की जा रही है। हालांकि महिला काफी नशे में थी, महिला के लिखित आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक थाना में आवेदन नहीं दिया गया था।

### साहुबेड़ा आरसी चर्च में मसीही समुदाय ने मनाया माता मरियम का पर्व



**बानो।** प्रखंड के साहुबेड़ा आरसी चर्च में मसीही समुदाय ने माता मरियम का पर्व मनाया। इस दौरान मिस्सा अनुष्ठान एवं रोजरी बिनती किया गया। समारोही खीस्तयग फादर बिमाल जोजो के द्वारा किया गया। सभी मसीही समुदाय ने हर्षोल्लास पूर्वक जुलूस निकाला और माता मरियम की जयकार के नारे लगाए। मरियम मां की ताजिया काफी आकर्षक रहा। बच्चों द्वारा नृत्य एवं नाटक की प्रस्तुति दी गई। मौके पर साहुबेड़ा पंचायत की मुखिया सुसाना जड़िया उपस्थित रहे। साथ ही फादर बिमाल जोजो, प्रचार विजय कन्डुलना, सुशील कन्डुलना, निर्मला होरो, मरसेल भेंगरा, अलविसिया भेंगरा, एवं सैकड़ों मसीही माता -पिता, भाई -बहन, बच्चे उपस्थित थे।

### 8 वर्षीय बच्ची को सांप ने काटा अस्पताल में इलाज जारी



**बानो।** प्रखंड के सोड़ा में जहरीले सांप के काटने से 8 वर्षीय बच्ची घायल हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि सोड़ा निवासी शिवानी कुमारी जमीन में सोई हुई थी। इसी क्रम में जहरीले सांप ने उसे काट लिया ।साँप ने बाएं सीने में काटा है।घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों के सहयोग से सुबह लगभग 4:00 बजे बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज करने के बाद बेहतर इलाज हेतु सिमडेगा रेफर कर दिया गया।डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि दवाई दे दी गई है।ऑक्सीजन के साथ सिमडेगा रेफर कर दिया गया है। इधर सिमडेगा सदर अस्पताल में बच्ची की इलाज चल रही है।

### प्रमुख बिपिन पंकज मिंज के अगुवाई में सड़क पर गिरा पेड़ हटाया गया



**बोलबा।** ठेठईटांगर प्रखण्ड के प्रमुख बिपिन पंकज मिंज के अगुवाई में चालीस मर्दन जंगल के पास सड़क पर गिरे पेड़ को हराकर आवागमन चालू किया गया घटना के संबंध में बताया गया कि प्रमुख बिपिन पंकज मिंज अपने कार्य क्षेत्र भ्रमण के लिए कोरोमिंया पंचायत के सलगापोस गया था। वापस के क्रम में इतना जोर का आंधी-तूफान आया कि कई पेड़ पौधे सड़क पर गिर गया इसी क्रम में चालिस मर्दन घाटी के पास सड़क पर पेड़ गिरा पड़ा था जिससे बोलबा - ठेठईटांगर रोड जाम हो गया था प्रमुख बिपिन पंकज मिंज की अगुवाई में सभी राहगीर मिलकर के उसे पेड़ को बड़ी मशक्कत के बाद हटाया गया । इसके बाद आवागमन सुचारू रूप से शुरू हुआ ।

आवश्यकता

बीड़ी पत्ता तोड़ रहे मजदूरों से की मुलाकात, सुनी समस्याएं, कहा

# मजदूरों को नहीं मिल पा रही है उचित मजदूरी : राजेश



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** शनिवार को झारखण्ड प्रदेश मजदूर यूनियन प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान ठेठईटांगर, बोलबा के जंगल क्षेत्र का दौरा किया। मौके पर मजदूरों द्वारा शिकायत करने पर बीड़ी पत्ता तोड़ने वाले मजदूरों से मिला और उनकी समस्याओं को सुना। मजदूरों ने बीड़ी पत्ता ठेकेदार पर कम मजदूरी देने का शिकायत किया। साथ ही मजदूरों ने कहा की चार से पांच वर्ष पहले जब बीड़ी पत्ता तोड़ाई का सरकारी टेंडर नहीं हुआ तब से मजदूरों का बकाया राशि अभी तक नहीं मिला है। जिसपर मजदूर नेता ने कहा कि विगत वर्षों का जब टेंडर नहीं हुआ था उस दौरान का सभी राशि बिचौलिया दलाल और मुंशी द्वारा गबन किया गया साथ ही विभागीय रेंजर द्वारा वहीं बिचौलियों को अभी तक संपर्क में रखकर सरकारी राशि का बंदरबाट करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा बीड़ी पता का मजदूरी राशि सार्वजनिक रूप से प्रकाशित किया जाय। उन्होंने डीएफओ एवं रेंजर पर मिली भगत का आरोप लगाया। उन्होंने आगे कहा कि जिला के 75% वन क्षेत्र का कार्य बीड़ी पता के संवेदक उमेश सिंह द्वारा लगातार 15 वर्षों से सिमडेगा के मजदूरों का शोषण करने में लगे हुए हैं। वो भी मजदूरों को कम राशि देते हुए। सिंह कहा कि मजदूरों की समस्याओं को सुनने के लिए जब क्षेत्र भ्रमण किया जाता है तो संवेदक के द्वारा रंगदारी मांगने के आरोप में फंसने की धमकी दिए जाती है लेकिन मजदूरों के हित में लगातार कदम उठाए जाएंगे और इसकी शिकायत राज्य के मुख्यमंत्री तथा क्षेत्र के डीआईजी से की जाएगी।

# कोडरमा न्यामंडल में मिला सम्मान भुला नहीं पाऊंगा : विरेंद्र

**कोडरमा ।** न्यायमंडल के स्थानांतरित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार तिवारी के सम्मान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गयी। बतौर मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि कोडरमा न्यायमंडल द्वारा दिए गए इस सम्मान को मैं कभी भुला नहीं पाऊंगा। इस न्यायमंडल की सुनहरी यादें हमेशा मेरे जेहन में गूंजती रहेगी। उन्होंने कहा कि न्यायमंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारी और कर्मचारियों का हमें भरपूर सहयोग मिला है। इसकी बदौलत कोडरमा न्यायमंडल अपना विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। जिला जज प्रथम गुलाम हैदर ने कहा कि प्रधान जिला जज के नेतृत्व में कोडरमा न्यायमंडल ने न्यायिक कार्यों में भी अनूठी मिशाल पेश की है। एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि प्रधान जिला जज द्वारा कोडरमा न्यायमंडल में किए गए कार्य अपने आप में अनूठी मिशाल है। अपर समाहर्ता पूनम कुजूर ने कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका में इतना बेहतर सामंजस्य कोडरमा के अलावा और कहीं देखने को नहीं मिलता है। कार्यक्रम को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा ने प्रधान जिला जज द्वारा कोडरमा न्यायमंडल में किए गए कार्यों की प्रशंसा की।

## एक नजर

### श्री चित्रांश महापरिवार कल्याण समिति ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**आदित्यपुर।** श्री चित्रांश महापरिवार कल्याण समिति का रक्तदान शिविर रविवार को एमआईजी दुर्गा पूजा मैदान परिसर में लगाया जायेगा। रक्तदान शिविर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। इस शिविर का आयोजन महापरिवार की प्रदीप संगठन के संयोजक अरूण कुमार सिन्हा की पत्नी स्वर्गीय रीता सिन्हा की स्मृति में किया जा रहा है। समिति का यह तीसरा रक्तदान शिविर है।

### कुमारडुंगी में लू से शिक्षक की हुई मौत

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम में तापमान 44 डिग्री होने से लोगों का घर से निकलना भी बंद हो गया है। सदर अस्पताल चाईबासा में मरीज के लिये बेड नहीं मिल रहा है।
कुमारडुंगी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, छोटा रायकमान के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार भेंगरा का लू लगने से मौत हो गई। ग्रीष्म अवकाश के बीच 8वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ है। शिक्षक बुधवार को परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के स्थानांतरण प्रमाण-पत्र निर्गत करने के लिए खूंटी से मोटरसाइकिल से अपने विद्यालय गए। गुरुवार को खूंटी लौटने के बाद घर में तबीयत बिगड़ने से गिर गए। उन्हें तत्काल खूंटी अस्पताल में भर्ती किया गया। शुक्रवार को 2 बजे अपराह्न में उनका देहांत हो गया। करीब 45 वर्षीय शादीशुदा संजय कुमार 2015 बैच के शिक्षक थे। वे कर्तव्यनिष्ठ, हंसमुख और मिलनसार व्यक्ति थे। संजय कुमार भेंगरा के अचानक निधन से जिले के शिक्षकों में कृष्णा देवगम,दामु सुंडी,संजय हेरेंज, नारायण सिरका, दुर्गाचरण तुबिद,राजेन्द्र बिरुवा,योगेश सामड,अमन नाग,क्लेमेंट मिंज ,ललित स्वांसी,प्रभु सहाय बुढ़ आदि ने शोक व्यक्त किया है। शिक्षकों ने कहा कि हमने एक कर्तव्यनिष्ठ और मिलनसार व्यक्ति को अचानक खो दिया है। इस बीच पश्चिमी सिंहभूम में जिस तरह से निरंतर तापमान बढ़ते जा रहा है उसे देखते हुए सदर अस्पताल के स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों ने भी आम जनता से अपील की है कि घर से कम निकलें और अधिक से अधिक पानी का सेवन करते रहें। सिविल सर्जन ने आदेश जारी कर गाइडलाइन भी बताया और कहा कि बाहर कम रहें जरूरत के आधार पर ही घर से निकलें ताकि गर्मी से बचा जा सके। तापमान निरंतर बढ़ते जा रहा है इसका असर लोगों पर पड़ सकता है।

### बीएसके कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता और सेमिनार का आयोजन

**चाईबासा।** बीएसके कॉलेज में नमामि गंगे के तहत शनिवार को नदियों की स्वच्छता व साफ-सफाई को लेकर निबंध प्रतियोगिता और सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में दीपदान, गंगा आरती और रंगोली प्रतियोगिता के साथसाथ नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राहुल केसरी, लालू रविदास, प्रोफेसर कमलेश पांडे, डॉक्टर संध्या रानी, पंकज कुमार सिंह, संजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पेड़-पौधे लगाना और नदियों की साफ-सफाई करना जरूरी
सेमिनार में एग्यारकुंड प्रखंड के बीपीओ श्रीकांत मंडल ने कहा कि आज के समय में नदियों को स्वच्छ रखना और पानी का संरक्षण करना जरूरी है। आज जो मौसम में बदलाव हो रहा है, इसका प्रमुख कारण पेड़ों की अंधाधुंध कटाई करना है। इससे पर्यावरण असंतुलित हो जाता है। श्रीकांत मंडल ने कहा कि हम सब को अपने आसपास पेड़-पौधे लगाने चाहिए। साथ ही नदी-तालाब सहित पानी के स्त्रोतों को साफ और स्वच्छ रखना चाहिए, ताकि नदियों का जलस्तर नीचे ना जाये। बीएसके कॉलेज के प्रोफेसर महावीर प्रसाद ने कहा कि आज के समय में जल संरक्षण की काफी आवश्यकता है, नहीं तो आने वाले समय में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

# आंधी तूफान ने मचाई तबाही पेड़ वे घरों को किया क्षतिग्रसत

**राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता**
**बिरनी गिरीडीह**

बिरनी प्रखंड के कई गांवों में शनिवार को आई तेज आंधी ने एक तरफ जंहा उमस भरी तेज गर्मी से कुछ राहत दी,तो वही दूसरी तरफ इस आंधी ने जमकर तबाही भी मचाई है। जहाँ तेज आंधी के कारण बिरनी प्रखंड में कई पेड़ धराशाई हो गए। जिसमें टाटो, सलेडीहकाल,बिरनी, कपिलो,बरमसिया,विजयडीह समेत दर्जनों गाँव मे बिजली के पोल को नुकसान हुआ है। तो वही कई घरों पर भी गिर गए, जिससे काफी नुकसान हुआ तो कई घरों के छप्पर उड़ गए तो कही एस्बेस्टर से बनी घर की छावनी उजड़ गयी वही कई जगहों पर पेड़ की मोटी मोटी टहनियां भी टूट कर गिरी वही टाटो के सत्यदेव प्रसाद वर्मा और एतवारी महतो के घर पर गिरी टहनियां से काफी नुकसान हुआ है। तेज आंधी के साथ साथ बारिश हो रही थी औ? अचानक पर पर टहनियां टूट कर गिर गई जिससे कच्चे घर काफी नुकसान हुआ है।

### तिसरी में बारिश के साथ आई आंधी में दर्जनों पेड़ गिरे



**गिरिडीह।** लम्बे समय तक गर्मी के प्रकोप के बाद तिसरी में शनिवार की दोपहर को हुई बारिश ने लोगों को हल्की राहत तो दी लेकिन बारिश के साथ आई आंधी ने भी काफी तबाही मचाई। इस आंधी ने प्रखंड इलाके में कई पेड़ों को उखाड़ फेंका तो कई पेड़ की टहनियाँ तोड़ दी। तिसरी के कर्मचारी भवन के पास स्थित बरगद का पेड़ गिरा वहीं केवल अबरखा गांव के पास लगभग दर्जन भर पेड़ गिर गए।

## तोपचांची में श्रद्धा के साथ मनी भवानी महतो की 14वीं पुण्यतिथि



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
तोपचांची में शनिवार को आजसू पार्टी के संस्थापक सदस्य सह झारखंड आंदोलनकारी भवानी महतो की 14वीं पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। आजसू कार्यकताओं व समाजसेवियों ने भवानी चौक स्थित भवानी महतो की प्रतिमा पर फूल-माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर शहीद को नमन किया। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन में भवनी महतो की अहम भूमिका रही है। लेकिन शहीद परिवारों पर सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही ।यह दुखद है। अगर युवा चुनकर सदन में जाएंगे, तो शहीदों को उनका हक व सम्मान दिलाने के लिए आवाज उठाएंगे। आजसू नेता संतोष महतो ने कहा कि भवानी महतो ने आजसू पार्टी को धारदार बनाया। मौके पर रमेश मुनि, सदानंद महतो, मनोज महतो, योगेश महतो, विन्देश्वर महतो, निरंजन मंडल, सैंकी गुप्ता, प्रमोद महतो, डेगनी देवी, रीना देवी, रीता देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बाराती बनकर पहुंची छापेमारी टीम 11 हाइवा और एक जेसीबी जब्त



**नवीन मेल संवाददात। चांडिल**
ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे बालू के अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन ने शुक्रवार की देर रात बड़ी कार्रवाई की। सरायकेला-खरसावां जिले के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी ने ईचागढ़ थाना क्षेत्र में अभियान चलाया। रातभर चली छापेमारी में पुलिस ने ईचागढ़ थाना क्षेत्र के वीरडीह में नदी घाट से अवैध रूप से बालू उठाते 11 हाइवा और एक जेसीबी को जब्त किया। हालांकि कई चालक वाहन लेकर भागने में भी सफल रहे।
बालू के अवैध कारोबार पर लगाम लगा पाना काफी मुश्किल काम है। बालू कारोबारी हर चौक-चौराहे पर आदमी बैठाये रहते हैं। ये लोग पदाधिकारियों या छापेमारी दल के वाहन गुजरने पर कारोबारियों को खबर दे देते हैं। ऐसे में छापेमारी दल के पहुंचने से पहले ही नदी घाट से वाहन चले जाते हैं। इससे बचने के लिए जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी दल बाराती का वेष धारण किया। सभी वाहनों पर शादी वाले पोस्टर लगाये गये। बाराती बनकर छापेमारी दल वीरडीह घाट पर पहुंचे और वहां से 11 हाइवा और एक जेसीबी को जब्त कर लिया।

## सेल के महाप्रबंधक बीके मिंज समेत पांच कर्मी सेवानिवृत्त, दी गयी विदाई



**नीवन मेल संवाददाता। किरीबुरु**
सेल, किरीबुरु के महाप्रबंधक प्रभारी (इलेक्ट्रिकल) बालकृष्ण मिंज समेत पांच पदाधिकारी 31 मई को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर सीजीएम कमलेश राय के नेतृत्व में किरीबुरु प्रबंधन ने एचआरडीसी सेंटर में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। मौके पर सीजीएम ने सभी को डीनर सेट, प्रशस्ति पत्र और अन्य उपहार भेंट किये। सेवानिवृत्त होने वालों में बालकृष्ण मिंज के अलावा जलधर करुआ (टीसीओ), करुणाकर करुआ (सीनियर इलेक्ट्रीशियन), ममता नायक (एसीजेटी, चिकित्सा विभाग) और कुंजबिहारी नायक (सीनियर तकनीशियन) शामिल हैं।

**सभी कर्मियों ने किरीबुरु खदान को नयी उंचाईयों पर पहुंचाया**

सीजीएम कमलेश राय ने कहा कि महाप्रबंधक बी के मिंज समेत पांचों सेलकर्मी किरीबुरु खदान के विभिन्न विभागों के स्तम्भ थे। सभी ने किरीबुरु खदान को अपना करीब 35-40 वर्ष का बहुमूल्य योगदान दिया। सभी ने उत्पादन और उत्पादकता की रीढ़ बन खदान को नयी उंचाईयों पर पहुंचाया है। उनके महत्वपूर्ण योगदान को सेल प्रबंधन हमेशा याद रखेगी। हम सभी सेवानिवृत्त सेलकर्मियों के बेहतर भविष्य, सुखमय, स्वस्थ जीवन और लंबी आयु की कामना करते हैं।

**समारोह में ये लोग रहे मौजूद**

विदाई समारोह में महाप्रबंधक राम सिंह, महाप्रबंधक नवीन कुमार सोनकुशरे, महाप्रबंधक सुदीप दास, महाप्रबंधक सुकरा हो, उप महाप्रबंधक अमित कुमार विश्वास, सहायक महाप्रबंधक रथिन विश्वास, रमेश सिन्हा, सुरेश पान, दिलीप झा समेत सेल के कई कर्मी मौजूद रहे।

## सारंडा के जंगल में पत्थर का अवैध कारोबार

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**
सारंडा के घने जंगल में उसरुईया-पोंगा गांव के बीच दुलाई नदी पर निमार्णाधीन पूल एवं गार्डवाल के निर्माण कार्य में अवैध तरीके से सारंडा जंगल का पत्थर इस्तेमाल हो रहा है। सारंडा का पत्थर को अवैध तरीके से खनन कर इस्तेमाल किये जाने की शिकायत के बाद सारंडा वन प्रमंडल के अधीन कोयना (मनोहरपुर) वन प्रक्षेत्र की टीम ने छापेमारी कर अवैध पत्थर लदा एक ट्रैक्टर को पकड़ने में सफलता पाई है। साथ हीं जंगल में अवैध पत्थर को निकाल कर स्टौक किये जाने का बडा. भंडार भी पाया गया है। पत्थर लदा ट्रैक्टर को वन विभाग की टीम मनोहरपुर ले गई। इस पूल का निर्माण पलामू/राँची के ठेकेदार जितेन्द्र प्रसाद गुप्ता द्वारा कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा इससे पहले भी हतनाबुरु-पोंगा मार्ग पर गार्डवाल का निर्माण में जंगल का पत्थरों की चोरी कर पूरा गार्डवाल बनाया गया था। उस समय भी ग्रामीणों ने मनोहरपुर वन विभाग की टीम को सूचना दिया था लेकिन वह तब कार्यवाही नहीं की थी। ग्रामीणों ने बताया की ठेकेदार धमकी देता था कि उसका वन विभाग के साथ अच्छा संबंध है और उसका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता। लेकिन इस बार वह वन विभाग के हत्थे चढ़ गया। सारंडा डीएफओ अभिरुप सिन्हा ने पत्थर लदा ट्रैक्टर पकडे.जाने की पुष्टि की है और जरुरी कार्यवाही किये जाने की बात कही।

## गिरिडीह में जनसेवक तीन हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ हुए गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) धनबाद की टीम ने शनिवार को गिरिडीह के पीरटांड़ प्रखंड में जनसेवक मोहम्मद मंसूर को तीन हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों दबोचा है। कार्रवाई के बाद प्रखंड कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई और कई कर्मी भाग खड़े हुए। बताया गया कि एसीबी की टीम डीएसपी मुन्नू टुड्डू के नेतृत्व में सीधे प्रखंड कार्यालय पहुंची।
यहां जनसेवक मोहम्मद मंसूर को पीरटांड़ क्षेत्र के खुखरा गांव निवासी जहांगीर से तीन हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा और उसे गिरफ्तार कर धनबाद ले गई। जानकारी के अनुसार जनसेवक ने एक कुंए की मरम्मत का एमबी बुक के आधार पर बिल पास करने के नाम पर तीन हजार का मांग की थी।

## पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की सबर की हत्या, दोनों गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। डुमरिया**
डुमरिया थाना क्षेत्र के लखाईडीह जंगल में दोदनो सबर की हत्या के आरोपी बुढान बांडरा उर्फ चोधरो और मृतक की पत्नी कुनी सबर को पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। मृतक के पुत्र सोमा सबर के बयान पर डुमरिया थाना केस संख्या 10/24 धारा 302 आईपीसी के तहत दर्ज किया गया है। 30 मई को दोदनो सबर की हत्या लखाईडीह जंगल में धारदार हथियार से कर दी गई थी।
इस मामले में आरोपी बुढान बांडरा उर्फ चोधरो ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि दोदनो सबर की पत्नी के साथ उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोदनो सबर को इसकी भनक लग गई थी। दोनों को आपस में मिलना दोदनो सबर को पसंद नहीं था। उसको अपने रास्ते से हटाने के लिए 29 मई को दोनों ने मिलकर हत्या का प्लान बनाया। प्लान के मुताबिक दोदनो सबर की पत्नी अपने पति को लेकर जंगल पहुंची। जंगल में हथियार के साथ बुढान बांडरा छुपा हुआ था। उसने दोदनो सबर की चाकू मारकर हत्या कर दी।

## रांची में जवान की पत्नी से सामूहिक दुष्कर्म मामले में राष्ट्रपति व राज्यपाल करें कार्रवाई : परिषद



**नीवन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
रांची में सेना के जवान की पत्नी के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना को लेकर जमशेदपुर के अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद में आक्रोश है। इस घटना के खिलाफ पिछले दिनों परिषद की ओर से शहर में आक्रोश रैली निकाली गयी थी। वहीं शनिवार को परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मिल कर इस घटना पर वि?ोध जताया। साथ ही इसकी भर्त्सना की। इस दौरान परिषद ने उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। इसके माध्यम से परिषद ने राष्ट्रपति एवं राज्यपाल से व्यक्तिगत तौर पर हस्तक्षेप करते हुए अपराधियों को उनकी धृष्टता के लिए कठोरतम सजा देने की मांग की गयी है।
परिषद की ओर से कहा गया है कि वीर सैनिक अपने घरों से कोसों दूर अपने परिवारों को छोड़ कर हर विपरीत परिस्थितियों में देश की सरहदों व देशवासियों के सम्मान वव सुरक्षा में अपनी आहुति देने को तैनात रहते हैं। वहीं असामाजिक तत्व सैन्य परिवार की आबरू लूटने का कुकृत्य कर आसानी से निकल जाते हैं। परिषद ने कहा है कि एक सैनिक के लिए सामाजिक सुरक्षा के अभाव की यह अनुभूति किसी भी सभ्य समाज के मुख पर कालिख के समान है।
परिषद की ओर से कहा गया है कि सभी सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों में राजधानी रांची में पिछले दिनों घटित घटना को लेकर अत्यंत रोष है। सभी सैनिकों व पूर्व सैनिकों ने इस अक्षम्य घटना की घोर भर्त्सना की है। साथ ही कहा है कि घटना

# कोल्हान विवि ने 165 शोधार्थियों का थीसिस शोध गंगा में अपलोड




**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
कोल्हान विश्वविद्यालय में पीएचडी शोधार्थियों की थीसिस को पूरे दुनिया के प्लेटफार्म पर ले जाने के लिए पिछले तीन सालों से कार्य चल रहा है। विवि ने अब तक लगभग 165 शोधार्थियों के थीसिस को शोध गंगा में अपलोड कर दिया है, ताकि दुनिया के किसी भी स्थान पर कोई भी आसानी से देख सकता है। कोल्हान विवि के शोधार्थियों की थीसिस को हर कोई देखकर अनुभव हासिल कर सकता है। उक्त वेबसाइट में यह थीसिस को पीडीएफ फाइल बनाकर अपलोड कर दिया गया है। यह सारा कार्य कोल्हान विवि के सेंट्रल लाइब्रेरी से संचालित हो रही है। लाइब्रेरियन नीलकंठ ने कहा कि पिछले दो सालों से अपलोड का काम चल रहा है। शोधार्थी का अवार्ड होने के पश्चात उसके थीसिस को शोध गंगा वेबसाइट में अपलोड किया जाता है। यह एक ऐसा वेबसाइट है जहां पूरी दुनिया भर के श्रेष्ठ विवि के शोधार्थी का शोध पत्र यहां पर उपलब्ध है। इस वेबसाइट से शोधार्थी अनुभव हासिल कर सकते है।

**क्या है शोध गंगा**

कोल्हान विवि के लाइब्रेरियन नीलकंठ के मुताबिक शोधगंगा भारत के शोध प्रबंधों का ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक भंडार है। यह इन्फ्लिबनेट केन्द्र द्वारा स्थापित किया गया है। इनफ्लिबनेट अहमदाबाद की ऑनलाइन कंपनी है। सरकार के आदेशानुसार विश्वविद्यालयों के शोधार्थियों के लिए अपने शोध-प्रबन्धों को एलेक्ट्रॉनिक रूप में भी जमा करना अनिवार्य बना दिया गया है। दौरान साहित्यिक चोरी या मुद्राधिकार उल्लंघन से बचने तथा शोध की गिरती हुई गुणवत्ता को संभालने के उद्देश्य से शोधगंगा की पहल की गई है। अभी तक 428 विश्वविद्यालय योगदान दे रहे हैं। 7000 सिनॉप्सिस जमा हो चुके हैं, 2,50, 000 से ज्यादा फुल टेक्स्ट शोध-प्रबंध जमा हो चुके हैं।

**इंटरनेट पर उपलब्ध इस योजना का मुख्य उद्देश्य**

विभिन्न विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों में शोध पत्रों को ऑनलाइन उपलब्ध करवाना और पीएचडी जैसे विभिन्न शैक्षिक उपाधिपरक शोध-प्रबंध में नकल की बढ़ती प्रवृत्ति पर लगाम लगाना है। शोधपत्रों के अध्ययन के लिए भारत में उपलब्ध यह सबसे अच्छी व्यवस्था है। यूजीसी द्वारा शुरू की गई शोधगंगा से अब तक देश के 70 के करीब विश्वविद्यालय जुड़ चुके हैं। इस योजना के तहत देशभर के सभी विश्वविद्यालय के शोधपत्र ऑनलाइन किए जा रहे हैं। जिसके कारण किसी भी विश्वविद्यालय का शोधपत्र कहीं भी देखा जा सकता है।

## न्यूज बॉक्स

### एनटीटीएफ आरडी टाटा टेक्निकल सेंटर के 9 छात्रों का विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट



**चाईबासा।** गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आरडी टाटा टेक्निकल सेंटर में कई कंपनियों की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव चलाया गया। इसमें मुख्य रूप से कंपनी मकीनो, हाई टेक रोबोटिक्स एवं ऑरेंजवुड शामिल हैं। सभी कंपनियों की ओर से सर्वप्रथम लिखित परीक्षा, छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा एवं तकनीकी क्षमता को परखा गया। फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया। उक्त राउंड में चयनित छात्रों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन व अपनी योग्यता साबित करते हुए संस्थान को गौरवान्वित किया। संस्थान की ओर से बताया गया है कि मकीनो कंपनी की ओर से डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स फाइनल ईयर के छात्र आयुष कुमार, कृष कुमार एवं दीपक कुमार सिंह को 3.60 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर लॉक किया गया। वहीं डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के तीन छात्रों को कंपनी हाई टेक रोबोटिस द्वारा 3.80 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर लॉक किया गया, जिसमें राहुल गुप्ता, आस्था कुमारी एवं केशव विश्वकर्मा शामिल हैं। बेंगलुरु स्थित ऑरेंजवुड कंपनी में अनीश कुमार सिन्हा, क्षितिज राय को तीन लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर लॉक किया गया। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर संस्थान की प्लेसमेंट पदाधिकारी मिथिला महतो एवं नेहा ने सहयोग किया। प्राचार्य प्रीता जॉन ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को उनको उपलब्धि व इस सफलता पर शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही संस्था के प्रशिक्षक रमेश राय, पंकज गुप्ता, दीपक सरकार, अजीत कुमार समेत उप-प्रबंधन प्रशासनिक अधिकारी वरुण कुमार ने भी चयनित छात्र-छात्राओं को को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### क्रॉस कंपनी से मृतक के परिजन मांग रहे 25 लाख रुपए का मुआवजा

**आदित्यपुर।** पिछले 48 घंटे में क्रॉस कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड और कंपनी के ठेका कर्मी की हार्ट अटैक से मौत मामले में अब भी मुआवजा पर बात नहीं बनी है। प्राप्त जानकारी अनुसार कंपनी प्रबंधन ने दोनों मृतक के पत्नी को कंपनी में स्थायी नौकरी और उनके बच्चों की दसवीं तक की पढ़ाई का जिम्मा उठाने को तैयार हैं, किंतु मृतक के परिजन ने बतौर मुआवजा 25-25 लाख रुपए नगद देने की मांग पर अड़े हैं।
कंपनी के जीएम रामाकांत गिरी ने बताया कि वे लोग स्थायी नौकरी और बच्चों की पढ़ाई के साथ श्राद्ध कर्म का खर्च भी उठाने को तैयार है। बता दें कि आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया फेज 4 और फेज 6 स्थित क्रॉस लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड 54 वर्षीय प्रेम सागर महतो और ठेका कर्मी स्वपन कुमार बैरा की पिछले 48 घंटे में हर्ट अटैक से मौत हो गई थी। इस घटना के बाद शुक्रवार शाम को परिजनों ने कंपनी परिसर के बाहर मुआवजे को लेकर हंगामा शुरू किया था।

### बारीडीह टिनप्लेट कदानी रोड में श्री गुरु अर्जन देव जी की शहादत पर लगायी गयी छबील



**जमशेदपुर।** बारीडीह टिनप्लेट कदानी रोड में श्री गुरु अर्जन देव जी की शहादत को समर्पित छबील लगायी गयी। सर्वप्रथम बाबा निरंजन सिंह ने अरदास की। इसमें सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह, चेयरमैन गुरमीत सिंह तोते, चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह, महासचिव गुरुचरण सिंह बिल्ला, वरीय उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह गिल, कैशियर गुरनाम सिंह बेदी,, सलाहकार अर्जुन सिंह वालिया, अकाली दल के प्रधान सुखदेव सिंह खालसा, महासचिव रविंद्र सिंह, रविन्द्र पाल सिंह, सुखदेव सिंह, झारखंड सिख विकास मंच के संस्थापक गुरदीप सिंह अध्यक्ष दलजीत सिंह, जसवीर सिंह सोनी, सेंट्रल सिख नौजवान सभा के प्रधान अमरीक सिंह, पूर्व प्रधान सतबीर सिंह सोमू, पूर्व चेयरमैन चंचल सिंह भाटिया शामिल हुए। वहीं बिरसानगर प्रधान परमजीत सिंह रोशन, टूइलाडुंगरी प्रधान सुखराज सिंह, महासचिव परमजीत सिंह विक्की, बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की चेयरपर्सन बीबी कमलजीत कौर गिल, सुखविंदर सिंह गिल, प्रधान कुलविंदर सिंह, वरीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह तरसिक्का, उपाध्यक्ष हरभजन सिंह, उपाध्यक्ष हरजिंदर सिंह रिंकू, उपाध्यक्ष बलविंदर सिंह बिट्टू, गुरदयाल सिंह, गुरसेवक सिंह, सतपाल कौर समेत अन्य लोग शामिल हुए। सबों ने संगत एवं राहगीरों की सेवा हलवा, चना एवं शर्बत प्रसाद वितरण कर की।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग**

**सर्वसाधारण के लिये सूचना**



मुफफसिल थाना सन्हा सं0–16/24, दि0–08.05.2024 के आलोक में गुमशुदा बालक– ऋशभ कुमार उम्र–17 वर्ष, पे0–रंजीत सोनी, सा0–ओरिया, थाना–मुफ्फसिल, जिला–हजारीबाग दिनांक–05.05.2024 को समय करीब 04 बजे सुबह से लापता है काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। हुलिया:–उम्र–करीब 17 वर्ष, लम्बाई– 05 फिट, रंग–गोरा, पहनावा–ग्रे रंग का टी शर्ट, ब्लू रंग का जिंस, काला रंग का चप्पल पहना है।
इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी विष्णुगढ़ /अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नाकिंत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।
सम्पर्क सूत्रः–
अनु0पु0पदा0 सदर, हजारीबाग :– 9430116928
थाना प्रभारी मुफ्फसिल, हजारीबाग :– 9590770000

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 325251 Police(24-25)#D

जागरूकता

## गाय-भैंसों को भी लग सकती है लू


डॉ. सत्यवान सौरभ

**देश** के कई राज्यों में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है, गर्मी का असर इंसान के साथ-साथ मवेशियों के ऊपर भी दिखने लगा है। इस मौसम में पशुओं को लू लगने का खतरा बना रहता है साथ ही अधिक तापमान का असर दूध देने वाली मवेशियों पर होता है और उनके दूध देने की क्षमता कम हो जाती है। जिसका नुकसान किसानों को उठाना पड़ता है। ऐसे में पशुपालकों को इस समय पशुओं की उचित देखभाल करनी चाहिए। बढ़ते तापमान को देखते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुओं को लू से बचाने के लिए एडवाइजरी भी जारी की जाने लगी है। पशुपालक को मौसम में होने वाले परिवर्तनो के अनुसार अपने पशुओं का प्रबंधन करना चाहिए जिससे उनके उत्पादन पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े। गर्मी के मौसम में पशुओं के बीमार होने की संभावना बढ़ जाती है। गर्म हवाओं एवं तापमान अधिक होने पर पशुओं को लू लगने का भी खतरा बना रहता है। भारत में पशुपालन के तहत बडे स्तर पर दुधारु पशुओं को पाला जाता है। इनमें सबसे ज्यादा गाय, भैंस, बकरी और ऊंट की तादात शामिल है। जाहिर है कि पशुपालन बेहद जिम्मेदारी वाला काम है, जिसमें समय पर पशुओं की साफ-सफाई, चारा देना, पानी देना, दुहाना और घुमाना शामिल है। लेकिन गर्मियां आते ही तपती धूप में पशुओं को लू लगने के समस्या भी घेर लेती है। हालांकि पहले से ही सावधानियां बरत के बीमारियों को पनपने से रोका जा सकता है। लेकिन फिर भी परेशानी बढ़ जाये तो समय रहते इनकी पहचान करके पशुओं को बीमार होने से बचाया जा सकता है। हालांकि गर्मी के मौसम का दुष्प्रभाव सभी प्रजातियों के जानवरों में देखा जाता है, लेकिन गाय, भैंस और मुर्गे अधिक प्रभावित होते हैं। यह काले रंग, पसीने की ग्रंथियों की कम संख्या और भैंसों में विशेष हार्मोन के प्रभाव, और मुर्गी में पसीने की ग्रंथियों की अनुपस्थिति और शरीर के उच्च तापमान (107 F) के कारण होता है। जाहिर है कि देश में तपती धूप में कभी-कभी पारा 45 डिग्री तक चला जाता है। ऊपर से गर्म हवाओं से पशुओं को पानी की कमी और हीट-स्ट्रोक हो सकता है। अगर समय से सावधानियां बरती जाये तो बीमरियों की संभावना कम हो जाती है। लेकिन फिर भी पशु गर्मी के चलते बीमार हो जाते हैं तो इन लक्षणों से पहचान कर सकते हैं- पशु को तेज बुखार और बेचैनी होना, ठीक से आहार न लेना, तेज बुखार में हाँफना, नाक और मुंह से लार का बहना, आंखों का लाल होना और आँसू बहना, तेज सांस लेना और लड़खड़ाकर के गिरना, सुस्ती और खाना-पानी बंद कर देना। त्यधिक गर्म आर्द्र या गर्म शुष्क मौसम के दौरान, पसीने और हांफने से गर्मी को दूर करने के लिए मवेशियों की थमोर्रेगुलेटरी क्षमता से समझौता किया जाता है और गर्मी का तनाव होता है। गंभीर गर्मी के तनाव से शरीर के तापमान में वृद्धि हो सकती है, नाड़ी की दर में वृद्धि हो सकती है, परिधीय रक्त प्रवाह में वृद्धि हो सकती है, भोजन का सेवन कम हो सकता है और पानी का सेवन बढ़ सकता है। बढ़ते पारे ने दुधारू पशुओं पर बहुत दबाव डाला है और यह सबसे बुरा तब होगा जब सापेक्ष आर्द्रता 90% से अधिक हो जाएगी। मौजूदा परिस्थितियों में दूध का उत्पादन कम फीड इनटेक और अतिरिक्त हीट लोड के कारण भी कम हुआ है। हरे चारे की मात्रा बढ़ानी चाहिए और लंबे चारे को खिलाने से पहले काटना चाहिए। यदि चराई का अभ्यास किया जाता है, तो जानवरों को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चराने से बचें। 20-30 मिनट के लिए बराबर मात्रा में पानी में भिगोने से पोषक तत्वों का उपयोग बढ़ जाएगा। गर्मियों के दौरान आहार खनिज और विटामिन पूरकता में वृद्धि की जानी चाहिए क्योंकि गर्मी के तनाव के प्रभाव में इसका उत्सर्जन बढ़ जाता है। गर्मी के तनाव की अवधि के दौरान आहार में सोडियम और पोटेशियम की आपूर्ति से दूध की उपज बढ़ जाती है। पशुओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए उचित कृमिनाशक और टीकाकरण कार्यक्रम का पालन किया जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार है।)

# प्रचंड गर्मी में ठंडक देता 'मिट्टी का घड़ा'


प्रियंका सौरभ



**मटके का पानी कई बीमारियों को दूर करता है जबकि दूसरी ओर फ्रिज का पानी कई बीमारियों को जन्म देता है। मटका शुद्ध मिट्टी से बना हुआ होता है। इसलिए मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही अच्छा होता है। मटके का पानी पीने से काफी देर तक प्यास नहीं लगती है जबकि फ्रिज का पानी पीने से उसी समय दुबारा पानी पीने का मन करता है। फ्रिज का पानी चाहे कितनी बार भी क्यों न पी लो परंतु प्यास बुझती ही नहीं है। मटके का पानी पीने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। मटके का पानी पीने से पेट में गैस नहीं बनती है और पाचन संबंधी समस्याएं भी दूर हो जाती हैं। सबसे बड़ी बात मटके का पानी पीने से हमारे मटका बनाने वाले भाइयों को रोजगार मिलता है। मिट्टी के घड़े में पानी बाहरी तापमान के अनुसार ही ठंडा रहता है।**

**मुझे** याद है आज से 20-25 साल पहले जब हम छोटे हुआ करते थे उम्र यही कोई पांच 7 साल के आसपास, तब घरों में फ्रिज बहुत ही दुर्लभ चीज हुआ करती थी। जिसके घर में फ्रिज होता था हम उसे बहुत अमीर आदमी मानते थे। हमारे घर में फ्रिज नहीं था तो हमें यह लगता था कि हम बहुत गरीब हैं। उस समय फ्रिज की आइसक्रीम खाने के लिए पूरा मोहल्ला किसी एक ही घर परिवार पर आश्रित रहता था। लेकिन ठंडा पानी पीने के लिए लगभग सभी घरों में घड़े हुआ करते थे। और आज जब लगभग सभी घरों में फ्रिज है तो मैं उन दिनों को याद करता हूं जब हम छत पर सोते थे और एक छोटी सी सुराही भी अपने साथ लेकर सोते थे कि अगर रात में पानी पीने की जरूरत हो तो उस सुराही से निकाल कर के पी सकें। गर्मियों में फ्रिज का पानी पीना सब को अच्छा लगता है। परंतु फ्रिज का पानी पीने से कुछ देर के लिए तो हमें ठंडक मिलती है लेकिन बाद में बहुत ही जल्दी प्यास लगाती है और यह गर्मी भी प्रदान करता है। परंतु मटके का पानी जो प्यास बुझाता है उसका मुकाबला फ्रिज के पानी से नहीं किया जा सकता। मटके का पानी कई बीमारियों को दूर करता है जबकि दूसरी ओर फ्रिज का पानी कई बीमारियों को जन्म देता है। मटका शुद्ध मिट्टी से बना हुआ होता है। इसलिए मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही अच्छा होता है। मटके का पानी पीने से काफी देर तक प्यास नहीं लगती है जबकि फ्रिज का पानी पीने से उसी समय दुबारा पानी पीने का मन करता है। फ्रिज का पानी चाहे कितनी बार भी क्यों न पी लो परंतु प्यास बुझती ही नहीं है। मटके का पानी पीने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। मटके का पानी पीने से पेट में गैस नहीं बनती है और पाचन संबंधी समस्याएं भी दूर हो जाती हैं। सबसे बड़ी बात मटके का पानी पीने से हमारे मटका बनाने वाले भाइयों को रोजगार मिलता है। मिट्टी के घड़े में पानी बाहरी तापमान के अनुसार ही ठंडा रहता है। अगर बाहरी तापमान में गर्मी ज्यादा है तो मिट्टी के घड़े का पानी ज्यादा ठंडा होगा और अगर बाहरी तापमान थोड़ा कम गर्म है तो पानी भी कम गर्म रहेगा। ऐसे में मिट्टी के घड़े में रखा पानी हमेशा शरीर के तापमान के अनुसार ही ठंडा रहता था और यही कारण है कि मिट्टी के घड़े का ठंडा पानी कभी भी नुकसान नहीं करता जबकि फ्रिज से निकाला हुआ पानी पीने से सर्दी जुकाम की संभावना बनी रहती है। मिट्टी के घड़े में पानी रखने से मिट्टी में उपस्थित बहुत से खनिज तत्व उस पानी में मिल जाते हैं और जब हम उस पानी को पीते हैं तो वह खनिज तत्व हमारे शरीर में पहुंचकर हमारे शरीर को पोषित करते हैं। जैसा हम जानते हैं कि मिट्टी में लगभग 80 प्रकार के खनिज तत्व विभिन्न मात्रा में मौजूद होते हैं। इन तत्वों में बहुत सारे तत्व हमारे शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद है। आज लोग फ्रिज का पानी पी रहे हैं लेकिन साथ ही मिनरल सप्लीमेंट भी ले रहे हैं। जबकि पहले किसी को मिनरल सप्लीमेंट लेने की जरूरत नहीं होती थी। मिट्टी के घड़े में पानी रखने से पानी में मिट्टी की सोंधी खुशबू समा जाती थी। जब हम इस पानी को पीते थे तो प्यास बुझने के साथ ही हमें एक संतुष्टि भी मिलती थी जबकि फ्रिज का पानी पीने से ना तो प्यास ही बुझ पाती है और ना ही संतुष्टि मिलती है। मिट्टी का घड़ा हर साल बदला जाता था और कभी-कभी सीजन में दो या तीन घरों की जरूरत पड़ती थी। ऐसे में कुम्हार भाइयों को पूरे साल भर रोजगार मिला रहता था। आज हर घर में फ्रिज आ जाने से यह व्यवसाय पूरी तरीके से नष्ट हो चुका है। मिट्टी के घड़े में पानी फ्रिज के अपेक्षा ज्यादा शुद्ध रहता था साथ ही मिट्टी के घड़े से पानी हमेशा किसी अन्य बर्तन में लेकर पिया जाता था जिससे घड़ा भी शुद्ध रहता था लेकिन आज फ्रिज में रखी बोतल से सीधे पानी पिया जाता है। यह बोतलें पर जीवी संक्रमण की दृष्टि से बहुत ही नुकसानदायक है साथ ही प्लास्टिक अपने आप में ही स्वास्थ के लिए बहुत नुकसानदायक है। गर्मियों के मौसम में आज भी कई घरों में मिट्टी का बना घड़ा या मटका नजर आ जाता है। भारत में मटके में पानी रखने की परंपरा बहुत पुरानी है। कई तरह के वॉटर प्यूरीफायर और कंटेनर्स आने के बाद भी आज तक लोग मिट्टी का घड़ा अपने घरों में रखते हैं। इसके कई फायदे हैं और इसे स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा माना जाता है। अक्सर गर्मी लगने पर कई बार आप फ्रिज में रखा ठंडा पानी पी लेते हैं। ये आपके गले और शरीर पर बुरा प्रभाव डालता है। गले की कोशिकाओं का तापमान अचानक गिर जाता है और इसके कारण बहुत सी समस्यायें हो जाती हैं। गले की ग्रंथियों मे सूजन आ जाती है। जबकि आप अगर घड़े का पानी पीते हैं तो उसका कोई गलत प्रभाव नहीं पड़ता है। घड़े में रखे पानी में मौजूद विटामिन और मिनरल्स शरीर के ग्लूकोज के स्तर को बनाए रखने में मदद करते हैं। ये शरीर को ठंडक प्रदान करने का काम करते हैं। अगर आप नियमित तौर पर घड़े का पानी पीते हैं तो व्यक्ति का इम्युन सिस्टम मजबूत होता है। जबकि प्लास्टिक की बोतल में पानी रखने से उसमें अशुद्धियां इकट्ठी हो जाती हैं। मिट्टी के घड़े खरीदने के दोहरे फायदे हैं। इसलिए आज ही अपने घर में एक सुन्दर सा मटका ले आइये और स्वस्थ रहिये।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# मोदी की ध्यान साधना और उस पर उठते सवालों के बीच का सच!


डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी पिछली बार की तरह इस बार भी चुनाव प्रचार समाप्त होते ही ध्यान साधना के लिए चले गए। हम सभी जानते हैं कि पहले उन्होंने उत्तराखंड के केदारनाथ की रूद्र गुफा को अपनी ध्यान स्थली के रूप में चुना था और इस बार वे तमिलनाडु राज्य में कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान मग्न होने पहुंचे। यानी प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के हिमालय के उस क्षेत्र में जहां आद्य गुरु शंकराचार्य ने साधना की से लेकर सुदूर कन्याकुमारी जहां आधुनिक ऋषि विवेकानन्द की तपोस्थली है, वहां स्वयं की साधना के लिए स्थान तय किया। आश्चर्य होता है यह जानकर कि प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत कामना और निज से जुड़े बेहद आध्यात्मिक प्रसंग को भी भारत जैसे सर्वपंथ सद्भाव वाले देश में कई लोगों द्वारा नकारात्मक रूप से प्रस्तुत किया जा रहा है। इसके उदाहरण स्वरूप मीडिया में चल रहीं कई अंतहीन बहसों में इंडी गठबंधन से जुड़े नेता प्रधानमंत्री के इस निजि प्रसंग को भी राजनीतिक चश्में से देख रहे हैं और उनकी भरपूर आलोचना कर रहे हैं। क्या विपक्ष का यह रवैया सही है? आइए इस विषय पर कुछ गहन चर्चा करें; प्राचीन ग्रंथ 'बृहस्पति आगम' में भारत के भू-भाग को एक श्लोक में बहुत ही सुंदर ढंग से समझाया गया है -

''हिमालयात समारभ्य यावत इन्दु सरोवरम।
तं देवनिर्मितं देशं हिन्दुस्थान प्रचक्षते॥''

इसका अर्थ है, हिमालय से प्रारंभ होकर इन्दु सरोवर (हिन्द महासागर) तक यह देव निर्मित देश हिन्दुस्थान कहलाता है। इस श्लोक की साधारण व्याख्या आगे स्वातंत्र्यवीर सावरकर ने अपने अंदाज में बहुत सरल एवं आवश्यक व्याख्या की है। वे लिखते हैं -

आसिन्धुसिन्धुपर्यंता यस्य भारतभूमिका ।
पितृभूः पुण्यभूश्चैव स वै हिन्दुरिति स्मृतः।।

**1923 में प्रकाशित सावरकर की रचना 'एसेंशियल ऑफ हिन्दुत्व' अस्तित्व में आई । उन्होंने इस पुस्तक में भारत वर्ष में रहनेवाले लोग कौन हैं इस पर गहराई से प्रकाश डाला है। पुस्तक का 'सारतत्व यह है कि, हिंदू वह है, जो सिंधु से सिंधुपर्यन्त समुद्र तक फैले हुए इस देश को अपने पूर्वजों की भूमि के रूप में अपनी पितृभूमि (पितृभु), मानकर पूजता हो; जिसके शरीर में उस महान जाति का रक्त प्रवाहित हो रहा हो जिसका मूल वैदिक सप्तसिंधुओं में सर्वप्रथम दिखाई देता है और जो कुछ भी इसमें शामिल था उसको आत्मसात करते हुए तथा जो भी शामिल था उसको और बेहतर योग्य करते हुए संसार में 'हिंदू' नाम से विख्यात हुई।**

तात्पर्य है कि 'सिन्धु नदी के उद्गमस्थान से कन्याकुमारी के समुद्रतक (विस्तृत भूभाग को) भारत भूमि को जो पितृ भूमि (मातृ भूमि) और पुण्य भूमि मानते हैं, उन्हें 'हिन्दू' कहते हैं। 1923 में प्रकाशित सावरकर की रचना 'एसेंशियल ऑफ हिन्दुत्व' अस्तित्व में आई । उन्होंने इस पुस्तक में भारत वर्ष में रहनेवाले लोग कौन हैं इस पर गहराई से प्रकाश डाला है। पुस्तक का 'सारतत्व यह है कि, हिंदू वह है, जो सिंधु से सिंधुपर्यन्त समुद्र तक फैले हुए इस देश को अपने पूर्वजों की भूमि के रूप में अपनी पितृभूमि (पितृभु), मानकर पूजता हो; जिसके शरीर में उस महान जाति का रक्त प्रवाहित हो रहा हो जिसका मूल वैदिक सप्तसिंधुओं में सर्वप्रथम दिखाई देता है और जो कुछ भी इसमें शामिल था उसको आत्मसात करते हुए तथा जो भी शामिल था उसको और बेहतर योग्य करते हुए संसार में 'हिंदू' नाम से विख्यात हुई; और जो हिन्दुस्तान को अपनी पितृभूमि (पितृभु) और हिन्दू जाति को अपनी जाति मानने के कारण उस हिन्दू संस्कृति को अपनी विरासत मानता है और दावा करता है जो मुख्य रूप से उनकी सामान्य पारंपरिक भाषा, संस्कृत में व्यक्त की जाती है और एक साझा इतिहास, एक साझा साहित्य, कला और वास्तुकला, कानून और न्यायशास्त्र, संस्कारों और रिवाजों, समारोहों और धार्मिक उत्सवों, मेलों और त्योहारों द्वारा प्रकट होती है; और सबसे बढ़कर इस भूमि को इस सिंधुस्तान को अपनी पवित्र भूमि (पुण्यभु) के रूप में संबोधित करता है, और इसे धर्मप्रवर्तकों (पैंगम्बरों) की भूमि के रूप में अपने ईश्वर और गुरुओं की तथा धर्मपरायणता और तीर्थभूमि के रूप में देखता है। ''एसेंशियल ऑफ हिन्दुत्व'' में सावरकर जोर देकर कहते हैं कि 'ये हिंदुत्व की अनिवार्यताएं हैं- एक साझा राष्ट्र (राष्ट्र), एक साझा नस्ल (जाति) और एक साझा सभ्यता (संस्कृति)। इन सभी आवश्यक बातों को समेटकर, संक्षेप में यह कहकर प्रस्तुत किया जा सकता है कि एक हिंदू वह है जिसके लिए सिंधुस्थान न केवल पितृभूमि (पितृभु) है, बल्कि पवित्र भूमि (पुण्यभू) भी है।' हिन्दू शब्द पर की गई इस व्याख्या से इतना तो स्पष्ट हो जाता है कि किसी भी पंथ, मजहब, धर्म, विचार को माने या न मानें कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन भारत-भू को अपना सर्वस्व माननेवाला यहां निवासरत प्रत्येक मनुष्य हिन्दू है। क्योंकि उसकी पुण्यभूमि और जन्म भूमि भारत है और उसके पुरखे भी समान हैं। अब प्रधानमंत्री मोदी यहां क्या कर रहे हैं? वे अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित ज्ञान परंपरा के तमाम केंद्रों पर लगातार जा रहे हैं। जो भारत की मूल सांस्कृतिक पहचान हैं, उस पहचान के आधुनिक विस्तार में आज प्रधानमंत्री मोदी अपना (राजनीतिक, आर्थिक समाजिक, धार्मिक) हर संभव योगदान दे रहे हैं। पिछले 10 सालों में सत्ता में रहते हुए उन्होंने एक ओर आधुनिक भारत के लिए जरूरी सभी आवश्यकताओं को अपरिहार्य रूप से पूरा करने के लिए अपना संकल्प दिखाया है तो दूसरी ओर भारतीय ज्ञान परंपरा के वाहक स्तम्भों को कैसे और अधिक विस्तार दिया जा सकता है उस दिशा में कार्य किया है।

(ये लेखक के निजी विचार है।)

देश विदेश

## अमेरिका के इतिहास में पहली बार पूर्व राष्ट्रपति अपराधिक मामलों में दोषी करार


किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तर पर पूरी दुनियां में जहां लोकतंत्र के सबसे बड़े देश भारत में 19 मई से 1 जून 2024 तक दुनियां का सबसे बड़ा चुनावी महापर्व चला, वहीं लोकतंत्र के सबसे पुराने देश अमेरिका के इतिहास में पहली बार दिनांक 31 मई 2024 को किसी पूर्व राष्ट्रपति को 34 मामलों में दोषी पाया गया,तो वहीं दूसरी तरफ हांगकांग में भी वहां की संसद द्वारा बनाए गए नए कानून के तहत लोकतंत्र के समर्थक 14 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है, परंतु भारत में मंगलवार दिनांक 4 जून 2024 को लोकतंत्रके हीरो यानें संसद कौन बनते हैं, किसकी सरकार बनती है यह निश्चित हो जाएगा। जबकि अमेरिका में आगामी 5 नवंबर 2024 को राष्ट्रपति के चुनाव होने हैं, जिसमें अनेकों उम्मीदवारों के नाम थे लेकिन अब मुख्य मुकाबले की दौड़ में दो व्यक्तियों के होने का अनुमान है परंतु 31 मई 2024 को आई खबर ने पूरे विश्व की नजरें अमेरिका की ओर घुमा दी है क्योंकि राष्ट्रपति पद के प्रबल उम्मीदवार पर न्यूयॉर्क कोर्ट ने 34 आरोपों में दोषी करार दिया गया है, जिसपर 11 जुलाई 2024 को सजा का ऐलान किया जाएगा, जो 4 वर्ष तक कैद या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। परंतु सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि अमेरिकी संविधान में कोई भी किसी भी आरोप का दोषी चुनाव लड़ सकता है जो जेल में ही क्यों ना हो,जीत सकता है, सरकार भी बन सकता है और जेल से सरकार भी चला सकता है, जो उसके पावर से बाहर रहकर उपराष्ट्रपति वह अन्य पावर ऑफ अटॉर्नी लेकर चला सकते हैं। परंतु इससे अमेरिका में संवैधानिक संकट की स्थिति उत्पन्न होने का अंदेशा जताया जा रहा है, जो चिंतनीय है। हालांकि पूर्व राष्ट्रपति ने इसका विरोध ऊपरी कोर्ट में अपील करने की बात कही है, वही फैसला देने वाले जजों पर भी उंगली उठा दी है। बता दें कि राष्ट्रपति का नॉमिनेशन फॉर्म 5 जुलाई 2024 को भरा जा सकता है, जबकि सजा का ऐलान 11 जुलाई को होगा। चूंकि अमेरिका के इतिहास में पहली बार किसी पूर्व राष्ट्रपति को अपराधों में दोषी साबित किया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप 34 मामलों में दोषी करार, सजा का ऐलान 11 जुलाई 2024 को होगा। साथियों बात अगर हम अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति को दिनांक 31 मई 2024 को न्यूयॉर्क की कोर्ट द्वारा दोषी करार देने की करें तो,अमेरिका के लिए 31 मई 2024 की तारीख इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गई है लेकिन ये पन्ना अमेरिका के काले सच को बयां कर रहा है। क्योंकि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति को पोर्न स्टार केस में दोषी करार दिया गया है। 11 जुलाई को न्यूयॉर्क कोर्ट उन्हें इस मामले में अब सजा सुनाएगा। वे किसी मामले में दोषी पाए जाने वाले अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति भी बन गए हैं। हालांकि अमेरिका के कई राष्ट्रपति कई आरोपों से घिरे रहे लेकिन अभी तक अमेरिका का इन राष्ट्रपतियों पर दोष सिद्ध नहीं हो पाया। लेकिन पोर्न स्टार वाले मामले में अब ऐसा हो चुका है। न्यूयॉर्क कोर्ट की ज्यूरी ने पोर्न स्टार को चुप कराने के लिए किए गए भुगतान को छिपाने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के सभी 34 मामलों में दोषी पाया है उनको फिलहाल बिना जमानत के रिहा किया गया है। ये केस अब अमेरिका का ऐसा पहला मामला बन गया है जिसमें अपराधी कोई और नहीं बल्कि अमेरिका समेत पूरी दुनियां का सबसे ताकतवर पद पर रहा शख्स यानी अमेरिका का पूर्व राष्ट्रपति है।(1) उनपर बिजनेस रिकॉर्ड में हेरफेर का आरोप लगा है। गलत बिजनेस रिकॉर्ड दिखाने के मामले में 34 चार्ज लगाए गए हैं। ये सभी चार्ज 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पोर्न स्टार को चुप रहने के लिए 1 लाख 30 हजार डॉलर करीब 1 करोड़ 70 लाख की राशि दी गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# आर्थिक मोर्चे की दो शानदार खबरों से सशक्त होता भारत


ललित गर्ग

**भारत भूमि पर भारतीय रिजर्व बैंक के खजाने में 100 टन से कुछ ज्यादा स्वर्ण का शामिल होना सुखद और गौरवान्वित करने वाली खबर है। इसी तरह दूसरी महत्वपूर्ण खबर है पूर्व के सभी अनुमानों को ध्वस्त करते हुए देश की अर्थव्यवस्था ने 8.2 फीसदी की दर से उड़ान भरी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, पहली तिमाही अप्रैल-जून में 7.8 फीसदी, दूसरी तिमाही जुलाई- सितंबर में 7.6 प्रतिशत और तीसरी तिमाही अक्टूबर- दिसंबर में 8.6 फीसदी की दर से बढ़ी थी। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई। जीडीपी की यह रफ्तार दुनिया के सभी विकसित एवं विकासशील देशों में सर्वाधिक है।**

**एक** जून को आम चुनाव के सातवें व अंतिम चरण के चुनाव हो रहे हैं, जिसमें 57 सीटों पर मतदान चल रहा है, चुनाव से पहले कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्यान को लेकर विपक्ष की धमासान राजनीति हो रही है, कांग्रेस मामले को लेकर अदालत भी पहुंच गई है, इस राजनीतिक गर्मा-गर्मी के बीच मतदान से ठीक एक दिन पहले आर्थिक मोर्चे पर दो शानदार खबरें आई है, जो न केवल चौंका रही है, आश्चर्यचकित कर रही है बल्कि अपूर्व खुशी का अहसास करा रही है। भारत भूमि पर भारतीय रिजर्व बैंक के खजाने में 100 टन से कुछ ज्यादा स्वर्ण का शामिल होना सुखद और गौरवान्वित करने वाली खबर है। इसी तरह दूसरी महत्वपूर्ण खबर है पूर्व के सभी अनुमानों को ध्वस्त करते हुए देश की अर्थव्यवस्था ने 8.2 फीसदी की दर से उड़ान भरी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, पहली तिमाही अप्रैल-जून में 7.8 फीसदी, दूसरी तिमाही जुलाई- सितंबर में 7.6 प्रतिशत और तीसरी तिमाही अक्टूबर- दिसंबर में 8.6 फीसदी की दर से बढ़ी थी। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई। जीडीपी की यह रफ्तार दुनिया के सभी विकसित एवं विकासशील देशों में सर्वाधिक है। उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की यह तेज गति सशक्त अर्थव्यवस्था को एवं दुनिया की तीसरी आर्थिक महाताकत बनने के संकल्प को बल देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से ही भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में एक चमकते सितारे के रूप में उभरी है, सुदृढ़ आर्थिक विकास के सुनहरे परिदृश्य प्रस्तुत कर रही है एवं 'मजबूत आर्थिक विकास' को दर्शा रही है। जीडीपी की शिखर की ओर बढ़ने की गति भारत के शक्तिशाली बनने का आधार है। विनिर्माण, निर्माण, लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं द्वारा प्रोत्साहित, चौथी तिमाही की 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्थशास्त्रियों द्वारा लगाए गए 7.3-7.4 प्रतिशत के उच्चतम अनुमान से कहीं अधिक रही। और 8.2 प्रतिशत की पूर्ण वर्ष की वृद्धि दर आरबीआई द्वारा अनुमानित 7 प्रतिशत और एनएसओ द्वारा 2023-24 के लिए 7.6 प्रतिशत के दूसरे अग्रिम अनुमान से अधिक है। यह आंकड़ा सभी अनुमानों एवं पूर्वानुमानों से ऊपर है। जीडीपी की गति इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगी। यह आर्थिक विकास देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। यह जीडीपी इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल यानी 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का विजन निश्चित ही हम हासिल करेंगे। ध्यान देने की बात है कि आजादी के बाद की अधिकतम शासन करने वाली सरकारों ने आर्थिक संकट ही खड़े किये थे। मजबूरी में देश को अपना सोना विदेश भेजना पड़ा था। तब कर्ज का जाल भारी हो गया था, लेकिन आज भारत की अर्थव्यवस्था बेहतर प्रदर्शन कर रही है और कर्ज चुकाना अब समस्या नहीं है। ऐसे में, इतने बड़े पैमाने पर विदेश से सोना लाने की प्रशंसा ही की जा सकती है। मार्च के अंत तक रिजर्व बैंक के पास 822.1 टन सोना था, जिसमें से 413.8 टन विदेश में था। वास्तव में, अपना सोना किसी अन्य देश में रखने को बहुत अच्छा नहीं माना जाता है। रिजर्व बैंक शायद संदेश देना चाहता है कि भारत अब शक्तिशाली है और वह अपने सोने की हिफाजत खुद कर सकता है। आज अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर हम ब्रिटेन से आगे निकल गए हैं, तो हमें अपनी नीतियों में गरिमा के अनुरूप परिवर्तन करना ही चाहिए। वैसे, भारत की स्थिति अचानक नहीं सुधरी है। एक खास बात यह भी है कि भारत चालू वित्त वर्ष में ऐसे चंद देशों में शुमार है, जिन्होंने सोना खरीदा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ ही महीनों में 27.5 टन सोना खरीदकर अपने स्वर्ण भंडार में जमा किया है। स्वर्ण भंडार के मामले में भारत 822.1 टन के साथ दुनिया में नौवें स्थान पर है और अमेरिका के पास सर्वाधिक 8,133 टन से ज्यादा सोना है। जर्मनी के पास 3,352 टन सोना है। उसके बाद इटली, फ्रांस, रूस, चीन (2,262 टन), स्विट्जरलैंड और जापान का स्थान है। समय के साथ सोने का भाव बढ़ता ही रहा है, बीस साल पहले जो सोना 6,307 रुपये प्रति दस ग्राम का था, वही सोना आज 73,390 रुपये प्रति 10 ग्राम का हो गया है। जाहिर है, सोने की मांग नहीं घटने वाली, पर ज्यादा से ज्यादा भारतीयों को अपनी बुद्धि, कौशल और श्रम से सोना खरीदने में सक्षम होना पड़ेगा, तभी देश के स्वर्ण भंडार की खनक-चमक बढ़ेगी। कई उच्च आवृत्ति संकेतक जैसे जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, माल ढुलाई आंकड़े आदि संकेत देते हैं कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था लचीली और उत्साही बनी हुई है। मोदी यदि तीसरे कार्यकाल के लिये प्रधानमंत्री चुने जाते हैं तो भारत की आर्थिक विकास गति जारी रहेगी। जीडीपी एवं आर्थिक गति मूडीज, फिच, एसएंडपी, नोमुरा, रिजर्व बैंक, आईएमएफ आदि दिग्गज वित्तीय संस्थानों के अनुमानों को ठुकराते हुए नई छलांगे लगायेगी। प्रधानमंत्री ने देश में आतंकवादी वारदातें कम होने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, सरकार के ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करने का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा धन खर्च किया है और 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। निश्चित ही भारत से गरीबी दूर हो रही है। उन्होंने देशवासियों को इस बात का अहसास कराया कि जब देश आर्थिक रूप से मजबूत होता है तो तिजोरी ही नहीं भरती बल्कि देश का सामर्थ्य भी बढ़ता है। उन्होंने देशवासियों से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने का आह्वान भी किया क्योंकि ये गरीब, पिछड़े, आदिवासियों और दलितों का हक छीनते हैं। यह उल्लेखनीय एवं संतोष का विषय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 45 घंटे तक ध्यान लगाने के बाद लौटे पीएम

एजेंसी



विशाल शांत समुद्र को निहारते पीएम

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कन्याकुमारी में ध्यान मंडपम में 45 घंटे तक ध्यान लगाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विवेकानंद रॉक मेमोरियल से रवाना हो गए। रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने विवेकानंद रॉक मेमोरियल के पास स्थित संत और तमिल सांस्कृतिक प्रतीक तिरुवल्लुवर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। पीएम मोदी के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) के साथ-साथ कोस्ट गार्ड भी प्रधानमंत्री की सुरक्षा में लगा था। पीएम मोदी हेलीपैड से एक हेलीकॉप्टर द्वारा तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे गए, जबकि दो अन्य हेलिकॉप्टर प्रधानमंत्री के साथ तिरुवनंतपुरम जाएंगे। इसके बाद तिरुवनंतपुरम से पीएम मोदी ने शाम एक विशेष विमान से नई दिल्ली के लिए उड़ान भरा और शाम 7.30 बजे तक नई दिल्ली पहुंच गए।

### स्वामी विवेकानंद की तस्वीर के सामने ध्यान के लिए बैठे पीएम मोदी

शनिवार को सामने आए एक नए वीडियो में प्रधानमंत्री सुबह-सुबह सूर्य को जल अर्पण और मंत्रोच्चार करते दिखे। वह हाथ में रुद्राक्ष की माला लिए विशाल शांत समुद्र को निहारते हुए मंदिर परिसर में खाली पांव घूमते नजर आए। इसके बाद वो मेमोरियल के एक हॉल में स्वामी विवेकानंद की तस्वीर के सामने ध्यान के लिए बैठ गए।

# प्रख्यात पद्मश्री कठपुतली कलाकार मगुनी चरण कुआंर का निधन, शोक

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रख्यात कठपुतली कलाकार पद्मश्री मगुनी चरण कुआंर का शनिवार सुबह ओडिशा के क्योंझर स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे और कई महीनों से अस्वस्थ थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उनके निधन पर दुख जताया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने शोक संदेश में कहा कि ओडिशा के क्योंझर के एक प्रख्यात कठपुतली कलाकार मगुनी चरण कुआंर के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। उन्हें पारंपरिक कठपुतली नृत्य शैली को बढ़ावा देने के लिए पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया था। वे अपने पीछे एक प्रेरणादायक विरासत छोड़ गए हैं। उनके परिवार, मित्रों और प्रशंसकों के प्रति संवेदना।

## आज का राशिफल

**मेष** — संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य को त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**वृषभ** — कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**मिथुन** — मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।

**कर्क** — शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे।

**सिंह** — विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ।

**कन्या** — क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

**तुला** — सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है।

**वृश्चिक** — परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी।

**धनु** — कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**मकर** — पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**कुम्भ** — दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**मीन** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

# 4 जून को होगा देश में एक नया सवेरा : राहुल गांधी

- *राहुल गांधी ने कहा- अब तक के रुझानों से स्पष्ट है कि देश में 'इंडी' की सरकार बनने जा रही है।*
- *अपने अनुभव के आधार पर, अपने विवेक से, अपने मुद्दों पर भारी से भारी संख्या में मतदान करें।*

एजेंसी



अपने संविधान, अपने लोकतंत्र के लिए मतदान करें और एक ऐसी सरकार बनाएं जो सिर्फ आपके लिए काम करे।

**नई दिल्ली।** देश में 57 लोकसभा सीटों के लिए शनिवार को मतदान हो रहा है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर 'इंडिया' ब्लॉक की सरकार बनने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि 4 जून को एक नया सवेरा होने वाला है। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान का अंतिम दौर है। गौरतलब है कि शनिवार को मतदान समाप्त होने के उपरांत वोटिंग प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और इसके बाद 4 जून को वोटों की गिनती होगी।

राहुल गांधी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अब तक के रुझानों से स्पष्ट है कि देश में 'इंडी' की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने मतदाताओं से कहा, मुझे गर्व है कि झुलसा देने वाली गर्मी में भी आप सभी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए वोट देने निकले हैं। आज भी बड़ी संख्या में बाहर निकल कर अहंकार और अत्याचार का प्रतीक बन चुकी इस सरकार पर अपने वोट से अंतिम प्रहार जरूर कीजिए। 4 जून का सूरज देश में एक नया सवेरा लाने जा रहा है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि आज चुनाव का आखिरी चरण है और अब तक यह साफ हो चुका है कि 'इंडी' गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने मतदाताओं से कहा, आपकी अधिक से अधिक भागीदारी 'इंडिया' को और ज्यादा मजबूत बनाएगी। अपने अनुभव के आधार पर, अपने विवेक से, अपने मुद्दों पर भारी से भारी संख्या में मतदान करें। अपने संविधान, अपने लोकतंत्र के लिए मतदान करें और एक ऐसी सरकार बनाएं जो सिर्फ आपके लिए काम करे।

### एग्जिट पोल पर नहीं जनता पर है भरोसा : तेजस्वी यादव

**पटना।** तेजस्वी यादव ने कहा कि उन्हें एग्जिट पोल पर नहीं जनता पर भरोसा है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है, एनडीए जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने महंगाई, बेरोजगारी बढ़ाई है, उनके खिलाफ जनता वोट करेगी। देश के लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण की हिफाजत करने की घड़ी है। बिहार के लोगों का मन टनाटन है। महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ वोट होगा।

# सीएम केजरीवाल को कार्ट से तत्काल राहत नहीं, आज करना होगा सरेंडर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से राहत नहीं मिली। केजरीवाल की अंतरिम जमानत की मांग पर राउज एवेन्यू कोर्ट का आदेश पांच जून को आएगा। इसका मतलब ये कि केजरीवाल को कल सरेंडर करना होगा और वो एक बार फिर तिहाड़ जेल जाएंगे। बता दें कि केजरीवाल ने 27 मई को सुप्रीम कोर्ट में अपनी अंतरिम जमानत को सात दिन और बढ़ाने की मांग की थी। केजरीवाल ने इसके पीछे अपने स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया था। उन्होंने कोर्ट को बताया कि उन्हें पीईटी और सीटी स्कैन के अलावा कुछ और परीक्षण कराने हैं। इन सभी जांचों के लिए उन्हें सात दिन का समय चाहिए। आम आदमी पार्टी ने बयान जारी करते हुए जानकारी भी दी थी कि गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल का वजन सात किलो घट गया। उनका कीटोन लेवल बहुत ऊंचा है। ये किसी गंभीर बीमारी के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे में केजरीवाल की तरफ से याचिका दायर कर अंतरिम जमानत को सात दिन बढ़ाने की मांग की गई।

### एक जून तक मिली थी अंतरिम जमानत

गौरतलब है कि दिल्ली शराब नीति केस में घिरे केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से पिछले महीने की शुरूआत में राहत मिली थी। ईडी के विरोध सर्वोच्च न्यायालय ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आप संयोजक को 1 जून तक अंतरिम जमानत देने का फैसला किया था। केजरीवाल को (अब समाप्त हो चुकी) दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था।



### केजरीवाल के आवास एंबुलेंस लेकर रवाना हुए बीजेपी नेता विजय गोयल

दिल्ली शराब घोटाले में फंसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव प्रचार में हिस्सा लेने के लिए 21 दिनों की अंतरिम जमानत दी थी, जिसकी मियाद शनिवार को पूरी हो रही है। दो जून को उन्हें सरेंडर करना है। बीते दिनों उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसमें उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाए जाने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने उनकी याचिका स्वीकार नहीं की। सीएम केजरीवाल लगातार अपने खराब स्वास्थ्य की बात कह रहे हैं।

## भारत के साथ सहयोग को और मजबूत करेंगे : राष्ट्रपति मार्कोस

**सिंगापुर।** फिलीपींस के राष्ट्रपति मार्कोस जूनियर शनिवार को मनीला में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज (आईआईएसएस) शांगरी-ला डायलॉग के 21 वें संस्करण के लिए मुख्य भाषण देने वाले फिलीपींस के पहले नेता बन गए। उन्होंने कहा कि आसियान के लिए फिलीपींस की प्रतिबद्धता इसकी विदेश नीति का एक मुख्य तत्व बनी रहेगी। मार्कोस ने भारत को अपना दोस्त बताते हुए कहा कि मनीला नई दिल्ली के साथ सहयोग जारी रखेगा। जूनियर मार्कोस ने आगे कहा, 'हम अमेरिका के साथ अपने गठबंधन और ऑस्ट्रेलिया, जापान, वियतनाम, ब्रुनेई और आसियान के सभी सदस्य राज्यों के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करेंगे।'

**पुणे हिट एंड रन मामला**

## नाबालिग आरोपी की मां गिरफ्तार मां-बेटे से पुलिस की पूछताछ जारी

एजेंसी



**मुंबई।** पुणे हिट एंड रन मामले में शनिवार सुबह पुलिस ने इस मामले के नाबालिग आरोपित की मां को गिरफ्तार कर लिया है। उधर इस मामले पहले से बाल सुधार गृह में भेजे गए नाबालिग आरोपित से पुलिस शनिवार सुबह से ही पूछताछ कर रही है। पूछताछ के समय नाबालिग आरोपित की मां को भी मौके पर उपस्थित रखा गया है। पुणे पुलिस आरोपित की मां को कोर्ट में पेश करने की तैयारी भी कर रही है। जानकारी के अनुसार 19 मई पुणे में नाबालिग आरोपित ने बिना नंबर प्लेट की पोर्शे कार नशे धुत्त होकर चलाते हुए एक बाइक को टक्कर मार दी थी। इस घटना में बाइक सवार अनीश दुदिया और अश्विनी कोस्टा की मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपित का ब्लड सैंपल बदलने और ड्राइवर को पूरा मामला अपने सिर लेने के लिए धमकी देने के आरोप में पुलिस नाबालिग आरोपित के पिता और दादा को गिरफ्तार कर लिया। दोनों इस समय न्यायिक कस्टडी में हैं। नाबालिग आरोपित का ब्लड सैंपल बदलने के मामले में ससून अस्पताल के डॉक्टरों ने तीन लोगों का ब्लड सैंपल लिया था। इनमें से एक आरोपित की मां ने ब्लड सैंपल बदलने के लिए खुद अपना ब्लड सैंपल दिया था। इसी मामले में आरोपित की मां को आज गिरफ्तार किया गया है।

# सलमान खान के फार्महाउस की रेकी करने वाले 4 शूटर गिरफ्तार

एजेंसी



**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के पनवेल स्थित फार्महाउस की रेकी करने वाले लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार शूटरों को नवी मुंबई पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। शूटरों की पहचान धनंजय उर्फ अजय कश्यप, गौरव भाटिया उर्फ नहवी, वासपी खान उर्फ वसीम चिकना और रिजवान खान उर्फ जावेद खान के रूप में की गई है। नवी मुंबई पुलिस स्टेशन की टीम ने इस मामले में इन चारों के साथ लॉरेंस बिश्नोई, अनमोल बिश्नोई, संपत नेहरा, गोल्डी बरार समेत 17 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार ये चारों शुक्रवार देर रात पनवेल स्थित सलमान खान के फार्महाउस पर रेकी कर रहे थे। नवी मुंबई पुलिस को पहले ही गोपनीय जानकारी मिली थी कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग के कुछ गुर्गे पनवेल में हैं और सलमान खान को मारने की साजिश कर रहे हैं। यह भी जानकारी मिली थी कि तीन तरह के हथियारों की डील पाकिस्तान के सप्लायर से हुई थी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सलमान खान पर उनके ही फार्महाउस पर हमले की पूरी प्लानिंग कर ली थी। इसी जानकारी के आधार पर नवी मुंबई पुलिस ने इन चारों शूटरों को सलमान खान के फार्म हाउस पर रेकी करते समय गिरफ्तार कर लिया।

उल्लेखनीय है कि एक महीने पहले सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट स्थित घर के बाहर मोटरसाइकल सवारों ने फायरिंग की थी। दोनों आरोपितों विकी गुप्ता और सागर पाल को गुजरात से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पंजाब से इस मामले से जुड़े अनुज थापन को गिरफ्तार किया गया। 1 मई को थापन की मुंबई पुलिस के लॉकअप में ही मौत हो गई थी।

## इजरायली सेना की वापसी के बाद गाजा के शिविर में मिले 70 शव

**गाजा।** उत्तरी गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर में कम से कम 70 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। यहां से हाल ही में इजरायल ने अपनी सशस्त्र सेनाओं को वापस बुला लिया था। स्थानीय चिकित्सा सूत्रों ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल ने शिविर से लगभग 70 शवों को निकाला। इनमें 20 बच्चे शामिल हैं। लापता लोगों की तलाश जारी है। सूत्रों ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान इजरायली हवाई हमलों और गोलाबारी के चलते दर्जनों लोग घरों, आश्रयों और अस्पतालों के मलबे के नीचे लापता बताए गए हैं। जैसे ही इजरायली सेना वापस लौटी, सैकड़ों निवासी अपने घरों का हाल जानने के लिए लौटे। उनमें से कुछ ने शिन्हुआ को बताया कि हमलों के चलते शिविर और उसके आसपास के सैकड़ों घरों के साथ-साथ सड़कों, जल आपूर्ति प्रणालियों और सीवेज जैसे बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है।

**चुनौती** / भूस्खलन की आशंका से थोडुपुझा-पुलियानमाला राजमार्ग पर यातायात बंद

# मानसूनी बारिश से केरल के कई इलाके जलमग्न

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून के जल्द दस्तक देने के दो दिन बाद राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। भारी बारिश के प्रभाव से इलाकों में भूस्खलन और जलभड़ाव की समस्या उत्पन्न हो गई। कोट्टायम, इडुक्की और एनार्कुलम के कुछ इलाकों में शुक्रवार रात से ही भारी बारिश जारी है। शुक्रवार की रात पहाड़ी जिले इडुक्की के अंदरूनी इलाकों में स्थित पूचपरा और कोलप्परा इलाकों में भूस्खलन के कारण कई मकान और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। भूस्खलन के संभावित खतरे के कारण थोडुपुझा-पुलियानमाला राज्य राजमार्ग पर यातायात प्रतिबंध लगा दिया गया है। भूस्खलन के कारण संभावित खतरे को देखते हुए थोडुपुझा-पुलियानमाला राज्य राजमार्ग पर यातायात प्रतिबंध लगा दिया गया है। इडुक्की में मलंकारा बांध के पांच द्वार खोले जाने के बाद थोडुपुझा और मुवत्तुपुझा नदियों के किनारे रहने वालों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई।

### आसपास के लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा गया

कोट्टायम जिले के विभिन्न इलाकों में भारी बारिश के मद्देनजर मीनाचल और मणिमाला नदियों के पास रहने वाले लोगों को भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है। शुक्रवार की शाम लगातार बारिश होने के कारण कोट्टायम के कई इलाकों में जलभराव हो गया। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात को वडावथूर क्षेत्र में 100 मिमी और कोट्टायम के शहरी क्षेत्रों में 99 मिमी बारिश हुई। एनार्कुलम के अलुवा क्षेत्र में 31 मई की रात से ही भारी बारिश हो रही है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की जानकारी के अनुसार, आज सुबह एनार्कुलम, त्रिशूर और मलप्पुरम जिलों में एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और 40 किमी प्रति घंटे तक की गति के साथ आंधी चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि रविवार को पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश से टकराने वाले चक्रवात रेमल ने मानसून के प्रवाह को बंगाल की खाड़ी में खींच लिया था, जो पूर्वोत्तर में मानसून के जल्दी दस्तक देने का एक कारण हो सकता है। त्रिशूर में भारी बारिश के कारण कई लोग बड़ी संख्या में बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर फंसे हुए हैं। निचले इलाकों में और नदी के किनारों के कई हिस्सों में बाढ़ की चेतावनी भी दी गई है।

## कर्नाटक के सीएम, डिप्टी सीएम को मानहानि मामले में मिली जमानत



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को मानहानि मामले में स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट ने शनिवार को जमानत दे दी। भाजपा महासचिव केशव प्रसाद ने इनके खिलाफ मानहानि का मामला दायर कराया था। केशव प्रसाद ने याचिका में आरोप लगाया था कि कांग्रेस ने तत्कालीन भाजपा सरकार पर 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए पूरे पेज का विज्ञापन प्रकाशित कर प्रचार किया और इसे '40 प्रतिशत सरकार' करार दिया था।

# अमेरिका ने भारत के साथ रक्षा संबंधों को 'बेहद मजबूत' बताया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शनिवार को भारत से साथ बढ़ते रक्षा संबंधों को रेखांकित किया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों की कुछ साझा उपलब्धियों का जिक्र किया। सिंगापुर में शांगरी-ला वार्ता को संबोधित करते हुए ऑस्टिन ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र के समान विचारधारा वाले देशों ने अपने रिश्तों को मजबूत किया है और क्षेत्र के लोगों के लिए वास्तविक जीवन में परिणाम दिए हैं। ऑस्टिन ने जापान, फिलिपींस, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ रक्षा संबंधों का जिक्र किया। भारत के बारे में उन्होंने कहा, भारत से साथ लड़ाकू विमानों के जेट इंजन और बख्तरबंद वाहनों के सह-निर्माण में हमने ऐतिहासिक प्रगति की है। बाद में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज में सवालों के जवाब देते हुए ऑस्टिन ने क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ रक्षा संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति के बारे में बात की। भारत को फ्लाईव्हील बताते हुए उन्होंने कहा कि देश रफ्तार पकड़ेगा जिससे सभी को फायदा होगा। ऑस्टिन ने कहा, मुझे लगता है कि एक अच्छा उदाहरण भारत के साथ हमारा संबंध है जो अब तक के इतिहास में सबसे बेहतर स्तर पर है। यह बेहद मजबूत है।

# डलास में शुरू हुआ टी-20 विश्व कप निगाहें भारत-बांग्लादेश अभ्यास मैच पर




**एजेंसी। नई दिल्ली**

ट्वेंटी-20 विश्व कप की शुरूआत डलास में पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी अमेरिका और कनाडा के बीच होने वाले मैच से होगी। हालांकि, सभी की निगाहें न्यूयॉर्क पर होंगी, जहां भारत शनिवार को भारतीय समयानुसार रात 8 बजे अपना एकमात्र अभ्यास मैच खेलेगा। भले ही भारतीय टीम चैंपियनशिप के लिए अपनी एकादश को अंतिम रूप दे रही हो, लेकिन खिलाड़ियों और टीमों के बजाय आयोजकों को सबसे ज्यादा घबराहट हो रही होगी।

यह पहली बार है जब क्रिकेट विश्व कप न्यूयॉर्क में आयोजित किया जा रहा है, और भारत-बांग्लादेश मैच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के लिए एक ड्रेस रिहर्सल के रूप में काम करेगा, जिसने न्यूयॉर्क के नए आयोजन स्थल में भारी निवेश किया है। आईसीसी ने मैच के लिए 7,000 से ज्यादा टिकट बेचे हैं, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस मैच का भारत में डिज्नी स्टार और हॉटस्टार पर सीधा प्रसारण किया जाएगा।

36,000 की क्षमता वाला न्यूयॉर्क का नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम 9 जून को होने वाले भारत-पाकिस्तान के बड़े मैच सहित आठ खेलों की मेजबानी करेगा।

**भारत के नेट सत्र में केवल चार खिलाड़ी शामिल हुए**

इस बीच, भारतीय टीम ने कैंटिग पार्क में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया, लेकिन केवल चार खिलाड़ी ही इसमें शामिल हुए। टीम के एक अधिकारी ने कहा, यह एक वैकल्पिक सत्र था, इसलिए सभी की उपस्थिति अनिवार्य नहीं थी। ऋषभ पंत, रिंकू सिंह, मोहम्मद सिराज और आवेश खान ने नेट सत्र में भाग लिया, जिसमें राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में पूरा सहायक स्टाफ मौजूद था। शुक्रवार की सुबह टीम में शामिल होने वाले विराट कोहली इसमें शामिल नहीं हुए, जो भारत से उनकी लंबी उड़ान को देखते हुए समझ में आता है।

## सूर्यकुमार ने सर्जरी के बाद 14 किलो वजन किया कम, विश्व कप मे होंगे अहम

**न्यूयॉर्क :** प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से सूर्यकुमार यादव पहले से कहीं अधिक दुबले और फिट दिख रहे हैं जिसमें स्पोर्ट्स हर्निया के इलाज के बाद कठोर परिश्रम के साथ उनकी नियमित आहार योजना ने अहम भूमिका निभाई। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज यह बल्लेबाज पिछले साल दिसंबर में टखने के ऑपरेशन और स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी के कारण लगभग 4 महीने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहा था। किसी खिलाड़ी के लिए सर्जरी के बाद फिटनेस का शीर्ष स्तर हासिल करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। सूर्या बेहतर आहार योजना की मदद से 12 से 14 किलो वजन कम करने में सफल रहे। सूर्यकुमार के पोषण पर कुछ समय तक काम करने वाली आहार विशेषज्ञ श्वेता भाटिया ने कहा कि सूर्यकुमार पहले से अधिक दुबले दिख रहे हैं लेकिन उनका शरीर पहले से ज्यादा मजबूत है।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने विश्व चैंपियन जर्मनी को 3-0 से हराया

**एजेंसी। लंदन**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को एफआईएच प्रो लीग सीजन के अपने अंतिम चरण की शुरूआत जीत के साथ करते हुए विश्व चैंपियन जर्मनी को 3-0 से शिकस्त दी। इस मैच में जर्मनी को 12 पेनल्टी कॉर्नर (पीसी) मिले, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत वे एक भी गोल में नहीं बदल सका।

हरमनप्रीत सिंह (16'), सुखजीत सिंह (41') और गुरजंत सिंह (44') के गोलों की बदौलत भारत को प्रतिष्ठित लीग के अपने अंतिम चरण की सही शुरूआत करने में मदद मिली।

शुरूआती क्वार्टर में दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, भारत के लिए सुखजीत सिंह और मंदीप सिंह ने फॉरवर्ड लाइन में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुछ बेहतरीन मौके बनाए, वहीं टीम के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी और जर्मनों ने शुरूआती मिनटों में कई पीसी जीते। लेकिन श्रीजेश ने साबित कर दिया कि उन्हें भारत का श्रेष्ठ गोलकीपर क्यों कहा जाता है, गोंजालो पेइलाट की शक्तिशाली फ्लिक को उन्होंने अपने दाहिने हाथ को ऊपर उठाकर बचाया, जो भारतीय प्रशंसकों के लिए विशेष रूप से खुशी का क्षण था।




**हरमनप्रीत सिंह (16'), सुखजीत सिंह (41') और गुरजंत सिंह (44') के गोलों की बदौलत भारत को प्रतिष्ठित लीग के अपने अंतिम चरण की सही शुरूआत करने में मदद मिली**

दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पहला गोल किया। हरमन ने जर्मन कीपर अलेक्जेंडर स्टैडलर के बाईं ओर से गोल किया।

अगले कुछ मिनटों में लगा कि खेल की गति थोड़ी कम हो गई है और दोनों ही टीम बनाए गए मौकों का फायदा नहीं उठा पा रही है। हालांकि जर्मनी ने एक पीसी जीता, लेकिन खतरनाक खिलाड़ी पेइलट को श्रीजेश ने रोके रखा। भारत ने मध्यांतर तक अपनी 1-0 की बढ़त बनाए रखी। तीसरा क्वार्टर भारत के लिए अपनी बढ़त को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण था और उन्होंने ठीक वैसा ही किया। भारतीय टीम ने गेंद पर बेहतर कब्जा और तेज आक्रमण के साथ दबदबा बनाया। 41वें मिनट में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे स्ट्राइकर सुखजीत ने बाएं किनारे से गेंद प्राप्त की, सर्कल की ओर ड्रिबल किया, गेंद अभिषेक के पास पहुँच गए।

## महिला वॉलीबॉल नेशंस लीग : जापान ने चीन को हराया




**मकाऊ।** जापान ने शुक्रवार रात एफआईवीबी महिला वॉलीबॉल नेशंस लीग (वीएनएल) में चीन को 25-22, 19-25, 25-18, 25-17 से हराया। मैच के बाद ली ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, हमने पूरे खेल में अपेक्षाकृत निष्क्रिय खेल दिखाया और हमारी लय अच्छी नहीं थी। जापान की रक्षापंक्ति मजबूत थी और कई उच्च गुणवत्ता वाले बचाव भी हुए। चीन ने पहला सेट हारने के बाद दूसरा सेट जीत लिया, लेकिन जापान ने लगातार दो सेट जीतकर जीत सुनिश्चित कर ली। जापान की कप्तान सरीना कोगा ने गेम में सर्वाधिक 25 अंक बनाए, जबकि चीन की ली यिंगयिंग को 23 अंक मिले। मैच के बाद जापान ने चीन के साथ अंकों का अंतर कम कर दिया और आठवें से सातवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि चीन विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर बना रहा।

# किंग्स कप के फाइनल में हारी अल नासर, रो पड़े कप्तान रोनाल्डो



**एजेंसी। जेद्दा**

दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी टीम अल नासर के किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल के हाथों हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाए। रोनाल्डो अपनी टीम की हार के बाद जब स्टेडियम से बाहर निकले तो उनकी आंखों में आंसू थे। यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि रोनाल्डो की मौजूदगी के बावजूद अल नासर की टीम सऊदी अरब में कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीत पाई।अल हिलाल ने यह मैच पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीता। दोनों टीम अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रोनाल्डो टीम की हार के बाद निराशा में जमीन पर लेट गए और उनके साथियों ने उन्हें सांत्वना दी। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल नासर से जुड़े थे।

अल नासर को यह हार सऊदी प्रो लीग सत्र के समापन के चार दिन बाद मिली है। अल नासर प्रो लीग में अल हिलाल के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। अल हिलाल ने 14 अंकों के बड़े अंतर से अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ा था। रोनाल्डो के लिए राहत की बात यह रही कि उन्होंने प्रो लीग के इस सत्र में रिकॉर्ड 35 गोल किए।

# भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी लाइव फिडे रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंचे

- **पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद 2749 रेटिंग के साथ 11वें स्थान पर हैं**
- **आर. प्रज्ञानानंद 2748.9 रेटिंग के साथ एक स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गए**
- **20 वर्षीय अर्जुन ने पहले दो राउंड में हमवतन पेंटाला हरिकृष्णा और जर्मनी के विटाली कुनिन को हराया**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने फ्रेंच टॉप 16 क्लब चैंपियनशिप में शानदार शुरूआत के बाद शुक्रवार को लाइव फिडे रैंकिंग में शीर्ष 5 में पदार्पण किया।

वारंगल के रहने वाले 20 वर्षीय अर्जुन ने पहले दो राउंड में हमवतन पेंटाला हरिकृष्णा और जर्मनी के विटाली कुनिन को हराया। नतीजतन, उनकी लाइव रेटिंग 2767.5 है और वे दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी इयान नेपोमनियाचची से बस कुछ ही अंक पीछे हैं। डी गुकेश, जिन्होंने फिडे कैंडिडेट्स जीता और विश्व चैम्पियनशिप खिताब के लिए डिंग लिरेन को चुनौती देंगे, 2763 की रेटिंग के साथ सातवें स्थान पर खिसक गए। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद 2749 रेटिंग के साथ 11वें स्थान पर हैं, जबकि आर. प्रज्ञानानंद 2748.9 रेटिंग के साथ एक स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गए।



## भाला फेंक एथलीट डीपी मनु ने जीता स्वर्ण




**एजेंसी। ताइपे**

भारत के डीपी मनु ने शनिवार को ताइवान एथलेटिक्स ओपन 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में 81.58 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। मनु ने प्रतियोगिता की शुरूआत 78.32 मीटर के थ्रो से की और तीसरे प्रयास में इसे बेहतर करके 80.59 मीटर कर दिया। मनु इस स्पर्धा में हिस्सा ले रहे 12 प्रतियोगियों में एकमात्र विदेशी प्रतिभागी थेब । अंतिम दौर में मनु चौथे प्रयास में असफल रहे, लेकिन अगले प्रयास में 81.52 मीटर की दूरी तय की। छठे और अंतिम प्रयास में मनु ने अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 81.58 मीटर की सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल किया। चीनी ताइपे के चाओ त्सुन चेंग ने 76.21 मीटर की थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि उनके हमवतन चाओ-होंग हुआंग ने 71.24 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।

मनु ने हाल ही में भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.06 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक जीता, जबकि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने 82.27 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। मनु को अभी पेरिस ओलंपिक के लिए 85.50 मीटर का स्वतः योग्यता मार्क हासिल करना है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# बिजली की उच्च मांग को देखते हुए ऊर्जा संयंत्रों के पास पर्याप्त कोयला मौजूद : केंद्र सरकार

**विद्युत ऊर्जा संयंत्रों के पास 19 दिन तक उत्पादन जारी रखने लायक कोयला मौजूद है**

**विद्युत ऊर्जा संयंत्रों के पास 45 मीट्रिक टन से ज्यादा का कोयले का भंडार मौजूद है**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भीषण गर्मी के बीच बिजली की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए ताप विद्युत ऊर्जा संयंत्रों के पास 19 दिन तक उत्पादन जारी रखने लायक कोयला मौजूद है। कोयला मंत्रालय ने शनिवार को ये जानकारी दी।

हीट वेव के चलते पूरे उत्तर भारत में भीषण गर्मी पड़ रही है, जिसके कारण भारत में ऊर्जा की मांग अब तक के उच्चतम स्तर 250 गीगावाट पर पहुंच गई है।

ऐसे में बिजली की मांग को पूरा करने के लिए सरकार ऊर्जा संयंत्रों को निर्बाध कोयला आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। इसके कारण बिजली उत्पादन के लिए पर्याप्त कोयला ऊर्जा संयंत्रों के पास मौजूद है।

मंत्रालय ने कहा कि ताप विद्युत ऊर्जा संयंत्रों के पास 45 मीट्रिक टन से ज्यादा का कोयले का भंडार मौजूद है, जो कि पिछले साल की तुलना में 30 प्रतिशत ज्यादा है। इस कोयले की मदद से आसानी से 19 दिनों बिजली की मांग को पूरा किया जा सकता है।




**खदानों में 100 मीट्रिक टन से ज्यादा का स्टॉक उपलब्ध**

मई के महीने में ताप विद्युत ऊर्जा संयंत्रों में करीब 10,000 टन प्रति दिन की कोयले की खपत है।

कोयले के उत्पादन में सालाना आधार पर 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। खदानों में 100 मीट्रिक टन से ज्यादा का स्टॉक पड़ा हुआ है। इसके कारण ऊर्जा के उत्पादन के लिए पर्याप्त कोयला उपलब्ध है।

रेल मंत्रालय की ओर से भी रेलवे रेक्स की प्रतिदिन उपलब्धता में 9 प्रतिशत की वृद्धि सुनिश्चित की गई है। मंत्रालय ने कहा, पहले के समय में कोयला का परिवहन केवल पारादीप पोर्ट से ही किया जाता था, लेकिन सरकार की कोल लॉजिस्टिक्स पॉलिसी के तहत अब धामरा और गंगावरण पोर्ट पर भी कोयला आ रहा है।

# मोदी सरकार के प्रयासों से जीडीपी में आ रहा उछाल : वित्त मंत्री सीतारमण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत की जीडीपी वृद्धि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। यह मोदी सरकार के प्रयासों के कारण संभव हुआ है।

उन्होंने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 8.2 प्रतिशत की वृद्धि और वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए 7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि को उल्लेखनीय बताया।

वित्त मंत्री ने कहा, विनिर्माण क्षेत्र में 2023-24 में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो इस क्षेत्र के लिए मोदी सरकार के प्रयासों की सफलता को उजागर करता है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी जारी है।

उन्होंने कहा,पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत की विकास गति में और तेजी आएगी। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि सरकार द्वारा हाल ही में उठाए गए कदमों से भारत में अक्षय ऊर्जा और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में प्रगति की उम्मीद है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत निवेश में आगे और तेजी आने की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार, इन कारकों से रोजगार के नए अवसर पैदा होने, श्रम आय में सुधार और घरेलू मांग मजबूत होने की उम्मीद है।

**उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत निवेश में आगे और तेजी आने की संभावना है**




**हाल में उठाए कदमों से भारत में अक्षय ऊर्जा और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में प्रगति की उम्मीद**

# मैकेनिक नहीं खुद ही दूर कर सकते हैं कार एसी की समस्या, पैसों के साथ बचेगा समय

**नई दिल्ली।** देश के ज्यादातर हिस्से में गर्मी अपना सितम ढा रही है। लोगों का हाल इतना बेहाल है कि सूरज के कहर से बचने के लिए कई तरीके अपना रहे हैं। वहीं, अगर आप इस गर्मी के मौसम में अक्सर कार ड्राइव करते हैं तो कार में बैठते ही सबसे पहले एसी की याद आती है, मगर कई बार देखा गया है कि कई कारणों की वजह से कार का एसी अच्छी कूलिंग नहीं करता है। ऐसे में भीषण गर्मी में बिना एसी के बहुत परेशानी होती है। हालांकि, कार एसी में छोटी-मोटी दिक्कतों के लिए किसी मैकेनिक के पास जाने के बजाय आप खुद ही उसे आसानी से ठीक कर सकते हैं।

**एसी का एयर फिल्टर**

अगर आप कार से रोजाना सफर करते हैं तो हो सकता है कि कार के एसी में कुछ गंदगी भर गई हो। ऐसे में एसी के एयर फिल्टर को सही तरीके से साफ करना बेहद जरूरी है। कार एसी एयर फिल्टर को घर पर ही खोलकर चेक किया जा सकता है। अगर इसमें कुछ खराबी आई हो आप इसे खुद ही बदल सकते हैं।

**कार एसी का कूलेंट**

गर्मी में काफी लोग कार के एसी का अधिक इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में कई बार एसी का कूलेंट का स्तर कम हो जाता है। अगर कार के एसी में आपको कुछ ऐसी दिक्कत लगे तो एक बार कूलेंट को दोबारा भरवाएं। इसके बाद कार का एसी सही से काम करेगा।

**कार एसी की बेल्ट चेक करें**

इतनी भीषण गर्मी में अक्सर देखा गया है कि कार का एसी लंबे वक्त तक चलता रहता है। ऐसे में कार के एसी के कंप्रेसर में दी गई बेल्ट अपनी जगह से हट जाती है। कई बार बेल्ट टूट जाती है, ऐसे में घर पर ही कार एसी के कंप्रेसर की बेल्ट को चेक किया जा सकता है।

**कार एसी का फ्यूज**

कार के एसी को लगातार चलाने से उसकी क्षमता पर प्रभाव पड़ता है। इसके साथ गर्मी की वजह से एसी का फ्यूज कई बार खराब हो जाता है या फिर जल जाता है। ऐसे में खुद ही कार के फ्यूज बॉक्स में एसी फ्यूज को चेक कर सकते हैं। अगर फ्यूज जल गया हो तो उसे बदल दें।

# व्हाट्सएप एडमिन को मिले नए अधिकार

## होगा पहले से अधिक ताकतवर

**एजेंसी। नईदिल्ली**

व्हाट्सएप दिन पर दिन बेहतर होता जा रहा है निश्चित रूप से यह व्हाटएप यूजर्स को सशक्त करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। एक व्यक्ति के बारे में अगर विचार किया जाए कि वह अपना सबसे अधिक समय किस एप्लीकेशन पर व्यतीत करता है तो व्हाट्सएप निश्चित रूप से उसमें सबसे आगे नजर आएगा।

व्हाट्सएप का स्टेटस आज के समय प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में बहुत ही गहरा होचुका है। चाहे कोई व्यक्ति किसी भी ऐज ग्रुप का हो, चाहे किसी भी इनकम ग्रुप का हो व्हाट्सएप उसके स्मार्टफोन में आपको इंस्टॉल मिलेगा।

निश्चित रूप से व्हाट्सएप की पैरंट कंपनी मेटा इस बात को समझती है और इसीलिए व्हाट्सएप को वह दिन पर दिन बेहतर करती जा रही है। इसी कड़ी में व्हाट्सएप कम्युनिटी के लिए अब मेटा कंपनी द्वारा नया फीचर लॉन्च किया गया है जिसमें एडमिन को इस बात का राइट दिया गया है कि वह किसी भी व्हाट्सएप कम्युनिटी से ग्रुप को अगर हाइड करना चाहता है तो वह आसानी से ऐसा कर सकता है।

गौरतलब है कि व्हाट्सएप में पहले यह फीचर नहीं था और एडमिन को किसी खासग्रुप को अगर हाइड करने की बात आती थी तो वह ऐसा नहीं कर पता था। आपको बताते चलें कि व्हाट्सएप कम्युनिटी व्हाट्सएप द्वारा लांच किया गया एक बेहद लोकप्रिय फीचर बन चुका है, जिस फीचर की इस आर्टिकल में हम बात कर रहे हैं एंड्रॉयड वर्जन पर उसकी बीटा टेस्टिंग लगभग पूरी हो चुकी है।

इस फीचर में ना केवल व्हाट्सएप कम्युनिटी में स्पेसिफिक ग्रुप को हाइड करने का फीचर है बल्कि कम्युनिटी एडमिन ग्रुप चैट की विजिबिलिटी को भी कंट्रोल कर सकता है, तो कुछ खास इनवाइटेड मेंबर इन हिडेन ग्रुप चैट्स को देख भी सकते हैं अगर एडमिन अलाउ करता है तो! इस फीचर का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि कम्युनिटीज द्वारा उनके मेंबर्स को अलग-अलग ग्रुप डिस्कशन को देखने या ना देखने का ऑप्शन अवेलेबल होगा जो पूरी कम्युनिटी में बड़ा होने की बजाय स्पेसिफिक हो सकता है।

# सरकार ने कच्चे तेल पर घटाया विंडफॉल टैक्स

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स घटाकर शनिवार से 5,200 रुपये प्रति टन कर दिया। यह पहले 5,700 रुपये प्रति टन था। सरकार ने इस संबंध में शुक्रवार देर रात एक नोटिफिकेशन जारी किया। इसमें कहा गया है कि नई दर 1 जून से लागू होगी। नोटिफिकेशन में कहा गया कि कच्चे तेल के उत्पादन पर विंडफॉल टैक्स 5,700 रुपये प्रति मीट्रिक टन से घटाकर 5,200 रुपये प्रति टन करने का फैसला लिया गया है। पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन पर विंडफॉल टैक्स शून्य बना हुआ है। सरकार द्वारा हर 15 दिन में कच्चे तेल पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स की समीक्षा की जाती है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रही कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर ही विंडफॉल टैक्स को घटाया या बढ़ाया जाता है। पिछले कुछ महीनों में सरकार की ओर से कई बार विंडफॉल टैक्स में कटौती की गई है। इससे पहले 16 मई को सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 8,400 रुपये से घटाकर 5,700 रुपये प्रति टन कर दिया था। वहीं, 1 मई को इसे 9,600 रुपये से घटाकर 8,400 रुपये प्रति टन कर किया गया था। विंडफॉल टैक्स कम होने का सीधा फायदा घरेलू स्तर पर कच्चा तेल उत्पादन करने वाली कंपनियों जैसे ओएनजीसी और ऑयल इंडिया को मिलता है। कच्चे तेल की कीमत अचानक बढ़ने के कारण तेल कंपनियों को हो रहे अप्रत्याशित मुनाफे पर सरकार ने 1 जुलाई 2023 से विंडफॉल टैक्स लगाना शुरू किया था।

# चंद्रमा-मंगल पर जाना होगा आसान : मस्क

**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्पेसएक्स की मदद से आसानी से लोग भविष्य में चंद्रमा और मंगल की यात्रा कर पाएंगे। कंपनी के सीईओ एलन मस्क की ओर से शनिवार को ये बयान दिया गया है। मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि समय के साथ स्पेस एक्स ऐसी क्षमता विकसित कर लेगा जिसकी मदद से आसानी से कोई भी व्यक्ति मंगल और चंद्रमा की यात्रा कर सकता है। टेक कारोबारी की ओर से आगे कहा गया कि इस वर्ष मुझे उम्मीद है कि स्पेसएक्स पृथ्वी के पूरे पेलोड का 90 प्रतिशत लो-अर्थ ऑर्बिट में ले जाएगा। मौजूदा समय में स्पेसएक्स के रॉकेट फाल्कन को करीब 80 प्रतिशत तक दोबारा से उपयोग किया जा सकता है। कंपनी के सबसे बड़े रॉकेट 'स्टारशिप' को दोबारा से 100 प्रतिशत उपयोग किया जा सकता है। उनकी ओर से आगे कहा गया कि 2026 में आर्टेमिस 3 मिशन के तहत स्टारशिप से अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजा जाएगा।




इस स्पेस वाहन की अभी तक तीन से ज्यादा टेस्ट फ्लाइट हो चुकी है और चौथी भी जल्दी होने की संभावना है। कंपनी का कहना है कि जैसे ही नियामकों से अनुमति मिल जाती है। 5 जून को हम चौथी टेस्ट फ्लाइट को लॉन्च कर देंगे। स्टारशिप की तीसरी टेस्ट फ्लाइट से दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले रॉकेट को लेकर विश्वसनीयता काफी बढ़ी है। कंपनी ने आगे बताया कि चौथी टेस्ट फ्लाइट में हमारा फोकस ऑर्बिट में जाकर वापस आने से हटकर स्टारशिप और सुपर हेवी को वापस लौटने और दोबारा उपयोग करने की क्षमता का प्रदर्शन करने पर होगा।

## एक नजर

### लू लगने से महिला की हुई मौत

**हरिहरगंज।** प्रखंड के ढाब कला गांव निवासी रामराज राम के 52 वर्षीय पत्नी शिला देवी की लू लगने से शनिवार की मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि बीते शुक्रवार को बकरी चराने के दौरान उसे लू लग गयी थी। लू की चपेट मे आने के बाद उसे बचाने के लिए परिवार वालों ने निजी चिकित्सकों से ईलाज करवाया गया था। बाबजूद इसके उसे नहीं बचाया जा सका। मृतका की असामयिक मौत से आहत चार बेटियों समेत दो पुत्रों का हाल रो-रोकर बुरा है। उसकी असामयिक मौत पर वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू प्रमंडल, जिला इकाई के तमाम पदाधिकारियों के अलावे सेमरबार पंचायत के पंसस वासुदेव राम, मुखिया जितेंद्र पासवान सहित कई लोगों ने गहरा दुःख जताया है।

### पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पथरा ओपी पुलिस ने खड़गपुर गांव के भुइयां टोली से एक अवैध रूप से बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस संबंध में ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि, एक महिंद्रा ट्रैक्टर पर बटाने नदी से अवैध तरीके से बालू निकाल कर ले जाया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बिना नंबर के महिंद्रा ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। हालांकि ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखकर फरार हो गया। वही पुलिस ने बालू लदे वाहन को पथरा ओपी लाई है। उन्होंने बताया कि उक्त ट्रैक्टर मझिगांवा गांव का है। ट्रैक्टर के मालिक व चालक का पता लगाया जा रहा है। वही जब्त ट्रैक्टर पर करवाई हेतू आवेदन जिला खनन पदाधिकारी को प्रतिवेदन भेजा गया है। इस अभियान में कई पुलिस बल शामिल थे।

### वन विभाग ने 6 बोरी अवैध बीड़ी पत्ता जप्त किया

**बरवाडीह।** वन विभाग द्वारा अवैध बीड़ी पत्ता कारोबारी पर अंकुश लगाने के लिए नियमित छापामारी किया जा रहा है।इस क्रम में शनिवार सुबह वनों के क्षेत्र पदाधिकारी अजय टोप्पो को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वनों के क्षेत्र पदाधिकारी के निर्देश पर वनपाल रजनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतिबंध सुरक्षित वन क्षेत्र छेंचा पंचायत के महुआडामर हीरोलोंग जंगल में अवैध बीड़ी पत्ता संग्रह कर 6 बोरे में भर कर डाल्टनगंज क्षेत्र में ले जाने की तैयारी किया जा रहा था। वनपाल रजनीश कुमार ने अवैध बीड़ी पत्ता जप्त कर लिया जबकि अवैध बीड़ी पत्ता तस्कर भागने में कामयाब रहे। जप्त किए गए बीड़ी पत्ता को बरवाडीह वन विभाग परिसर में रखा गया है। वही इस संबंध में वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक करवाई किया जा रहा है।

# पलामू में वोटों की गिनती का प्रशिक्षण सम्पन्न, मतगणना चार जून को



**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशि रंजन के आदेशानुसार विधिवत व निष्पक्ष मतगणना के लिए गिरिवर प्लस 2 उच्च विद्यालय में 690 मतगणनाकर्मियों को त्रुटि रहित मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत मतगणना सहायक, मतगणना पर्यवेक्षक एवं सूक्ष्म प्रेक्षकों को उनके कार्यों के अनुरूप गणना एवं प्रपत्र संधारण के तरीके बताये गये। सदर डीसीएलआर प्यारेलाल व छतरपुर डीसीएलआर विजय कुमार केरकेट्टा ने प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अमरेन्द्र पाठक व अशोक सिंह, रामलखन राम, सौरव कुमार सिन्हा, सौरभ सिंह व दिनेश चंद्र राम ने मतगणना प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया तथा गणना के क्रम में आने वाली कठिनाईओं का निस्तारण निर्वाचन आयोग के नियम के परिप्रेक्ष्य में करने की जानकारी दी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर आलोक कुमार तिवारी, रामप्रवेश शर्मा, क्यूम अंसारी, श्यामलाल उरांव, सुनील कुमार उपाध्याय, चन्द्रशेखर शुक्ला, नसीम अहमद,आलोक कुमार, ब्रजेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, सत्येन्द्र विश्वकर्मा, शशिभूषण सिंह, नीरज कुमार पाण्डेय, आनंद मोहन सिंह, संजय कुमार पाण्डेय, सुरेन्द्र कुमार, रामानंद चौधरी, जैनेन्द्र कुमार पाण्डेय, विजेन्द्र कुमार, अभय द्विवेदी, राम वचन कुमार, सरोज कुमार आजाद, विष्णुदेव महतो व अशोक कुमार के द्वारा पीबी, सीयू, वीवीपीएटी स्लिप के मत सहित मतगणना प्रत्येक पहलुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण की सफलता के लिए विमलेश विश्वकर्मा, उपेन्द्र राम, सुधीर कुमार, अजित कुमार एवं संजय कुमार सक्रिय रहे।

## पुलिस ने चार ट्रक अवैध कोयला के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** रात्रि गश्ती के दौरान सतबरवा पुलिस ने अवैध कोयला लदा लेकर जा रहे चार ट्रक कोयला के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक व्यक्ति को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान भुसडिया गांव से पिस्तौल के साथ एक को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेंज दिया है। इस बात की जानकारी सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस करके दी। थाना प्रभारी ने बताया कि एन एच 39 रांची - मेदिनीनगर मुख्य मार्ग रजडेरवा गांव के पास से सतबरवा पुलिस ने चार ट्रक अवैध कोयला लदा जे एच 02 बी पी 9366, जे एच 19 ए 5244, जे एच 19 बी 1922,जे एच 10 सी डी 8784 को जप्त किया गया। जिसमें चार चालक,एक खलासी शामिल हैं,जिनका नाम विश्वनाथ सिंह पिता स्व. प्रसाद सिंह, सुदर्शन राम पिता स्व. सुखलाल राम, मंटू कुमार पिता लखन यादव, प्रयाग कुमार महतो पिता करम महतो, रंजीत कुमार पिता



खिरोधर साव का नाम शामिल है। कोयला आम्रपाली कोलियरी से लेकर यूपी जा रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार को भुसडिया में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन लोग आ रहे थे । पुलिस को देख कर दो लोग अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकले, जबकि एक को धर दबोचा जिसके पास से एक पिस्तौल, एक मोबाइल व बिना नंबर के एक मोटरसाइकिल जब्त किया गया। पकडे गये युवक का नाम विकास कुमार यादव पिता आलोक कुमार यादव ग्राम बरसौता , पाटन का रहने वाला है। सभी छह लोगों को सतबरवा पुलिस ने शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेंज दिया।

## बढ़ते टेंपरेचर व ओवरलोडिंग की वजह से ट्रांसफॉर्मर पर लोड़ पड़ने से खराब हो रहे

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

बढ़ते तापमान से बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर अधिक संख्या में उड़ रहा है। बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता शंभू नाथ चौधरी ने बताया कि प्रतिदिन चार से पांच ट्रांसफार्मर बढ़ते तापमान और बिजली की ओवरलोडिंग से खराब हो जा रहा है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि इसी 31 मई को पांच ट्रांसफार्मर बदलने पड़ा क्योंकि यह पास ट्रांसफार्मर जल गया थी। इस बदले गए पास ट्रांसफार्मर में पांकी, विश्रामपुर शामिल है। ट्रांसफार्मर मोरम्मती केंद्र पर लगातार काम किया जा रहा है। बिजली कर्मी रात दिन लगे हैं जले हुई ट्रांसफार्मर को ठीक करने में। 25 केवी से लेकर 200 केवी तक के ट्रांसफार्मर जल रहा है। यह जानकारी दी कार्यपालक अभियंता शंभू नाथ चौधरी ने। इसी तरह से बिजली के फ्यूज उड़ रहा है। यह गर्मी और ज्यादा बिजली की खपत के कारण है। एक 100




केवी के ट्रांसफार्मर से कम से कम 40 घरों में बिजली के कनेक्शन रहता है। यदि केवल जला तो यह 40 घर में बिजली नहीं रहता है इस गर्मी में बिना बिजली के क्या हालत हो जाएगा ये समझा जा सकता है। कार्यपालक अभियंता ने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि बिजली की सप्लाई ठीक रहे। उन्होंने माना कि यदि रात में ट्रांसफार्मर, केबल या फ्यूज उड़ा तो इस को ठीक करने में कुछ ज्यादा समय लग जा रहा है। पर दिन में इस समस्या को तेजी से ठीक करने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। कार्यपालक अभियंता शंभू नाथ चौधरी ने आगे बताया कि हम बिजली के सब स्टेशन पर पानी के टंकी से अर्थिंग को नमी देने के काम कर रहे हैं। अर्थिंग की मिट्टी सूख गई है उसमें नवमी लाने के लिए टैंकर के पानी डाला जा रहे हैं। कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी ने ये भी कहा कि बोरा को पानी से पूरी तरह भीगा कर बिजली उपकरण पर रखा जा रहा है ताकि बिजली के यह उपकरण गर्मी और लोड से खराब ना हो जाए। बिजली विभाग के प्रयास है कि बिजली लगातार मिलती रहे। इस समय डाल्टनगंज विद्युत प्रमंडल को 65 से 70 मेगा वाट बिजली सुदना पावर सबस्टेशन से दिन मिल रहा है।

## आचार्य कुल्लम के बच्चों ने योगाभ्यास कराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पतंजलि योगपीठ द्वारा संचालित आचार्य कुल्लम हरिद्वार की छात्रा यति यशवी एवं यथार्थ शाह ने शहर के होटल द कार्निवल में योगाभ्यास शिविर लगाया। सुश्री यशवी ने कहा कि स्वस्थ तन और मन के लिए योग करना आवश्यक है। सुश्री यशवी ने आचार्य रामदेव महाराज का संदेशों को उपस्थित लोगों तक पहुंचाते हुए कहा कि गर्मी की छुट्टी में वे दोनों भाई-बहन अपने ननिहाल आए हैं। स्वामी जी के निदेर्शानुसार वे लोगों में योग के प्रति उत्साह का संचार कर रहे हैं। पतंजलि जिला प्रभारी सुनीता गुप्ता ने इन दोनों बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि गर्मी की छुट्टी का यह बच्चे सदुपयोग तो कर ही रहे हैं। यहां के लोगों के बीच में योग के प्रति उत्साह बढ़ा रहे हैं। मालूम हो यति यशवी आचार्य कुल्लम हरिद्वार में आठवीं की छात्रा है, जबकि उनका भाई यथार्थ शाह छठे क्लास के छात्र है। दोनों बच्चों ने एक से बढ़कर एक मंत्रोचारण करके लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया एवं योग के अनगिनत फायदे से अवगत कराया ।तीन दिवसीय इस योग शिविर की शुभारंभ वयोवृद्ध समाज सेवी और होटल कार्निवल के प्रोपराइटर शंभू शरण प्रसाद ने दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से पतंजलि की जिला इकाई की कोषाध्यक्ष कमला गुप्ता, पत्रकार बद्री प्रसाद, समाजसेवी राजू रंजन प्रसाद, वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार ,नवीन कुमार गुप्ता, मीना देवी, रेखा देवी, अवनीश शाह, पम्मी गुप्ता,नवीन शाह ,विकास रंजन, वैदेही रंजन, सतीश साहू, विजेता गुप्ता, डॉ मोना रंजन, अमूल्या रंजन, भोला शाह, वेदांश रंजन, छोटू गुप्ता समेत बड़ी संख्या में बच्चों एवं उनके अभिवावकों ने भाग लिया। मालूम हो तीन दिवसीय निःशुल्क शिविर होटल द कार्निवल जुबली रोड में सुबह तक आयोजित है।

## सिर्फ चार घंटे बिजली, ग्रामीणों ने शास्त्री चौक को पांच घंटे जाम किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ / लातेहार।** बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर महुआडांड़ प्रखंड के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने गुरुवार को मुख्य बाजार स्थित शास्त्री चौक के समीप लगभग पांच घंटे तक जाम किया। इस दौरान सड़क के चारों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम हटाने के प्रयास को लेकर सीआई गौतम कुमार जामस्थल पर पहुंचे और लोगों को समझने का प्रयास किया। लेकिन जनप्रतिनिधि व ग्रामीण नहीं मानें। इसके बाद महुआडांड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग जामस्थल पर पहुंचकर समझने का प्रयास किया। करीब एक घंटे के प्रयास के बाद जाम हटाया जा सका। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आश्वासन दिया लोगों की मांग को डीसी तक पहुंचाया जायेगा। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होता है, तो दो जून को फिर से अपनी मांगों को लेकर धरना में बैठेंगे। ग्रामीणों ने एक ज्ञापन भी प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, प्रदेश प्रतिनिधि स्तेखार अहमद, मुखिया रेणू तिग्गा, प्रमिला मिंज, रौशनी कुजूर, उषा खलखो, रिता खलखो, अजीत पाल कुजूर, पवन कुमार, संदीप कुमार, सुरज कुमार, रोहित सोनी, निरंजन जायसवाल समेत काफी संख्या में महुआडांड़ के ग्रामीण शामिल थे।



### चार घंटे ही मिलती है बिजली

इन दिनों गर्मी चरम पर है। बिजली विभाग के लापरवाही के कारण बिजली का आंख मिचौली जारी है। महुआडांड़ में 24 घंटा में चार घंटा भी सही से बिजली नहीं मिलता है। बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को इस गर्मी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जब इस बात को लेकर बिजली कर्मियों एवं अधिकारियों से बात की तो वह लोड शेडिंग कह देते हैं। इन कारणों से ग्रामीण नाराज हैं।

## पर्यावरण संरक्षण पहले जरूरी वरना अध्ययन रह जाएगी अधूरीः अविनाश देव

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

प्रकृति के गोद में विराजमान पर्वत - पहाड़, नदी- झरना, पेड़ - पौधे सब कुछ हमें सिर्फ जीवन जीने की कला ही नहीं सिखाती बल्कि यह सब हमारे जीवन के जड़ है और प्रकृति के द्वारा दिया हुआ इन्हीं सब बहुमूल्य रत्नों का सदुपयोग से हम स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन का निर्वहन करते हैं, लेकिन जब मनुष्य स्वार्थ के खातिर जब पर्यावरण से खिलवाड़ करने लग जाता है तो प्रकृति अपना विकराल रूप धारण करती है, जिसके काल के गाल में समाने से हमे कोई नहीं बचा सकता और बचाएगा भी कौन क्योंकि धरती पर तमाम साइंस, तकनीक व धार्मिक मान्यताएं का प्रणेता ही प्रकृति है। विदित हो की बीते कुछ दिनों से पृथ्वी पर बढ़ती तापमान को लेकर कई देशों में त्राहिमाम मचा हुआ है, कई जगहों पर तो हाई अलर्ट कर दिया गया है, उन्हें घर से निकलने की हिदायत की जा रही है जो की इन्हीं लिस्ट में मौजूद तापमान का पारा पलामू में भी पांव पसार चुका है, जिस



पहल को लेकर संत मरियम आवासीय विद्यालय में अभिभावकों और छात्रों के बीच हजारों निशुल्क पौधा का वितरण किया गया ।हालांकि संत मरियम कई वर्षों से निशुल्क पौधा वितरण का मुहिम चलाता रहा है लेकिन जब तक जन-जन के जहन में यह बात समझ में नहीं आएगी की पौधा कितना आवश्यक है हमारे जीवन के लिए तब तक यह मुहिम सार्थक साबित नहीं होगी ।संत मरियम स्कूल प्रबंधन का प्रयास है की जन-जन तक के जहन में पर्यावरण संरक्षण के लहर उमड़े ताकि हम जनजीवन को स्वच्छ एवं सुरक्षित बना सके। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने पौधों का वितरण करते हुए कहा की ग्लोबल वार्मिंग यानी वैश्विक ताप का असर हमारे राज्य झारखंड में मई माह के आखरी में दिखा। विभिन्न स्त्रोतों से जो आंकड़ा उपलब्ध है उसमें वैश्विक ताप का मुख्य कारण है आधारभूत संरचना के निर्माण में कटते पेड़ उजड़ते जंगल। देश में विकास के नाम पर जो राष्ट्रीय राजमार्ग बन रहे हैं पहाड़ काट कर बड़े बड़े जो सुरंग बनाए जा रहे हैं इसके लिए बड़े पैमाने पर पेड़ काटे जा रहे हैं जंगल उजाड़े जा रहे हैं जिसका सीधा प्रभाव मौसम और पर्यावरण पर पड़ रहा है। इसका नतीजा है समय पर मॉनसून नहीं आ रहा है। पेड़ लगाने के नाम पर खानापूर्ति किया जा रहा है। आज पलामू जिले का हाल है कि आसमान से आग बरस रहा है 47 साल का रिकार्ड तोड दिया। इन विकट परिस्थितियों के मद्दे नजर संत मरियम विद्यालय परिवार व प्रबंधन ने ताप शोधक पौधा वितरण का ठोस निर्णय लिया है,जिसमें एक हजार कटहल का पौधा वितरण का लक्ष्य है। पर्यावरण संतुलन तथा धरती को हरा-भरा बनाए रखने के संकल्प सहित हजारो पौधों का निशुल्क वितरण किया। क्योंकि वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न अंग है यदि वृक्ष नहीं तो मानव जीवन की कल्पना असंभव है। अर्थात पर्यावरण असंतुलन की समस्या पर काबू पाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने की आवश्यकता है।

### पानी के लिए भटक रहे हिरण की सड़क दुर्घटना मे मौत

**नौड़ीहा बाजार।** प्रखंड के खालो की पान की दुकान के समीप अहले सुबह करीब 4 बजे सड़क हादसे मे हिरण की मौत हो गई। हिरण की मौत की स्थानीय थाना नौड़ीहा की ग्रामीणों के द्वारा सूचना दी गई। इसके बाद आनन फानन मे वन विभाग की अधिकारी ने घटना स्थल पर पहुंचकर घटना के बारे मे जानकारी लिया। आगे बताते चलें कि पलामू जिले की पूरे क्षेत्र ड्राई जोन है और पानी के लिए जानवर और आदमी दोनों पानी के लिए भटक रहे है। जिसका मुख्य कारण कि छतरपुर - नौड़ीहा बाजार मे अंधाधुन वन की कटाईं और अधिक पहाड़ की विनाश हो रहा है। वन रक्षक राहुल कुमार ने बताया कि मृतक हिरण की शव मे कुत्ता कटाने की निशान है इससे प्रतीत होता है कि पानी के लिए भटक रहे हिरण ने भागे भागे जंगल छोड़ कर गाँव की ओर निकल पड़े और जिसके वजह से जंगली जानवर सड़क हादसे की शिकार वन रहे।

## न्यूज बॉक्स

### पलामू प्रमंडल मे हिट बेव का कहर जारी, जिला प्रशासन मुकदर्शक : सतीश कुमार

**पलामू ।** पलामू प्रमंडल मे हिट बेव जारी है तापमान में कोई गिरावट नहीं है। जानवर तो जानवर मनुष्य को जिना मुहाल हो गया है। जल का सभी श्रोत सुख गय हैं, और ये कोई नया नहीं है हर बर्ष पलामू को अकाल सुखाड का अभिशाप मिल गया है। हर सुखाड मे राजनीतिक दलों का चिल्लाहट और प्रशासन का झुठा घोषणा आम जन को अगली बर्ष के लिए इन्तजार करने के लिए विवश कर देता है। गढवा पलामू में सैकड़ों चमगादड़ की हिट वेव से मौत एक बडी घटनाओं की ओर इशारा कर रहा है। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में वन कटाई, पहाड़ चट्टान को खनन कर अवैध कमाई का जरिया बनाने व अंधाधुंध बालू का अबैध उठाव नदी नाले के अस्तित्व से खेलवाड कर पर्यावरण को खतरा मे डाला गया है। अगर कोयल नदी और अमानत नदी को दो दो जगह पर बांध बना कर जल का संरक्षण किया जाता तो पानी का संकट पैदा नहीं होता। मगर ये काम सरकार नही करेगी पानी टैंकर से सप्लाई से अवैध कमाई पर रोक लग जाएगी। अनियमित बिजली आपूर्ति भी मनुष्य को जीना मुहाल कर दिया है। प्रशासनिक पदाधिकारी व चिकित्सा पदाधिकारी केवल उपदेश देकर बरसात का इन्तजार कर रहे है। वैकल्पिक व्यवस्था कुछ भी नहीं कर रहे हैं। हिट वेव से मौत का तांडव शुरू हो गया है। आजसू पार्टी चेतावनी दे रही है समय रहते व्यवस्था करे नही तो खमियाजा भुगतने के लिए प्रशासन तैयार रहे।



सतीश कुमार

## पेज एक के शेष

### दुमका, राजमहल व गोड्डा में 68.32 प्रतिशत मतदान

वह शनिवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर के साथ संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर रहे थे। एवी होमकर ने कहा कि तीनों संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के कुल 6 जिलों में निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान संपन्न कराने के लिए 40 हजार सुरक्षा बलों को लगाया गया था। पश्चिम बंगाल और बिहार से समन्वय बनाकर राज्य की सीमा से जुड़े इलाके में सघन अभियान चलाया गया। कुल 49 लोकेशन पर सीमा को सील किया गया था। उन्होंने बताया कि कुल 6258 बूथों में से 130 बूथ क्षेत्र नक्सली प्रभाव के रूप में चिह्नित थे। हालांकि, वर्तमान में वहां नक्सली गतिविधि नगण्य थी। फिर भी किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किये गये थे।

**समाप्त हुआ लोकसभा का महापर्व, 4 को आएंगे नतीजे :** जिन 57 सीटों पर मतदान हुआ, वहां कुल 10.06 करोड़ से अधिक मतदाता थे। चुनाव आयोग के मुताबिक, इन 10.06 करोड़ से अधिक मतदाताओं में लगभग 5.24 करोड़ पुरुष, 4.82 करोड़ महिला और 3574 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल थे। सातवें चरण के मतदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से उम्मीदवार थे। हिमाचल की मंडी सीट से भाजपा ने अभिनेत्री कंगना रनौत को उम्मीदवार बनाया। मंडी सीट पर इस चुनाव में कंगना को कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह ने मुकाबला दिया। पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी के भतीजे व टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी भी अंतिम दौर में उम्मीदवार थे। पंजाब में कांग्रेस उम्मीदवार व पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी चुनाव लड़ रहे थे। यहां सभी 13 संसदीय सीटों पर मतदान हुआ। बिहार में भोजपुरी कलाकार पवन सिंह, ऊर्जा मंत्री आरके सिंह, पंकज चौधरी, यूपी के मिजार्पुर से अनुप्रिया पटेल, चंदौली से महेंद्रनाथ पांडेय व हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर से अनुराग ठाकुर सातवें चरण में मैदान में थे। इस अंतिम चरण में 8 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश से 904 उम्मीदवार मैदान में थे। मतदान पूरा होने के बाद अब 4 जून को वोटों की गिनती होगी। सातवें एवं आखिरी चरण में बिहार की 8 सीटों पर लोकसभा चुनाव हुआ। चंडीगढ़ की 1 सीट पर, हिमाचल प्रदेश की चारों संसदीय सीटों पर लोकसभा का चुनाव संपन्न हुआ। इसके अलावा झारखंड की 3 सीटों पर, ओडिशा की 6 सीटों पर व पंजाब की सभी सीटों पर भी मतदान हुआ। उत्तर प्रदेश की 13 और पश्चिम बंगाल की 9 सीटों पर भी अंतिम व सातवें चरण में मतदान हुआ है। चुनाव आयोग के मुताबिक, पिछले दो चरणों में, महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत पुरुष मतदाताओं से अधिक रहा।

### नीलांचल एक्स. पर बिजली का तार गिरा, दो यात्री गंभीर

और रामशंकर की हालत स्थिर है। वहीं सूत्रों की मानें तो राहुल कुमार की मौत हो गई है। हादसे में कई अन्य लोगों के घायल होने की खबर है, परंतु रेलवे अधिकारियों ने किसी अन्य के घायल होने अथवा मरने की बात का खंडन किया है। रेल अधिकारियों की मानें तो ट्रेन परिचालन के लिए सभी रेल पटरी के ऊपर ओवरहेड वायर (ओएचई) रहता है, जिसमें 33 हजार वोल्ट की बिजली प्रवाहित होती है। प्रथम दृष्टता यह अनुमान लगाया जा रहा है कि ओवरहेड तार पेंटो के उलझने से बहुत बड़ी चिंगारी निकली और गेट पर सफर कर रहे दोनों यात्रियों को जा लगी। घटना के बाद सेक्शन में दो घंटे ट्रेन रूकी रही।

### इंडी गठबंधन को मिलेगी 295 से अधिक सीट : खरगे

वे जो नैरेटिव देने की कोशिश कर रहे हैं, हम उसे लेकर सच्चाई लोगों को बताना चाहते हैं। इसके साथ ही गठबंधन के कार्यकताओं को चुनाव और मतदान से जुड़े मुद्दों पर सतर्कता रखने के निर्देश दिए गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि यह जनता का सर्वे है। हमने अपने सभी सहयोगी दलों से पूछने के बाद यह जानकारी साझा की है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि इंडिया गठबंधन की एकता बरकरार रहेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज कई प्रकार के एग्जिट पोल आएंगे। लेकिन, जनता को सच्चाई बताना हमारा काम है। जनता का सर्वे हमारे पास है, सरकारी सर्वे उनके पास है। इसके साथ ही उन्होंने अपने कार्यकताओं को निर्देश दिया कि मतगणना के दिन गिनती पूरी होने तक मतगणना केंद्र नहीं छोड़ना है।कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वे इलेक्शन कमीशन के पास भी जाएंगे और अपनी बात रखेंगे। इलेक्शन कमीशन से 2 जून का समय मांगा गया है। इस दौरान कमिश्नर से प्रार्थना की जाएगी, सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। बैठक में इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न दलों ने चुनाव उपरांत की संयुक्त रणनीति पर चर्चा की। कांग्रेस ने कहा है कि बैठक में गठबंधन के सभी वरिष्ठ नेता शामिल रहे। इस बैठक में यह भी चर्चा की गई कि मतगणना के दौरान क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। इस बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, शरद पवार, रामगोपाल यादव, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, चंपई सोरेन, अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान, डी. राजा, सीताराम येचुरी, कल्पना सोरेन और गठबंधन के कई सहयोगी शामिल रहे।

### टीएसपीसी के नाम पर लेवी लेने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

को हथियार के बल पर डरा-धमका कर क्षेत्र में लेवी की वसूली करने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना के बाद रंका एसडीपीओ रोहित रंजन के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार वदीर्धारी हथियार बंद लोगों को हथियार के साथ पकड़ा। उनकी निशानदेही पर अन्य दो लोगों को पकड़ा गया। गिरफ्तार अपराधी नन्हकू चौधरी के खिलाफ गढ़वा, चिनियां, चैनपुर और मांडर थाने में कुल नौ मामले पूर्व से दर्ज हैं जबकि आंनद सिंह पर मेराल और मझिगांव थाने में दो मामले दर्ज हैं।






# वोटरों के उत्साह और उमंग के आगे मौसम की दुश्वारियां हुईं छू मंतर



लोकसभा चुनाव के मतदान का महापर्व शनिवार 1 जून को संपन्न हो गया, सातवें व आखिरी चरण के लिए आठ राज्यों व केंद्रशासित प्रदेश के 57 सीटों पर शनिवार को मतदान हुआ। तीखी गर्मी के बावजूद सुबह से ही विभिन्न मतदान केंद्रों पर वोटरों की लंबी लाइन देखी गई। इस चरण में वाराणसी पर सबकी नजर थी। वहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार भाजपा के प्रत्याशी हैं। वाराणसी की बूथों पर सुबह से लोगों की लंबी कतार देखी गई। खासकर युवाओं में वोट डालने को लेकर विशेष उत्साह दिखा। वहीं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में अपना वोट डाला। अभिनेत्री और भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने मंडी के सरकाघाट में अपना वोट डाला। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर अपने परिवार के साथ हमीरपुर के समीरपुर में अपना वोट डाला। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के एक बूथ पर मतदान किया। इसके साथ ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार, प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कोलकाता में वोट डाला। अपना दल (सोनेलाल) की नेता अनुप्रिया पटेल, मिजार्पुर में भाजपा नेता रवि किशन ने गोरखपुर में वोट डाला। इसके साथ शत्रुघ्न सिन्हा , अभिनेता आयुष्मान खुराना , नुसरत जहां , कोयल मल्लिक ने भी अपने वोट डाले।

| | |
|---|---|
| झारखंड : | 60.14 प्रतिशत |
| बिहार : | 42.95 प्रतिशत |
| चंडीगढ़ : | 52.61 प्रतिशत |
| हिमाचल प्रदेश : | 58.41 प्रतिशत |
| ओडिशा : | 49.77 प्रतिशत |
| पंजाब : | 46.38 प्रतिशत |
| उत्तर प्रदेश : | 46.83 प्रतिशत |
| प. बंगाल : | 58.46 प्रतिशत |

















KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट











Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com